RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 53
नई दिल्ली, सोमवार, 28 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




दूसरे दिन भी टीम इंडिया का कमाल
स्पोर्ट्स-10

# ब्रिटेन से वापस आए सैकड़ों यात्रियों का अता-पता नहीं

- पता और फोन नंबर गलत देने के कारण ढूंढने में आ रही दिक्कत
- तेलंगाना में 279 कर्नाटक में 151 और गुरुग्राम में 15 यात्रियों के बारे में कोई जानकारी नहीं

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**नए** कोविड स्ट्रेन को लेकर सरकार के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। हाल ही में ब्रिटेन से लौटे सैकड़ों लोगों का कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्होंने अपने घर का पता और फोन नंबर गलत दर्ज कराया है। राज्य प्रशासन द्वारा खोजबीन के दौरान यात्रियों के फोन नंबर या तो बंद हैं या ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं।

कई मामलों में उनके पते भी गलत साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि इंग्लैंड से आए तेलंगाना के 279, कर्नाटक के 151 और गुरुग्राम के 15 लोगों से संपर्क नहीं हो पाया है। इस बीच, इंग्लैंड से लौटे 22 और यात्रियों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इनमें 16 महाराष्ट्र, दो दिल्ली, दो तेलंगाना और एक-एक मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से हैं। पब्लिक हेल्थ निदेशक जी श्रीनिवास राव के अनुसार, 9 दिसंबर के बाद 1,216 लोग यूनाइटेड किंगडम से तेलंगाना पहुंचे हैं। इनमें से 937 की पहचान हो गई है और उनका कोविड-19 टेस्ट करा लिया गया है, लेकिन 279 यात्रियों का अभी भी पता नहीं चल पा रहा है। इसी तरह कर्नाटक सरकार भी 151 यात्रियों का पता लगाने की पूरी कोषिषों में जुटी है, लेकिन दिक्कत वही है कि या तो फोन नंबर गलत दिया गया है या घर का पता सही नहीं है। गुरुग्राम में पिछले दो हफ्तों में यूनाइटेड किंगडम से आए लोगों में कम से कम 15 तक प्रशासन की पहुंच नहीं हो पाई जबकि सात यात्रियों ने कोविड टेस्ट कराने से


प्रतिकात्मक फोटो

इनकार कर दिया है। उत्तर प्रदेश में ब्रिटेन से लौटा एक यात्री लापता हो गया है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक महीने में यूके से पंजाब जाने वाले 1,822 यात्री दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इसके अलावा 25 नवंबर के बाद पंजाब और अन्य जगहों पर जाने के लिए 1,604 यात्री श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। इस तरह कुल 3,426 यात्रियों में से लगभग 2,500 अभी भी पंजाब में हैं। महाराष्ट्र में यूनाइटेड किंगडम से आए लोगों में 16 आरटी पीसीआर टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। तेलंगाना में भी दो तथा मध्य प्रदेश के जालोर में एक यात्री कोरोना पॉजिटिव आया है। हाल ही में बरेली में यूएस और यूके से लौटे मर्चेंट नेवी के कप्तान भी कोरोना पॉजिटिव आए हैं। दिल्ली में डोर टू डोर जांच अभियान में ब्रिटेन से लौटे दो और लोग संक्रमित पाए गए हैं। इसके साथ ही राजधानी में ब्रिटेन से लौटने के बाद पॉजिटिव मिले लोगों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। ये सभी नवंबर में वापस आए हैं।

## कोविड-19 के मरीजों की संख्या घटकर 2.78 लाख हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या रविवार को घटकर 2.78 लाख रह गई जो पिछले 170 दिन में सबसे कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में निरंतर गिरावट आ रही है। इसने कहा, भारत में उपचाराधीन मामले कुल मामलों का महज 2.74 प्रतिशत हैं। मंत्रालय ने कहा कि अब तक कुल 97,61,53 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं तथा ठीक हो चुके एवं उपचाराधीन मरीजों के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है और यह 95 लाख के करीब पहुंच चुका है। फिलहाल यह आंकड़ा 94,82,848 का है। इसने कहा कि स्वस्थ हो रहे मरीजों की संख्या सामने आ रहे नए मरीजों से अधिक है तथा इससे स्वस्थ होने (शेष पेज 9)

# संकट से सबक सीख हमने अपनी क्षमताओं का किया विकास: मोदी

- देशवासी नए साल में भारत में बने उत्पादों के इस्तेमाल का ले संकल्प
- एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक से देश को मुक्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई

मन की बात



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 72वें और इस वर्ष के अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के अंतिम संस्करण 'मन की बात' में कहा कि लोग 'हर आपदा में नया सबक' लेते हैं और कोरोना वायरस महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया में सप्लाई चेन बाधित हो गई तो हम 'आत्मनिर्भरता' की ओर बढ़े। पीएम ने देशों में शेरों, बाघों और तेंदुओं आबादी में बढ़ोतरी की 'दिलचस्प खबर' भी साझा की।

मोदी ने देशवासियों से अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाले विदेश में निर्मित वस्तुओं के विकल्प के रूप में मौजूद भारतीय उत्पादों को अपनाने की अपील की और कहा कि उन्हें देश के लिए इसे नव वर्ष के संकल्प के तौर पर लेना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने निर्माताओं तथा उद्योग जगत से विश्वस्तरीय उत्पाद बनाना सुनिश्चित कर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में मजबूत कदम आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया। 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को लेकर नागरिकों के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल आज घर-घर में गूंज रहा है। ऐसे में अब यह सुनिश्चित करने का समय है कि हमारे उत्पाद विश्वस्तरीय हों।

उन्होंने कहा कि लोग अब भारत में बने उत्पादों की मांग कर रहे हैं और यहां तक कि दुकानदार भी भारत में बने उत्पादों को बेचने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों की सोच में कितना बड़ा परिवर्तन आ रहा है और वह भी एक साल के भीतर-भीतर। इस परिवर्तन को आंकना आसान नहीं है। अर्थशास्त्री भी इसे अपने पैमानों पर तौल नहीं सकते। मोदी ने कहा कि हर नए साल में देशवासी कोई न कोई संकल्प लेते हैं और इस बार भारत में बने उत्पादों का इस्तेमाल करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से आग्रह करूंगा कि दिनभर इस्तेमाल होने वाली चीजों की आप एक सूची बनाएं। उन सभी चीजों की विवेचना करें और यह देखें कि अनजाने में कौन सी विदेश में बनी चीजों ने हमारे जीवन में प्रवेश कर लिया है तथा एक प्रकार से हमें बंदी बना दिया है। भारत में बने इनके विकल्पों का पता करें और यह भी तय करें कि आगे से भारत में बने, भारत के लोगों के पसीने से बने उत्पादों का हम इस्तेमाल करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में लोगों ने मजबूत कदम आगे बढ़ाया है और निर्माताओं तथा उद्योग जगत के लिए 'जीरो इफेक्ट, जीरो डिफेक्ट' की सोच के साथ काम करने का उचित समय है। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को बनाए रखने, बचाए रखने और बढ़ाते रहने का देशवासियों से आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने इस संदर्भ में कश्मीरी 'केसर' को मिले जीआई टैग (भौगोलिक संकेतक) का जिक्र किया और कहा कि इस नई पहचान के बाद केंद्र सरकार इसे वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय ब्रांड बनाने की मंशा रखती है। उन्होंने कहा कि केसर जम्मू और कश्मीर (शेष पेज 9)

# नीतीश के भरोसेमंद आरसीपी सिंह संभालेंगे जदयू की कमान

**भाषा।** पटना

**नौकरशाह** से नेता बने आरसीपी सिंह अब जनता दल (यूनाइटेड) की कमान संभालेंगे। राम चंद्र प्रसाद सिंह को आमतौर पर आरसीपी सिंह के नाम से जाना जाता है। सिंह बतौर पार्टी अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्थान लेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वासपात्र आरसीपी सिंह को रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) का नया अध्यक्ष चुना गया।

पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कुमार ने शीर्ष पद के लिए सिंह के नाम का प्रस्ताव दिया, जिसका अन्य सदस्यों ने अनुमोदन किया। मुख्यमंत्री को 2019 में तीन वर्षों के लिए जद (यू) का अध्यक्ष चुना गया था। हालांकि, उन्होंने राज्यसभा के सदस्य सिंह के लिए यह पद छोड़ दिया। सिंह पहले नौकरशाह थे, जो बाद में नेता बने और अब तक वह इस क्षेत्रीय दल के महासचिव (संगठन) थे। वर्ष 1984 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी रहे



आरसीपी सिंह, उस समय से नीतीश कुमार के साथ जुडे हुए हैं, जब वह तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेई सरकार में रेल मंत्री हुआ करते थे। जब कुमार बिहार की राजनीति में लौटे और वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बने तो सिंह भी अपने गृह प्रदेश में आ गए और उन्हें मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया।

सेवानिवृत्त होने से कुछ महीने पहले ही उन्होंने नौकरी छोड़ दी और वर्ष 2010 में राजनीति में सक्रिय हो गए। तब नीतीश कुमार ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया और तब से वह लगातार उच्च सदन के सदस्य हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में जद(यू) के भाजपा से कम सीटें जीतने के चलते बिहार में बड़े भाई का दर्जा गंवाने के विपरीत समय में 62 वर्षीय आरसीपी (शेष पेज 9)

शोपियां फर्जी मुठभेड़

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक सैन्य अधिकारी, दो अन्य के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने इस साल जुलाई में शोपियां में कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में सेना के एक अधिकारी समेत तीन लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। उस मुठभेड़ में तीन नागरिकों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोप पत्र शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत, शोपियां में दायर किया गया।उन्होंने कहा कि आरोप पत्र में सेना की 62 राष्ट्रीय राइफल्स के कैप्टन भूपिंदर, बिलाल अहमद और ताबिश अहमद को कथित फर्जी मुठभेड़ में उनकी भूमिका के लिए आरोपी बनाया गया है। मुठभेड़ में मारे गए युवक राजौरी जिले के रहने वाले थे। सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने जुलाई में शोपियां जिले में अम्शीपुरा मुठभेड़ मामले में शामिल दो लोगों के खिलाफ साक्ष्यों का सारांश पूरा कर लिया है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि औपचारिकताएं (शेष पेज 9)

# कांग्रेस को जनवरी-फरवरी में मिलेगा पूर्णकालिक अध्यक्ष

- पार्टी डेलीगेट की सूची अपडेट करने का काम अंतिम चरण में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** पार्टी का नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी जोरों पर चल रही है। अध्यक्ष का चुनाव डिजिटल बैठक में इलेक्टोरल कॉलेज प्रक्रिया के जरिए आगामी जनवरी-फरवरी में होगा। इसके लिए प्रतिनिधियों की सूची को अपडेट करने का काम अंतिम चरण में है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि सीईए लगभग 1500 एआईसीसी प्रतिनिधियों की मतदाता सूची तैयार कर रहा है।

पहली बार डिजिटल चुनाव कराने की योजना बनाई जा रही है। अध्यक्ष पद का कार्यकाल केवल दो साल का होगा। पांच सदस्यीय सीईए का नेतृत्व मधुसूदन मिस्त्री कर रहे हैं। राजेश मिश्रा, कृष्णा बायर गौड़ा, एस जोथिमनी और अरविंदर सिंह लवली इसके सदस्य हैं। लवली उन 23 नेताओं में षामिल हैं जिन्होंने इस साल अगस्त में सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी में पूर्ण बदलाव करने और 135 साल पुराने संगठन को लगातार हो रहे पतन से बचाने के लिए पूर्णकालिक नेतृत्व की मांग कर रहे हैं। पार्टी जनवरी के पहले सप्ताह में आंतरिक चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर सकती है।

सीईए के सूत्रों ने कहा कि पैनल दिसंबर के अंत तक कार्यक्रम का ऐलान करने की तैयारी कर रहा था लेकिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पर आम सहमति बनाने के प्रयास चल रहे हैं। इसमें देरी के चलते इसे आगे बढ़ा दिया गया। एआईसीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी लगभग एक सप्ताह के लिए रविवार से इटली दौरे पर रहेंगे। इस कारण भी देर हो सकती है। सीईए के सूत्रों ने कहा कि हम जनवरी के पहले सप्ताह में बैठक करेंगे और कार्यक्रम को अंतिम रूप देंगे। इसके बाद पार्टी के सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक होगी (शेष पेज 9)

# मन की बात के दौरान थालियां बजाकर किसानों ने दर्ज कराया अपना विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**किसानों** ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के दौरान थालियां और बर्तन बजाकर केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। रविवार को दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसानों को बर्तन बजाते और पीएम तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए देखा गया। कड़ाके की ठंड में आंदोलनरत किसान 29 दिसंबर को उनके द्वारा दिए गए बातचीत के प्रस्ताव पर सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि जैसा पीएम ने कहा था कि कोरोना थाली बजाने से भागेगा, उसी तरह किसान भी थाली बजा रहें हैं ताकि कृषि कानूनों को भगाया जाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार के लिए संकेत है कि सरकार जल्द सुधर जाए। 29 दिसंबर को हम सरकार के साथ मुलाकात करेंगे। नया साल सबके लिए शुभ हो और अगर मोदी जी भी कानून वापस ले लें, तो हम


सिंघू बॉर्डर पर थाली बजाकर विरोध करते आंदोलनरत किसान। फोटोः रंजन डिमरी

किसान भाइयों के लिए भी नया साल शुभ हो जाएगा। वहीं, क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने बताया कि पंजाब और हरियाणा में टोल स्थायी तौर पर खुले रहेंगे।

30 दिसंबर को सिंघु बॉर्डर से ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। हम दिल्ली समेत पूरे देश के लोगों से अपील करते हैं कि यहां आकर हमारे साथ नया साल मनाएं। उधर, आंदोलन से लौटे होशियारपुर के किसान की हार्टअटैक और तलवंडी साबो के किसान की ठंड से मौत हो गई। एक महीने से कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली किसान आंदोलन में गए होशियारपुर जिले के गांव रड़ा के एक किसान की घर वापसी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई।

मृतक किसान की पहचान भूपिंदर सिंह पुत्र मोहन सिंह (48) निवासी रड़ा के रूप में हुई है। उधर, तलवंडी साबो के गांव भागीवांदर के गुरप्यार सिंह (61) की ठंड लगने से शुक्रवार देर रात घर में मौत हो गई। वह 20 दिनों से टिकरी बार्डर पर सेवा निभा रहे थे। मोर्चे में रहते ही ठंड लग गई। गुरुवार को हालत गंभीर होने पर घर लाया गया, जहां शुक्रवार देर रात उनका देहांत हो गया। इससे पहले शनिवार को (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,973 | |
| निफ्टी | 13,749 | |
| सोना | 49,624 | /10g |
| चांदी | 66,954 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ईडी ने राउत की पत्नी से पूछताछ के लिए समन भेजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना सांसद संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को पीएमसी बैंक धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 29 दिसम्बर को तलब किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। वर्षा राउत को मुंबई में केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। यह उनको पेश होने के लिए जारी तीसरा समन है, इससे पहले वह दो बार स्वास्थ्य आधार पर एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुई है। पूछताछ के लिए उन्हें समन धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने दावा किया कि ईडी वर्षा राउत से उस राशि की रसीद के बारे में पूछताछ करना चाहता है जिसका कथित तौर पर बैंक से गबन किया गया था।

# मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता 31 मार्च तक बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** सड़क परिवहन मंत्रालय ने रविवार को ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) और परमिट जैसे मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता को 31 मार्च 2021 तक बढ़ा दिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इससे पहले 30 मार्च 2020, नौ जून 2020 और 24 अगस्त 2020 को मोटर वाहन कानून, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 से संबंधित दस्तावेजों की वैधता के संबंध में परामर्श जारी किया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कोविड-19 के प्रकोप के मद्देनजर डीएल, आरसी, परमिट आदि वाहनों के दस्तावेजों की वैधता को 31 मार्च, 2021 तक बढ़ा दिया है। इस (शेष पेज 9)

# आज से दौड़ेगी देश की पहली चालक विहीन मेट्रो

- दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन से होगी शुरुआत, प्रधानमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी
- ऐसे मेट्रो नेटवर्क वाले दुनिया के सात देशों में डीएमआरसी का भी हो जाएगा शुमार

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** मेट्रो में सोमवार से एक नए दौर की शुरुआत होगी। इससे आम लोगों को सुखद परिवहन के अहसास के साथ बेहतर यातायात का भी अनुभव होगा।

इसके साथ ही डीएमआरसी के इतिहास में एक नई इबारत लिखी जाएगी क्योंकि इसी दिन से देश की पहली चालक रहित मेट्रो ट्रेनें पटरी पर दौड़ेंगी। इससे संचालन से संभावित मानवीय भूल को खत्म किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मैजेंटा लाइन पहली चालक रहित मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही डीएमआरसी विश्व के उन सात मेट्रो नेटवर्क में शामिल हो जाएगा जहां बिना ड्राइवर के ट्रेन चलाई जाएगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन कोरिडोर के करीब 37 किलोमीटर लंबे मैजेंटा लाइन से शुरू होने वाली यह सुविधा धीरे-धीरे मेट्रो के पूरे तीसरे फेज की सभी लाइन पर चलने लगेगी।

मैजेंटा लाइन के बाद 57 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन पर इसकी शुरुआत 2021 के मध्य में होने की संभावना है। डीएमआरसी के अनुसार मेट्रो की पिंक और मैजेंटा लाइन में उस समय से बिना चालक के चलने की सुविधा है जब इनका निर्माण किया गया था। इसमें सीबीटीसी (कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल) सिग्नलिंग सिस्टम है। अभी तक इन दोनों लाइनों की मेट्रो को चालक चला रहे थे क्योंकि इसे बिना चालक चलाने का नियम नहीं था।

डीएमआरसी को अब मंत्रालय से तीसरे फेज की लाइन पर चालक रहित मेट्रो (शेष पेज 9)


फाइल फोटो

### नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की शुरुआत

**एयरपोर्ट** मेट्रो पर पूरी तरह संचालित होने वाले नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की शुरूआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को करेंगे। पिछले डेढ़ वर्षो के दौरान 23 बैंकों के जारी रुपे डेबिट कार्ड धारक कोई भी व्यक्ति उस कार्ड के इस्तेमाल से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर यात्रा कर सकेगा। यह सुविधा वर्ष 2022 तक पूरे दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर उपलब्ध हो सकेगी। इसके बाद स्मार्ट कार्ड के साथ ही डेबिट कार्ड से भी यात्री मेट्रो में सफर कर सकेंगे।

### अब पहले से ज्यादा बेहतर होगा सफर

**चालक** रहित यह मेट्रो पहले से ज्यादा बेहतर सफर का अनुभव यात्रियों को देगी। आमतौर पर मेट्रो सफर के दौरान कई बार झटके जैसा जो अनुभव होता है। वह इस सफर में नहीं होगा। मेट्रो में चढ़ने -उतरने के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी यात्रियों को नहीं होगी। इस सेवा के शुरू होने से मानवीय भूल की संभावना भी खत्म हो जाएगी। मेट्रो के चौथे फेज की सभी लाइन पर भी चालक रहित मेट्रो चलाने की सुविधा होगी।

# कड़ाके की सर्दी से होगी नए साल की शुरुआत

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**नए** साल की शुरुआत कड़ाके की सर्दी के साथ होगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो सप्ताह तक उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में भीषण ठंड पड़ने की संभावना है। साथ ही शीतलहर चलेंगी और घना कोहरा भी परेशान करेगा। रविवार को पंजाब और उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सर्द व शुष्क उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण 28 से 30 दिसंबर के बीच पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से भीशण शीतलहर की चपेट में रहने की संभावना है। इस सप्ताह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 4 से पांच (शेष पेज 9)

# महिलाओं ने किसानों के समर्थन में निकाली रैली

## यूपी गेट पर किसान आंदोलन 30वें दिन भी जारी, थाली बजाकर कृषि कानूनों का किया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद





यूपी गेट पर किसान आंदोलन के समर्थन में रैली निकालतीं महिलाएं और बच्चे।

दिल्ली यूपी की सीमा यूपी गेट पर किसानों का आंदोलन 30वें दिन भी जारी रहा। रविवार को किसानों के समर्थन में महिलाओं ने एक रैली निकाली जिसमें बच्चों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने थाली-बर्तन बजाकर देश के प्रधानमंत्री से कुछ सवाल किए।

जानकारी के अनुसार रविवार के दिन बड़ी संख्या में महिलाओं ने यूपी गेट पर किसानों के समर्थन में एक रैली निकाली। महिलाओं ने कहा कि कोरोना काल में मोदी जी ने थाली बजाकर और दिये जलाकर देश की जनता को सुरक्षित रखने का मंत्र दिया था। लेकिनआज देश की जनता जो धरती का सीना चीरकर अन्न उगाती है वह अन्नदाता किसान अपनी मांगों के समर्थन में पिछले 1 महीने से सड़क पर पड़ा है और उसकी सुध लेने की चिंता प्रधानमंत्री नहीं कर रहे। इसलिए प्रधानमंत्री को चेताने के लिए वे बर्तन बजा रही हैं। जिससे प्रधानमंत्री उनकी करुण कथा सुने और किसानों के कृषि बिल को वापस करें। अगर सरकार संसद में पारित कृषि कानून को वापस नहीं लेगी तो किसानों का धरना ऐसे ही चलता रहेगा और किसानों की संख्या बढ़ती जाएगी। महिलाओं के अलावा आज बड़ी संख्या में सिख भेष भूषा धारी बालक-बालिकाओं ने भी एक रैली निकाली। यह बालक किसानों का प्रोत्साहित करने यहां पहुंचे थे। उधर, किसानों के लिए लगाए गए अस्थाई टॉयलेट दुर्घटना का कारण बने हैं। रविवार को इसी तरह की एक घटना में एक बाइकर टायलट से टकराकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है।

भट्टा पारसौल आंदोलन

# योगी सरकार ने किसानों पर दर्ज दो मुकदमे वापस लिए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी सरकार ने गौतमबुद्धनगर के भट्टा पारसौल में आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज दो मुकदमे वापस ले लिए हैं। ये मुकदमे सात मई 2011 को जमीन अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन के दौरान पुलिस और किसानों के बीच हुए हिंसक संघर्ष के बाद दर्ज किए गए थे। यमुना एक्सप्रेसवे के लिए चल रहे भूमि अधिग्रहण को खिलाफ किसानों और जिला प्रशासन के बीच तनाव पैदा हो गया था। इसी बीच सात मई 2011 को पुलिस और किसानों के बीच हिंसक झड़प हुई। फायरिंग में दो किसान और दो पुलिसवाले मारे गए।

मिली जानकारी के अनुसार किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अनुमति दे दी है। जेवर से भाजपा विधायक धीरेंद्र सिंह ने सरकार से मुकदमे वापस लेने की मांग की थी।

इसके बाद यूपी सरकार ने राज्यपाल से मुकदमा वापस लिए जाने की सिफारिश की थी। वापस लिए गए मुकदमे गौतमबुद्धनगर की दनकौर कोतवाली में दर्ज थे। इनमें तीन दर्जन से अधिक किसानों को आरोपी बनाया गया था। दनकौर कोतवाली मुकदमा अपराध संख्या 96,2011, आईपीसी की धारा 147, 394, 308, 364, 325 और 323। आरोप-पीएसी की कंपनी पर हमला और उनके हथियारों की लूट। यह मुकदमा किसान नेता मनवीर तेवतिया सहित 30 अन्य किसानों के खिलाफ दर्ज था। दूसरा मुकदमा अपराध संख्या 251,2011। 25 आर्म्स एक्ट के तहत। यह मुकदमा प्रेमवीर सहित अन्य किसानों के खिलाफ दर्ज था।

## एलिवेटेड रोड से कूद गई युवती

**नोएडा।** शनिवार दोपहर नोएडा एलिवेटेड रोड से इस्कॉन मंदिर के सामने एक युवती ने छलांग लगा दी। युवती नीचे सड़क पर आ कर गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक 20 वर्षीय युवती ने सुसाइड करने की कोशिश की। लोगों ने आनन-फानन में उसे उठाकर अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को बुलाया गया। युवती ने ऐसा क्यों किया, अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को सेक्टर-24 थानाक्षेत्र में प्रकाश अस्पताल के सामने एलिवेटेड रोड पुल से एक युवती नीचे कूद गई है। उसे प्रकाश अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। युवती ने एलिवेटेड रोड पुल पर से कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की है।

# कोरोना ने ग्रेनो के उद्योगों को किया तबाह : आईआईए

## सरकार और प्राधिकरण की नीतियां बढ़ा रहीं मुश्किलें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों की संस्था इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन ने शहर में कोरोना के बाद से उद्योग-धंधे बुरी तरह प्रभावित होने पर चिंता व्यक्त की है। उद्यमियों का कहना है कि सरकार और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की गलत नीतियां भी उनकी परेशानियां बढ़ा रही हैं। शनिवार को प्रेस वार्ता में इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह आरोप लगाए हैं।

आईआईए ने कहा, जीएसटी में बार-बार किए जा रहे बदलाव उनकी परेशानियां बढ़ा रहे हैं। 50 लाख रुपये सालाना से ज्यादा टर्नओवर होने पर डीएसपी का नकद लिया जा रहा है। संस्था का कहना है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कंपलीशन और फंक्शनल आदि के सर्टिफिकेट जारी करने में उद्यमियों को परेशान कर रहे हैं। यूपीएसआईडीसी की बी और सी साइड में सड़कें टूटी पड़ी हैं। बार-बार मांग किए जाने के बावजूद लोहिया नाले की सफाई नहीं कराई जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तमाम आवंटन को वन टाइम सेटेलमेंट पॉलिसी का लाभ दे रहा है, लेकिन उद्यमियों के लिए ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है। औद्योगिक सेक्टरों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कोई माध्यम नहीं है।

आईआईए के पदाधिकारियों ने कहा, कोरोना संक्रमण के कारण फैली महामारी के बाद दुनियाभर में इंडस्ट्री को रियायत दी गई हैं। भारत में भी कई राज्यों ने उद्योगों को राहत दी हैं। केंद्र सरकार ने भारी-भरकम पैकेज की घोषणा की, लेकिन उसका कोई लाभ अभी नीचे तक नहीं आया है।

सरकार रोजाना कारोबारी और उद्यमियों को राहत देने के वादे तो कर रही है, लेकिन किसी को कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। प्रेस वार्ता में आईआईए के चेयरमैन विशारद गौतम, जेएस राणा, जेड रहमान, आशीष गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, विपिन महाना और अमित शर्मा आदि पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

# मकान के निर्माण को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

- महिलाओं के कपड़े फाड़ने का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

छायसा गांव में मकान के निमार्ण को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में 20 दिन पहले मारपीट हो गई। रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित ने थाना समाधान दिवस में पुलिस से शिकायत की। साथ ही महिलाओं के कपड़े फाड़ने व बदतमीजी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। आरोपी पक्ष घर में नहीं घुसने दे रहा है।

जारचा क्षेत्र के छॉयसा गांव निवासी प्रदीप शर्मा व सुरेंद्र शर्मा दो भाई है। इनका कहना है कि बटवारे में मिले हिस्से की जमीन पर अपने मकान का निमार्ण कर रहे हैं। आरोप है परिवार के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। जिसमें निर्माण करने पर मारपीट करके भगा देते हैं। पीड़ित ने 2 दिसंबर को निर्माण कार्य शुरू किया था तभी आरोपी पक्ष के 6 लोग लाठी डंडे से लेस होकर आये और निमार्ण वाली जगह को अपना बताकर भगाने लगें। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इस बीच बीच बचाव करने पहुंची घर की महिलाओं के कपडे फाड़े दिए और उन्हें जख्मी कर दिया।

# ब्रिटेन से लौटीं दो महिलाएं मिली कोरोना संक्रमित

## नए स्ट्रेन को देखते हुए नोएडा का स्वास्थ्य विभाग सतर्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

ब्रिटेन से नोएडा लौटकर आई दो महिलाएं कोरोना वायरस से संक्रमित मिली हैं। ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दोनों महिलाओं को भर्ती कराया गया है। जीनोम सिक्वेंसिग जांच के लिए दोनों महिलाओं का सैंपल लेकर इंडियन मेडिकल काउंसिल ऑफ रिसर्च दिल्ली भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि दोनों महिलाएं स्वस्थ हैं। हालांकि, इन्हें कोरोना के दूसरे मरीजों से अलग रखा गया है।

आपको बता दें कि पिछले एक महीने से 15 दिनों के दौरान 425 लोग ब्रिटेन से नोएडा वापस लौटे हैं। जिम्स निदेशक डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को ब्रिटेन से लौटी 34 वर्षीय संक्रमित महिला का कोरोना सैंपल जांच को लिया गया था। शुक्रवार को मिली जांच रिपोर्ट में उन्हें संक्रमित घोषित किया गया है।

वहीं, 28 वर्षीय महिला का कोरोना सैंपल शुक्रवार को लिया गया था। शनिवार को उसकी जांच रिपोर्ट आई है। उसे भी संक्रमित घोषित किया गया है। ब्रिटेन में मिले कोरोना के नए स्ट्रेन को देखते हुए दोनों महिलाओं का जीनोम सिक्वेंसिग सैंपल जांच के लिए लिया गया है।

ब्रिटेन में मिले कोरोना के नए स्ट्रेन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। पिछले एक माह से 15 दिनों के दौरान ब्रिटेन से यात्रा करके लौटे 425 यात्रियों को होम क्वारंटाइन रहने का आदेश दिया है। इनमें से 285 यात्री 15 दिन पहले ही लौटे हैं। इनमें से स्वास्थ्य विभाग 160 यात्रियों की आरटी-पीसीआर जांच कर चुका है। केवल दो की रिपोर्ट संक्रमित आई हैं। जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव मिली हैं, उन्हें भी 28 दिनों तक होम क्वारंटाइन रखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता।

### अटल जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**गाजियाबाद।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के मौके पर भाजपा के प्रताप विहार मंडल ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए सिद्धातों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष देशराज देसी ने किया। देसी ने कहा कि वाजपेई जैसी शख्सियत सदियों में पैदा होते हैं उन्होंने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और आम आदमी को हित के लिए तमाम कार्य किए। भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि अटल जी देश के सर्वमान्य नेता थे आज के नेताओं को उनसे सीखने की जरूरत है।



ऑनलाइन गोष्ठी में बोलते हुए वक्ता।

### माता-पिता सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ रचना है : आचार्य अखिलेश्वर

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य नेत्री माता सुशीला व आर्य वीर हरिदेव आर्य की पुण्यतिथि पर 'मातृ-पितृ ऋण' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन जूम पर किया गया। यह कोरोना काल में परिषद का 141वां वेबिनार था। इस मौके पर वैदिक विद्वान आचार्य अखिलेश्वर आंनद धाम, हरिद्वार ने कहा कि माता-पिता परमात्मा की सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ रचना है। उनकी सेवा करना प्रत्येक संतान का धर्म है और जितना हमारे धर्म का पालन करेंगे, उतना सुख हमें उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि माता-पिता के ऋण को हम कभी भी उतार नहीं सकते। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जीवनपर्यंत अपने बड़े बुजुर्गों की आज्ञा का पालन करते रहना चाहिए। इसी क्रम में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि दुनियां में एक माता पिता ही ऐसे अवतार हैं जो अपनी संतान से हारना चाहते हैं कि वह और अधिक उन्नति करे।

### जीडीए बोर्ड बैठक 7 जनवरी को

**गाजियाबाद।** जीडीए की बोर्ड बैठक आगामी 7 जनवरी को आयोजित होगी। बैठक में शहर के विकास से जुड़े दर्जनों प्रस्ताव पर चर्चा होने की उम्मीद है। जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने जीडीए बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए जीडीए अध्यक्ष व मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम को प्रस्ताव भेजकर बोर्ड बैठक की अनुमति मांगी थी। बोर्ड बैठक आहूत करने के लिए मंडलायुक्त ने अनुमति दे दी है। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले अजैन्डा की तैयारी शुरू कर दी है। बहुत जल्द बोर्ड बैठक के अजैन्डे को बोर्ड सदस्यों के पास भेज दिया जायेगा।

# पिछले 4 सालों से ठोकरें खा रहे इको विलेज-2 के निवासी

## अब प्राधिकरण और यूपी रेरा दफ्तर के बाहर धरना देंगे 2500 परिवार

- रजिस्ट्री और ओसी-सीसी को लेकर हैं परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-2 के 2500 से अधिक परिवार रजिस्ट्री और ओसी-सीसी को लेकर परेशान हैं। सोसायटी के निवासी और बायर्स पिछले 4 सालों से इस परेशानी से जुझ रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई भी समस्या का हल नहीं हो रहा है। शनिवार को इन्हीं मांगों को लेकर निवासियों ने एकजुट होकर फेसिलिटी ऑफिस के बाहर जमकर प्रदर्शन किया है।

सोसायटी के लोगों का आरोप हैं कि प्रशासनिक और बिल्डर की लापरवाही की वजह से बायर्स को सड़कों पर आना पड़ रहा है। चार साल बीत जाने के बाद भी समस्या का हल नहीं हो सका है। अगर एक सप्ताह में रजिस्ट्री और ओसी-सीसी की प्रकिया नहीं शुरू हुई तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यूपी रेरा के ऑफिस के बाहर परिवार धरना देंगे।

यहां के निवासी अनुपम मिश्रा ने बताया कि यहां पर करीब 52 टावर हैं। जिसमें करीब दो हजार से अधिक परिवार रह रहे हैं। अभी तक कुल दस ही टावर की रजिस्ट्री हुई है। लेकिन 3 साल बीत जाने के बाद भी बाकी बचे हुए फ्लेट की रजिस्ट्री नहीं हुई है। साथ ही बिल्डर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से ओसी-सीसी नहीं मिली है। बॉउंड्रीवाल और मूलभूत सुविधा पूरा नहीं कर पाया और रोज नए नए बहाने बनाकर लोगों को गुमराह करता आ रहा है।

आरोप है कि बिल्डर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यूपी रेरा के अधिकारियों की मिलीभगत की वजह से बायर्स को रजिस्ट्री और ओसी-सीसी के मामले को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है। पिछले चार साल से इसको लेकर प्रबंधन, प्राधिकरण अधिकारियों से भी कई बार बातचीत हुई लेकिन, समस्या का हल नहीं हो सका है। अब सोसायटी के 2500 निवासियों ने शपथ ली है कि अगर एक सप्ताह में उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं चालू होती है तो उनका अगला प्रदर्शन पूरे परिवार के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और रेरा ऑफिस के बाहर होगा।

# एटीएस बिल्डर के लेबर कैंप में हुआ बड़ा हादसा, एक की मौत

- पांच की हालत गंभीर अस्पताल में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एटीएस बिल्डर की निर्माणाधीन साइट पर बडा हादसा हुआ। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है और पांच महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में लग गई।

पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के मुताबिक थाना बिसरख अंतर्गत निर्माणाधीन एटीएस नॉवल्टी की साइट के लेबर कैम्प में हादसा हुआ है। यह कैम्प न्यू हैबतपुर में स्थित है। कैंप में पानी के स्टॉरिज टैंक की दीवार फट गई है।

इसके हादसे में दो पुरुष और तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायलों को उपचार के लिए एसआरएम अस्पताल सेक्टर-70 नोएडा भेजा गया है।

## मकान बनवाने का झांसा देकर ठगे रुपए

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से दस हजार ले लिए। मगर मकान बना नहीं और रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जलालपुर रोड निवासी नरेंद्र से एक गांव निवासी व्यक्ति ने उसके मकान को पक्का बनवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से रुपए दिलवाने का वादा किया तथा फाइल खर्च के नाम पर उससे दस हजार रूपये ले लिए।

# वाहनों का दबाव बढ़ने से लंबा जाम

## हाईवे पर घंटो जूझते रहे लोग, कई किलोमीटर लगी गाड़ियों की कतार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ने से रविवार को जाम लग गया। शाम के समय तो हाईवे पर कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं। मिनटों का सफर तय करने में लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। जाम के झाम से निकलने के लिए लोगों ने वैकल्पिक मार्गो का सहारा लिया।

करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। इन दिनों हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है। निर्माण सामग्री सड़क पर ही फैली रहती है। जिससे सड़क पर वाहनों के चलने के लिए जगह कम बचती है और जाम लगने लगता है। रविवार को हाईवे पर जैसे ही वाहनों का दबाव बढ़ा तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। थोड़ी ही देर में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें हाईवे पर लगने लगीं। हाईवे के दोनों तरफ भंयकर जाम लग गया। मेरठ से आने वाले वाहनों की कतार सौंदा रोड से लेकर महेंद्रपुरी कट तक पहुंच गई। दूसरी तरफ गाजियाबाद से आने वाले वाहनों की कतार भी मंडी कट से शुरू होकर मोदी मंदिर को पार करते हुए तेल मिल गेट तक जा पहुंची। जाम में फंसकर लोग बुरी तरह परेशान नजर आए। राजचौराहे के निकट रोडरेज भी हुई।

काफी देर तक दो वाहन चालक सड़क पर ही गाड़ी खड़ा कर झगड़ा करते रहे। जिससे जाम की स्थिति और विकराल हो गई। पुलिस ने दोनों को सड़क किनारे किया। उधर, कुछ चालकों ने जाम से निकलने के लिए वैकल्पिक मार्गो का भी सहारा लिया। हालांकि, इस दौरान पुलिस भी प्रत्येक कट पर तैनात रही।



अवैध निर्माणों को तोड़ता जीडीए का सचल दस्ता।

# इंदिरापुरम-वैशाली में प्राधिकरण दस्ते ने तोड़ा अवैध निर्माण

- निर्माणकर्ताओं में कार्रवाई से मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इन्दिरापुरम और वैशाली में एक दर्जन से भी अधिक अवैध निर्माणों को जीडीए के सचल दस्ते ने रविवार को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की इस कार्रवाई के बाद अवैध निर्माणकर्ताओं में हडकम्प मच गया है। जीडीए ने पहली बार एक दिन में इतनी बड़ी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसर वैशाली कामना सैक्टर एक के भूखण्ड संख्या 132/6 व 55 पर अवैध रूप से प्राधिकरण की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था, जिन्हें जीडीए के सचल दस्ते ने गिरा दिया। इसके अलावा भूखण्ड संख्या 80,77 व सैक्टर 4 वैशाली के भूखण्ड संख्या 461 पर भी अवैध निर्माणों को सील कर दिया है।

जीडीए सचिव संतोष राय ने बताया कि इन्दिरापुरम शक्तिखंड के भूखण्ड संख्या 387 व 909 पर किए जा रहे अवैध निर्माणों को भी प्राधिकरण के सचल दस्ते ने जमींदोज कर दिया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-6 ने इन्दिरापुरम इलाके में अवैध रूप से आंशिक निर्माणों को बड़े पैमाने पर गिराया गया है। इन दोनों इलाकों में सीलिंग और ध्वस्तिकरण की कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद था।

खास बात यह है कि जीडीए की इस कार्रवाई को रोकने के लिए कुछ बलवाईयों ने बाधा डालने की कोशिश की, लेकिन प्राधिकरण के अधिकरियों की कुशलता के कारण मामले को शान्त करा दिया गया। जीडीए सचिव ने बताया कि जो लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं उन्हें प्राधिकरण नोटिस जारी कर उन्हें आगाह कर रहा है। यदि इसके बावजूद वे नहीं माने तो सीलिंग व ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की जायेगी।

# महानगर को स्मार्ट बनाने के लिए कार्य योजना तैयार

## मुख्यालय में मेयर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक, शासन से मिले 121 करोड़ रुपए

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद



निगम अधिकारियों संग बैठक करतीं मेयर।

महानगर को स्मार्ट बनाने के लिए शासन से उपलब्ध कराई गई 121 करोड़ की राशि को विभिन्न मदों पर खर्च करने के लिए नगर निगम ने योजना तैयार कर ली है। नगर निगम मुख्यालय पर शनिवार देर शाम मेयर आशा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में इस योजना को लागू करने पर मैराथन विचार-विमर्श किया गया। नगर निगम को यह भारी भरकम 121 करोड़ की धनराशि 15वें वित्त आयोग के तहत शासन से प्राप्त हुई है। इसको लेकर नगर निगम मुख्यालय में एक बैठक मेयर आशा शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार शाम को आयोजित हुई थी।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम को जो 121 करोड़ रुपए वर्ष 2020-21 के लिए संस्तुत अनुदान की प्रथम किस्त के रूप में प्राप्त हुए हैं जिसमें से 60-50 करोड रुपए सॉलिड वेस्ट कंजर्वेशन सप्लाई एंड मैनेजमेंट ऑफ वाटर के नाम पर मिले हैं तथा रुपए 60.50 करोड़ एयर क्वालिटी इंप्रूवमेंट के नाम पर मिले हैं जोकि उसी मद में खर्च किए जाएंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि रोड साइड पटरी को डस्टमुक्त करने के लिए साइट पटरी पर कट स्टोन लगाने का कार्य जिसकी लागत लगभग 10 करोड़ होगी। लगभग 200 अविकसित पार्कों को विकसित करने का कार्य जिसकी लागत लगभग 20 करोड़ होगी, पार्कों के विकसित होने से हरियाली बढ़ेगी और प्रदुषण कम होगा। रोड साइड पटरी को डस्टमुक्त करने को साइट पटरी पर ग्रासिंग का कार्य एवं ग्रीन बेल्टरेस्टोरेशन का कार्य जिसकी लागत लगभग 10 करोड़ होगी। सिटी फॉरेस्ट अब लगभग 12 करोड़ की लागत से गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बनाया जाएगा। बोर्ड द्वारा इसकी सैद्धांतिक अनुमति दी जा चुकी है।

सिटी फारेस्ट पहले जीडीए द्वारा बनाया जाना था। यह फॉरेस्ट महामाया स्टेडियम के बराबर में खाली जमीन पर बनेगा जिसमें घना जंगल बनाया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों एवं मुख्य बाजारों में 30 एयर फिल्टर की स्थापना का कार्य जिसकी लागत लगभग 24 लाख होगी। जिससे लोगों को साफ हवा मिलेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कड़ाके की सर्दी के बीच सीमाओं पर डटे हुए हैं किसान

## राजधानी की सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी, सिंघू, गाजीपुर एवं टीकरी बॉर्डर पर सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग पर अड़े दिल्ली की सीमाओं पर डटे हुए हैं। प्रदर्शन कर रहे हजारों किसान कड़ाके की ठंड के बावजूद अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। किसान करीब एक महीने से अधिक समय पहले सिंघू बॉर्डर, टिकरी बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर पहुंचे थे।

प्रदर्शन कर रहे किसानों के संगठनों ने शनिवार को केंद्र सरकार के साथ बातचीत फिर शुरू करने का फैसला किया था और अगले चरण की बातचीत के लिए सोमवार दिन तय किया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया था कि 30 दिसंबर को कुंडली-मानेसर-पलवल राजमार्ग पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे।

दिल्ली की सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी है और सिंघू, गाजीपुर एवं टीकरी बॉर्डर पर सैकड़ों सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। इन्हीं सीमाओं पर किसान प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रदर्शन की वजह से यातायात प्रभावित हुआ है जिस वजह से पुलिस को गाड़ियों के वैकल्पिक मार्ग की तरफ मोड़ना पड़ा है। यातायात पुलिस ने रविवार को ट्विटर पर लोगों को उन मार्गों के बारे में जानकारी दी है, जो किसान प्रदर्शन के चलते बंद किए गए हैं और उन्हें वैकल्पिक रास्तों के बारे में बताया। किसानों के प्रदर्शन की वजह से नोएडा और गाजियाबाद से दिल्ली आने वाले यातायात के लिए चिल्ला और गाजीपुर बॉर्डर बंद हैं। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे दिल्ली आने के लिए आनंद विहार, डीएनडी, अपसरा, भोपरा और लोनी बॉर्डर का इस्तेमाल करें।

उसने कहा, सिंघू, औचंदी, प्याऊ मनियारी, सबोली और मंगेश बॉर्डर बंद हैं। लामपुर सफियाबाद, पल्ला एवं सिंघू स्कूल टोल टैक्स बॉर्डर वाले वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें। मुकरबा और जीटीके रोड से यातायात का मार्ग बदला गया है। आउटर रिंग रोड, जीटीके रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जाने से बचें।

- मुकरबा और जीटीके रोड से यातायात का मार्ग बदला गया है

- लामपुर सफियाबाद, पल्ला एवं सिंघू स्कूल टोल टैक्स बॉर्डर वाले वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करें




विरोध के अलग-अलग रंग

### *खुद को जंजीरों में बांधकर रखते हैं पंजाब के कबल सिंह*

*नई दिल्ली। सिंघू बॉर्डर पर कृषि कानूनों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन जारी है। इस विरोध प्रदर्शन के बीच पंजाब के रहने वाले कबल सिंह खुद को जंजीरों में बांधकर रखते हैं। पिछले 18 दिन से रोजाना 12 घंटे उनके पैरों, हाथों और गर्दन में जंजीरें पड़ी रहती हैं। सुबह 7 बजे उन्हें बेड़ियों में जकड़ दिया जाता है। कबल कहते हैं कि तीनों नए केंद्रीय कृषि कानूनों के चलते किसान आजाद भारत में गुलाम हो चुके हैं। वह खुद को इन बेड़ियों से तभी आजाद करेंगे जब केंद्र सरकार कानून वापस लेगी। कबल सिंह पंजाब के फाजिल्का जिले के आबोहार में रहते हैं। जब वह प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए घर से निकले थे तो उनकी मां भी साथ थीं। उनका कहना है कि करीब 20 दिन पहले, सिंघु बॉर्डर आते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली से फिसलने से 86 साल की मां बलबीर कौर के कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। ऐसे में उन्हें अपने एक रिश्तेदार के साथ मां को वापस घर भेजना पड़ा लेकिन वह यहीं रुक गए थे क्योंकि वह अपने हक के लिए लड़ना चाहते थे।*

- सिंह जब घर से निकले, तब उनकी मां बीमार थी

*मां के इलाज के लिए परिवार को ब्याज पर एक लाख रुपये कर्ज पर लेना पड़ा ताकि उनकी मां की सर्जरी हो सके। ऑपरेशन के बाद मां ठीक हो गई है लेकिन अब उन पर बड़ा कर्ज है जिसे चुकाना है।*

*सिंह के अनुसार उनके जैसे कई किसान हैं जो कम कमाते हैं और कर्जदार हैं। नए कानूनों से किसानों की तकलीफ और बढ़ेगी। कृषि क्षेत्र में उद्योगपतियों के आ जाने से आजाद मुल्क में गुलाम बन चुके हैं। उन्होंने खुद को बेड़ियों में इसलिए जकड़ा है ताकि सरकार को नींद टूटे और किसानों की तकलीफ की तरफ सरकार का ध्यान खींच सके। बेड़ियों की वजह से कबल को चलने-फिरने, खाने व अन्य कामों में बेहद तकलीफ होती है लेकिन वे प्रदर्शन जारी रखे हैं।*



कबल सिंह खुद को जंजीरों में बांधकर खड़े हुए

# किसानों की लड़ाई अब आर-पार की हो चुकी है: केजरीवाल



किसानों के बीच पहुंचे सीएम केजरीवाल और डिप्टी सीएम सिसोदिया।

- मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को दी बहस चुनौती ताकि बिल की सच्चाई आए देश के सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीनों नए कानूनों के खिलाफ किसानों की लड़ाई अब आर-पार की हो चुकी है। किसान अपनी खेती बचाने के लिए कड़ाके की ठंड में बैठे हैं। भाजपा का एक भी मंत्री और नेता नहीं है जो इन कानूनों के फायदे समझा सके।

केजरीवाल ने केंद्र सरकार को चुनौती दी कि वह तीनों बिलों पर खुली बहस करा ले, ताकि बिल की सच्चाई पूरे देश के सामने आ जाए। उन्होंने मोदी सरकार से किसानों की बातें सुन कर तीनों कानूनों को वापस लेने का अनुरोध किया ताकि इस संघर्ष को खत्म किया जा सके। अरविंद केजरीवाल ने गुरू गोविंद सिंह के चार बेटों व माता गुजरी की शहादत पर दिल्ली सरकार की पंजाब एकेडमी द्वारा सिंघु बॉर्डर पर आयोजित कीर्तन दरबार में हिस्सा लेने के दौरान यह बातें कही।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा किसानों से जमीन छीन कर अपने पूंजीपति दोस्तों को देने के लिए तीनों कानून लाई है। आज देश दो हिस्सों में बंटा हुआ है। एक वे लोग हैं, जो करोड़ों किसानों को नुकसान पहुंचा कर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। दूसरे वे लोग हैं, जो इन किसानों के साथ खड़े हैं।

हम सब आज गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों और माता कुजरी कौर जी की सबसे बड़ी शहादत को नमन करने के लिए इकट्ठे हुए हैं। शायद भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के मानव जाति के पूरे इतिहास में इस तरह की शहादत की दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती है। आज किसान दिल्ली के बॉर्डर पर आए हुए हैं। किसानों पर मुसीबत आई हुई है। पिछले 32 दिनों से खुले आसमान के नीचे किसान सोने को मजबूर हैं।

केजरीवाल ने कहा कि 70 साल से किसानों को सभी पार्टियों ने धोखा दिया है। सारी पार्टियां कहती थीं कि किसानों का ऋण माफ करेंगी,बच्चों को नौकरी देंगी लेकिन किसी ने न तो लोन माफ किया और न ही नौकरी दी। अब ये तीनों कानून लेकर आए हैं। इन तीनों कानूनों के जरिए किसानों की खेती भी छीनना चाहते हैं। किसान के पास खेती के अलावा तो कुछ होता नहीं है।

अगर उनकी खेती भी चली गई, तो फिर वह कहां जाएंगे। जब खेती भी चली जाएगी और खेतों पर बड़ी-बड़ी कंपनियों का अधिकार हो जाएगा, तो किसान के पास कुछ भी नहीं बचेगा। अपनी खेती को बचाने के लिए किसान बैठे हैं। केंद्र सरकार ने अपने सारे वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतार दिया है।

## न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऊपरी हिमालई क्षेत्र को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम तापमान रविवार को थोड़ा बढ़ गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

दिल्ली के लिए प्रतिनिधिक आँकड़े प्रदान करने वाली सफदरजंग वेधशाला ने रविवार सुबह न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो शनिवार को 4.6 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि, आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि राहत अल्पकालिक होगी।

आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी हिमालय से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं से उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आएगी। मौसम विभाग ने कहा, 28 से 29 दिसंबर तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में अलग-अलग इलाकों में बहुत अधिक शीतलहर चलने की संभावना है। इन क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने का भी अनुमान है। पिछले रविवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान है।



## केजरीवाल का कृषि कानूनों का विरोध महज दिखावा : नरेश

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व वरिष्ठ किसान नेता डॉ. नरेश कुमार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी द्वारा किया जा रहा नए कृषि कानूनों का विरोध दिखावा है।

उन्होंने आप को भाजपा की बी टीम बताया और कहा दोनों पार्टियां मिलकर किसानों को भ्रमित करने का काम कर रही है। डॉ कुमार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रविवार को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने सीएम से सवाल किया कि अगर उनको लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा बनाये गए नए कानून किसानों के खिलाफ हैं तो इनमें से एक कानून को आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में लागू क्यों किया। बाकी दोनों कानूनों पर भी विचार करने की बात क्यों कही।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी दिल्ली के नेहरू प्लेस इलाके में रविवार को एक टैम्पो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में 55 वर्षीय शख्स की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दोनों वाहन नेहरू प्लेस फ्लाईओवर पर कालका जी मंदिर की तरफ जाते हुए क्षतिग्रस्त हालत में मिले। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त आरपी मीणा ने बताया, नेब सराय इलाके के निवासी सूबेदार टैम्पो के क्षतिग्रस्त कैबिन में फंसे मिले। उन्हें एम्स ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। टैम्पो में सवार जयचंद और शमशेर को भी घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया है। ट्रक चालक ने लापरवाही से अपना वाहन सड़क पर खड़ा कर दिया था, जिस वजह से यह टक्कर हुई। चश्मदीद के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## त्रिलोकपुरी में दो समूहों में झड़प, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्रिलोकपुरी में दो समूहों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि झड़प शनिवार रात करीब दस बजे एक दुकान के कर्मचारी की पिटाई की घटना के बाद शुरू हुई।

उन्होंने कहा कि दुकान के एक कर्मचारी की पिटाई के मुद्दे को लेकर कासिम और शाहिद नामक व्यक्तियों से जुड़े एक समूह की झड़प मन्नान नामक व्यक्ति से जुड़े समूह से हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान गोलीबारी भी हुई और गोली लगने से शाहिद की मौत हो गई तथा कई अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है।

## राहुल एबीवीपी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक नियुक्त



*नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शनिवार सम्पन्न हुए 66वें राष्ट्रीय अधिवेशन में नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई। इसमें राहुल चौधरी को राष्ट्रीय मीडिया संयोजक फिर नियुक्त किया गया है। चौधरी को राष्ट्रीय मंत्री का भी दायित्व सौंपा गया है। राहुल चौधरी मूलरूप से उत्तर प्रदेश के आगरा के रहने वाले हैं। वह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में शोध छात्र हैं।*

## संक्षिप्त समाचार




रामलीला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कोरोना योद्धा सम्मान समारोह में छत्र सिंह वरिष्ठ फोटो पत्रकार कोसम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा।

### डिजिटल माध्यम से होगा कौशल विकास

**नई दिल्ली।** एनएसडीसी की मीडिया एंड एंटरटेनमेंट काउंसिल (एमईएससी) ने डिजिटल माध्यम से पेशेवरों को प्रशिक्षण देने वाली संस्था डिजिविद्यापीठ के साथ समझौता किया है। डिजिविद्यापीठ उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार आनलाइन पाठ्यक्रम तैयार करेगी जिन्हें एमईएससी मान्यता प्रदान करेगी। हाल में एमईएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित सोनी एवं डिजिविद्यापीठ के प्रबंध निदेशक प्रदीप खत्री के बीच इस बाबत एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। डिजिविद्यापीठ शुरूआती चरण में डिजिटल मीडिया मार्केटिंग तथा मोबाइल जर्नलिज्म जैसे कोर्स शुरू करेगी जो मौजूदा पेशेवरों के कौशल में विकास करेंगे तथा उन्हें आधुनिक जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे। मोहित सोनी ने कहा कि डिजिविद्यापीठ युवाओं के करियर को भावी जरूरतों के अनुरूप आकार देने में सक्षम है। डिजिविद्यापीठ के प्रबंधन निदेशक प्रदीप खत्री ने कहा कि एमईएससी के साथ मिलकर कार्य करना उनके लिए गौरव का विषय है।

### भारतीय धर्मतंत्र राष्ट्र निर्माण को आगे बढ़े: स्वामी आनंद



स्वामी आनंद स्वरूप

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हॉल में हिन्दू पंचायत सम्पन्न हुई। शंकराचार्य परिषद द्वारा आयोजित इस पंचायत की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष स्वामी आनन्द स्वरूप ने कहा कि हिन्दू पंचायतों का आयोजन भारत को हिन्दू गणराज्य बनाने के लिए किया गया है। इसके पूर्व उन्होंने विशिष्ट अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर पंचायत सभा का उद्घाटन किया। पूर्व सांसद विजय सोनकर शास्त्री ने कहा कि मध्यकाल में मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, दलित और आदिवासी जैसे शब्द भारत में पनपे। प्रख्यात साहित्यकार विनय कृष्ण चतुर्वेदी 'तुफैल' ने इस्लाम की विस्तृत व्याख्या की। भाग्योदय फाउण्डेशन के अध्यक्ष आचार्य राम महेश मिश्र ने प्रमुख क्रांतिवीरों को श्रद्धापूर्वक याद किया। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के स्वामी धनेश्वर गिरि ने कहा कि हमारा सनातन धर्म भ्रमित अवधारणाओं के कारण अपने मुख्य स्वरूप को भूलता जा रहा है। पंचायत सभा का समापन शंकराचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम मे रवि रंजन सिंह, कौशल नारायण मिश्र, सुरेश पाण्डेय, मोनिका आनन्द,चेतना कालरा, सुनीता कुमारी, राजकुमार वैश्यव, हरीश पाण्डेय, पुनीत कुमार, विनय पाण्डेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आप कार्यकर्ताओं का तीनों मेयरों के घर के बाहर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी के 2500 करोड़ के कथित घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने तीनों मेयर के आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उनका पुतला भी फूंका।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि पिछले डेढ़ दशक से नगर निगम में भाजपा की सरकार है। इन सालों में उसने केवल भ्रष्टाचार करने के अलावा और कोई काम नहीं किया। दुर्गेश पाठक के अनुसार दिल्ली वालों ने भाजपा को नगर निगम की सत्ता में बैठाया और नगर निगम के सैकड़ों कामों के साथ-साथ एक सबसे महत्वपूर्ण काम, साफ सफाई की जिम्मेदारी भाजपा को सौंपी। लेकिन आज किसी भी गली में जाने पर जगह- जगह गंदगी और कूड़े के ढेर नजर आता है।

नालियां गंदगी से अटीपटी है। कहीं भी कोई मकान बनता है, तो भाजपा के पार्षद उगाही करने पहुंच जाते हैं। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा इतनी अधिक हो गई है कि आज निगम के अधीन काम करने वाले डॉक्टरों, नर्सों, अध्यापकों, मालियों, सफाई कर्मचारियों समेत तमाम अन्य कर्मचारियों का वेतन तक नहीं दे पा रही हैं। एमसीडी इतनी दुर्दशा होने के बावजूद भी विपक्षी पार्टी के नेताओं ने नगर निगम में 2500 करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। दिल्ली के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है।

## आदेश गुप्ता ने जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने अशोक विहार के भारत नगर में खोले गए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया और सभी को जन औषधि केंद्र से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना एक महत्वकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से दवाइयां मार्केट रेट से सस्ती मिलती है। औषधि केंद्रों से दिल्ली के हर वर्ग के लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध होंगी जिससे की दवाइयां पर आने वाले खर्च की बचत होगी। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में लगातार खुल रहे इन जन-औषधि केन्द्रों से दिल्ली की जनता को बहुत बढ़ा लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों में दिल्ली में जन औषधि केंद्र के लगभग 500 आउटलेट खोले जाएंगे।

# डीयू में भाजपा नेताओं ने युवाओं संग सुनीं पीएम के मन की बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय परिसार में युवाओं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा युवा मोर्चा ने इस विशेष कार्यक्रम को आयोजित किया था। मन की बात सुनने के बाद गोयल, आदेश समेत अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर पीयूष गोयल ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि पीएम मोदी का सम्बोधन युवाओं के साथ हम सबके प्रेरक स्वामी विवेकानंद से जुड़े दिल्ल विश्वविद्यालय परिसार में बैठकर सुनने का अवसर मिला। पीएम ने अपने सम्बोधन में जिन युवाओं के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान का जिक्र किया वह यहां मौजूद युवाओं के लिये भी प्रेरक है। सभी को इनका अनुसरण करना चाहिए। अपने कार्यकाल के शुरू से ही प्रधानमंत्री ने साफ सफाई और डिजिटलईजेशन पर जोर दिया जिसे देशभर के लोगों ने स्वीकारा और आज कोविड काल में दोनों ही बहुत काम आए हैं। केंद्रीय मंत्री लोगों से मेक इन इंडिया की ओर बढ़ते हुए आत्मनिर्भर भारत को और मजबूत बनाने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री का संबोधन दूरदर्शी सोच और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिये एक दिशा दिखाती है।



पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार 28 दिसंबर, 2020



# कोरोना के नए रूप से प्रभावित हो रहा वस्त्र निर्यात उद्योग

## इंग्लैण्ड में वायरस के नए स्ट्रेन के मिलने के बाद वस्त्र निर्यातक दिखे खासे चिंतित



संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** महामारी के कारण हमारे देश को ही नहीं, बल्कि विश्व के अन्य देशों को भी भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ी है। सभी देश इस आर्थिक नुकसान से उबरने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अभी जिंदगी और कारोबार कुछ पटरी पर आने लगे थे, अब कोरोना का नया स्ट्रेन मिलने के बाद फिर से चिंता की लकीरें गुरुग्राम के वस्त्र उद्योग में लगे उद्योपतियों के माथे पर आ गई हैं। क्योंकि यहां से भारी मात्रा में यूरोप के कई देशों में वस्त्रों का निर्यात किया जाता है।

कोरोना का नया स्ट्रेन मिलने के बाद इंग्लैण्ड में लॉकडाउन घोषित किया जा चुका है। जिसका प्रभाव भारत सहित सभी देशों पर पड़ना संभव है। इंग्लैण्ड से जो लोग भारत आ रहे हैं, उनकी कोरोना जांच भी की जा रही है।

गुरुग्राम वस्त्र निर्यात उद्योग का हब है। यहां से यूरोप के लगभग सभी देशों में बड़े पैमाने पर वस्त्रों का निर्यात किया जाता है। कोरोना महामारी में तो वस्त्र निर्यात का कारोबार प्रभावित हो गया था। अनलॉक में कारोबार के आगे बढ़ने की उम्मीद जगी थी। जिसकी शुरुआत भी हो चुकी थी, लेकिन इंग्लैण्ड में फिर से लॉकडाउन घोषित हो जाने से वस्त्र निर्यात उद्योग प्रभावित होता दिखाई दे रहा है।

### गुरुग्राम में हैं एक हजार से भी अधिक वस्त्र निर्यातक

**उद्योग** विहार स्थित औद्योगिक प्रतिष्ठानों का प्रतिनिधित्व करने वाली गुड़गांव उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव और गुड़गांव इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के संस्थापक महासचिव केके कपूर का कहना है कि गुरुग्राम में एक हजार से भी अधिक वस्त्र निर्यातक हैं। ये अमेरिका व यूरोप के देशों में परिधानों का निर्यात करते हैं। वायरस के नए रूप को लेकर कारोबारियों का चिंतित होना स्वभाविक है।

### यूरोपीय देशों से ऑर्डर हो रहे हैं कैंसिल

**गुरुग्राम** के वस्त्र निर्यातकों का कहना है कि वायरस के इस नए खतरे को देखते हुए यूरोपीय देशों के कारोबारियों ने अपने पूर्व में दिए ऑर्डर पर काम करने से रोक दिया है। इससे वस्त्र उद्योग प्रभावित होता दिखाई देने लगा है। वहां के कारोबारियों का कहना है कि इंग्लैण्ड में स्थिति काफी खराब हो गई है। जबकि कोरोना महामारी को लेकर यूरोप के अन्य देशों में पहले से ही काफी सख्ती बरती जा रही है। इन कारोबारियों का यह भी कहना है कि यदि यह नया कोरोना वायरस और अधिक फैल गया तो उनके कारोबार की स्थिति और भी खराब हो जाएगी। अब उनको नए ऑर्डर मिलने भी बंद हो गए हैं। पुराने ऑर्डर कैंसिल हो रहे हैं। ऐसे में अथव्यवस्था की रफ्तार भी प्रभावित हो जाएगी।

# किसान नेता राकेश टिकैत के विवादित बयान पर भड़के लोग



फर्रूखनगर में दोहली संघर्ष समिति की बैठक में बोलते ब्राह्मण समाज के लोग।

**गुरुग्राम।** उत्तर प्रदेश के किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा दिए गए विवादित ब्यान की निंदा हो रही है। उनके खिलाफ लोग भड़के हुए हैं। इसी कड़ी में रविवार को गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर स्थित दोहली संघर्ष समिति के कार्यालय पर ब्राह्मण समाज के लोगों की बैठक हुई।

बैठक में दोहली संघर्ष समिति के संस्थापक कृष्ण शर्मा पातली, चेयरमैन राजबीर शर्मा, पूर्व नगर पार्षद नीरु शर्मा, अजय शर्मा, अरमान कौशिक, माणिक शर्मा, महेंद्र शर्मा आदि ने कहा कि राकेश टिकैत ने केवल ब्राह्मण समाज, बल्कि सनातन धर्म के खिलाफ जहर फैलाने के कार्य किया है। वे केवल धार्मिक भावनाओं के आधार पर लोगों को आन्दोलन के लिए उकसाने का कार्य करना चाहते हैं। उनकी मंशा देश व समाज को तोड़ने की है। लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करके वह सरकार के खिलाफ लोगों को इस आंदोलन में जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि समस्त दोहली संघर्ष समिति व ब्राह्मण समुदाय राकेश टिकैत की निंदा करता है। साथ ही सरकार से अनुरोध करते है कि समाज में जहर फैलाने वाले ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

राकेश टिकैत द्वारा सोशल मीडिया पर विवादित बात कहकर वायरल करने की मंशा यह दर्शाती है कि उनका यह सामाजिक दुष्प्रचार ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे और समाज का सौहार्द बिगड़े। उन्होंने अपने भाषण में सनातन धर्म को सिख धर्म से अलग दिखाकर धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की है। कृषि कानूनों में कुछ सुधारीकरण को लेकर यह आन्दोलन है, न कि किसी धर्म और भंडारों को लेकर। उन्होंने मंदिरों में पूजा करने जाने वाले लोगों का उपहास उड़ाया है।

# थाली- ताली-घंटी बजाकर किया कृषि कानूनों का विरोध

## किसान आंदोलन के समर्थन में शहर में निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में ताली-थाली, घंटी बजाकर कृषि कानूनों का विरोध करते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

**किसान** आंदोलन के समर्थन में रविवार को संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के सदस्यों ने सदर बाजार में ताली-थाली-घंटी बजाकर केन्द्र सरकार के कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। मोर्चा के सदस्य कमान सराय में एकत्रित हुए और इसके बाद सदर बाजार में रैली निकाली।

संयुक्त किसान मोर्चा की अध्यक्षता करते हुए संतोख सिंह एडवोकेट ने कहा कि किसान अपने अधिकारों को लेकर लगातार पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही केन्द्र सरकार के अड़ियल रवैये के चलते किसान दिल्ली के चारों तरफ बॉर्डर पर पिछले एक महीने से धरना देने को मजबूर हैं। मोर्चा के संयोजक आरएस राठी ने बताया कि केन्द्र सरकार के कृषि कानून किसान के भले के लिए नहीं है, बल्कि उन्हें बंधवा मजदूर बनाने के लिए हैं। केन्द्र की बीजेपी सरकार अडानी-अंबानी जैसे व्यापारियों के लिए काम कर रही है और उन्हें किसानों के हितों से कोई लेना देना नहीं है। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य लगातार किसानों के आंदोलन के समर्थन में सक्रिय हैं और अंतिम समय तक उनके हकों के लिए लड़ते रहेंगे। इसी कड़ी में रविवार को भी मोर्चा के पदाधिकारी कमान सराय में एकत्रित हुए। वहां से डाकघर, सदर बाजार, मस्जिद, सोहना चौक, कमला नेहरू पार्क के सामने से निकलते हुए वापिस कमान सराय पहुंचकर रैली खत्म की। मोर्चा के सदस्यों ने केन्द्र सरकार को जगाने के लिए जमकर ताली-थाली-घंटिया बजाई। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारी कमलवीर, धीरज यादव, अभय पुनिया, नवनीत रोज समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे। यहां निर्णय लिया गया कि सोमवार को राजीव चौक स्थित लघु सचिवालय के निकट अनिश्चितकालीन धरना भी दिया जाएगा।



केएमपी पर ताली व थाली बजाते धरने पर बैठे किसान।

# किसानों ने ताली और थाली बजाकर विरोध जताया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकट की घड़ी में देश को एकजुट करने की भावना के साथ पूरे देश से ताली और थाली बजाने का अनुरोध किया था। रविवार को एक बार फिर आंदोलनकारी किसानों ने देश को एकजुट करने के लिए और सरकार के तीनों काले कृषि कानूनों के खिलाफ ताली और थाली बजाकर एक संदेश लोगो को जगाने के लिए दिया है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर कुछ समय पहले पूरा देश ताली और थाली बजाता हुआ दिखाई दिया था, लेकिन 27 दिंसबर का परिदृश्य कुछ अनोखा देखने को मिला। पीएम मोदी की तर्ज पर उन्हीं के प्रोग्राम मन की बात का विरोध करने के लिए आंदोलनकारी किसानों ने ताली और थाली बजाकर अपना विरोध जाहिर किया। कहा कि अगर भाजपा सरकार अपने तानाशाही रवैये से अब भी बाज नहीं आती तो देश का किसान देश की राजनीति में परिवर्तन लाने का काम करेगा। किसानों का कहना है कि प्रधानमंत्री अपने संबोधन में किसानों के हितैषी होने का ढोल पीटते हैं लेकिन किसान इस कड़कड़ाती ठंड में सड़कों पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है, लेकिन देश का प्रधानमंत्री किसानों को लेकर किसी भी तरह का कोई सार्थक ब्यान नहीं दे रहा है।

ऐसे में जाहिर है कि सरकार की मंशा किसानों के हित में नहीं है। वही आंदोलनकारी किसानों ने स्पष्ट किया कि सत्ताधारी ये ना सोचा कि इस आंदोलन को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। यह आंदोलन पूरी गर्म जोशी के साथ ऐसे ही लगातार तब तक बढ़ता रहेगा। जब तक इन काले कानूनों को वापस नहीं लिया जाता है।

आपको बता दे कि पलवल के नेशनल हाइवे-19 स्थित गांव अटोहां चौक पर पिछले 25 दिनों से कृषि बिलों को रद्द करवाने, एमएसपी पर कानून बनवाने के लिए धरने पर बैठे किसानों का मनोबल को दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और ठंड व सर्दहवा भी उनके मनोबल को कम नहीं कर पाई रही है।

किसानों की धरना स्थल पर क्रमिक भूख हड़ताल के सातवें दिन भी 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल जारी रही। सातवें दिन की भूख हड़ताल पर गांव अलावलपुर, नया गांव, जनौली, किठवाड़ी और गोपीखेड़ा की तेवतिया पाल के 11 किसान बैठे। रविवार को भूख हड़ताल पर बैठे किसानो में जगवीर, गौरव तेवतिया, देव रतन, विशंबर द्याल, दिगंबर सिंह, शमशेर सिंह, दलबीर, शिव नारायण, नरवीर दलाल, बिजेंद्र सिंह व राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नीट, आईआईआईटी परीक्षा पास करने वाले छात्रों का भव्य स्वागत

**फर्रूखनगर।** एचसीआई कोचिंग सेंटर के दो छात्रों ने नीट, आईआईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण करके एमबीबीएस व आईआईआईटीएम में दाखिला लेकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। दोनों छात्रों की कामयाबी पर कोचिंग सेंटर के निदेशक एवं क्षेत्र के लोगों ने सम्मान किया और बधाई दी। एचसीआई फर्रूखनगर के निदेशक महीपाल यादव ने बताया कि उनके दो छात्रों जतिन कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी ताजनगर ने नीट परीक्षा 2020 के लिए क्वालिफाई किया और रोहतक पीजीआई में एमबीबीएस में दाखिला प्राप्त किया। वहीं कुलदीप मंगला पुत्र राजीव मंगला निवासी फर्रूखनगर ने आईआईआईटी परीक्षा पास की और आईआईआईटीएम ग्वालियर में दाखिला प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों ही छात्र पढ़ने में लगनशील और मेहनती है। शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त करके मुकाम तक पहुंचे हैं। इसके लिए दोनों छात्र ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। शिक्षक का कार्य को बच्चों को शिष्टाचार का पाठ पढ़ाते हुए उनका मार्गदर्शन करना होता है। जो छात्र उनके दिखाएं मार्ग का अनुसरण करते हैं वह अवश्य ही सफलता प्राप्त करते हैं। इस मौके विजय तंवर, अजय राणा, सोनिका यादव, पंकज शर्मा, अनिता, किवता, ज्योति, अरुषि मान आदि ने भी छात्रों को बधाई दी।

### अर्जुन बना योग सम्राट और लावण्या योग सम्राज्ञी



**पलवल।** पातली गेट स्थित दयानंद स्कूल में पतंजलि योग संस्थान व जिला योग संघ की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का समापन हुआ। समारोह का आयोजन गुरमेश आर्य तथा दशरथ थानेदार द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मिथिलेश शर्मा व अलका शर्मा थीं। समारोह में अनेक राज्यों से आए लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका अंतर्राष्ट्रीय कोच लक्ष्मण सिंह देशवाल, पवन कुमार, नीलम, नीरज, राजबाला, चित्रा कुंडू कौशल कौशिक ने निभाई। समारोह में डॉ रूप, अर्पित, उत्तम, अजीत, संजीव, दुर्गा देवी ने सहयोग किया। समारोह में गुरुग्राम निवासी अर्जुन योग सम्राट तथा झज्जर निवासी लावण्या योग सम्राज्ञी बनी। इस अवसर पर दशरथ थानेदार ने कहा कि योग उत्तम स्वास्थ्य का आधार है। यदि आप प्रतिदिन योग करते हैं तो आपको प्रकृति के अनुसार स्वस्थ रहने का अवसर मिलता है। योग के माध्यम से हम देश को निरोगी बना सकते हैं। योगासन मानव जीवन में अनेक प्रकार से अपना प्रभाव डालता है। प्राचीनकाल में ऋषियों-मुनियों के स्वस्थ एवं दीर्घायु रहने का रहस्य योगासन ही था। योगासन मानव समाज के हर व्यक्ति को करना चाहिए। इससे न केवल शरीर फुर्तीला और निरोगी बना रहता है, बल्कि इसके द्वारा मानसिक, बौधिक एवं आध्यात्मिक विकास भी होता है। योगासनों द्वारा शरीर और मन की प्रवृत्तियों पर भी नियंत्रण रखा जा सकता है। योगासनों द्वारा व्यक्ति के आंतरिक अंगों, जैसे-हृदय, फेफड़ों, मस्तिष्क, पेट, गुर्दे, रक्त वाहिनियों तथा अन्त: स्त्रावी ग्रंथियों को काफी लाभ पहुंचता है।

### संभावित दुर्घटना होने वाले स्थानों, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगाएं रिफ्लेक्टर



**गुरुग्राम।** रविवार को पालम-विहार रोड, दिल्ली रोड, महाराणा प्रताप चौक तक दर्जनों सम्भावित दुर्घटना वाली जगहों पर तथा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाएं, ताकि ज्यादा कोहरे की स्थिति में दुर्घटनाएं होने से बचाव हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप जांघू ने बताया कि गुरुग्राम में दर्जनों जगह बीचों-बीच सड़कें खुदी हुई हैं। डिवाइडरों आदि ऐसी जगह थी जो ज्यादा कोहरा होने पर दिखाई ना दे। जिसके चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा रहता है। इसलिए उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर बड़ी टेप के रिफ्लेक्टर लगाए। अब यदि कोहरा ज्यादा हुआ तो ये टेप लाइट्स में चमक जाएंगी और दुर्घटनाएं नहीं होंगी। दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह से ये मिशन शुरू किया था। जनवरी माह तक हमारा ये मिशन जारी रहेगा।

### फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने की मांग पकड़ रही जोर

**फर्रूखनगर।** ऐतिहासिक शहर फर्रूखनगर का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां की संस्कृति, कला, विकास और सुनी अनसुनी कहानिया इसकी गाथा सुनाती है। बताया जाता है कि 1711 में फर्रूखनगर का उदय हुआ था। यहां के रणबांकुरों, जवान, किसान आमजन की बहादुरी के किस्सों का इतिहास गवाह है। आज 309 वर्ष व्यतीत होने के बाद भी फर्रूखनगर क्षेत्र को जो हक व तगमा मिलना चाहिए था, वह अभी तक नहीं मिला है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों में सरकार के प्रति गहरा रोष है। लोगों की मांग है कि सरकार फर्रूखनगर को उपमंडल का दर्जा देकर क्षेत्र के शहीदों, रणबांकुरों को सम्मान दे, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस मान-सम्मान को सहेज कर रख सकें।

# स्वस्थता प्रमाण पत्र को विद्यार्थी निसंकोच करा रहे कोविड़ टेस्ट

**सोहना।** बोर्ड की परीक्षाएं समय पर देने के लिए उत्साहित विद्यार्थी अपना स्वास्थता प्रमाण पत्र के लिए कोविड़ टेस्ट कराने में रुचि लेने लगे हैं। बीते एक सप्ताह में नागरिक स्कूलों में 444 विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के लिए कोरोना टेस्ट कराया है।

शिक्षा विभाग के आदेश पर सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में चल रही 9 से 12वीं कक्षाओं में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। स्कूल जाने से पहले विभाग के निर्देशानुसार स्कूल प्रभारी विद्यार्थियों से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र मांग रहे है। जिसको लेकर स्कूल प्रभारी विद्यार्थियों को नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रेरित कर रहे है। जिसको लेकर अब स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों में प्रमाण पत्र लेने के लिए जज्बा दिखाई देने लगा है। बीते छह दिनों में नागरिक अस्पताल में 444 सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले



छात्र-छात्राओं ने कोरोना की जांच कराई है। कक्षा बारह में पढ़ने वाली छात्रा साक्षी का कहना है कि वह बोर्ड की परीक्षा को लेकर पढ़ाई को स्कूल में जाकर करना उचित समझती है। लेकिन उसने जब स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के लिए अपना टेस्ट कराया तो उससे उसका आत्मविश्वास दो गुणा बढ़ गया है। साक्षी का कहना है कि वह अब नियमित रुप से स्कूल जा रही है।

### छात्रों के लिए विशेष सुविधा

**नागरिक** अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि नागरिक अस्पताल में आने वाले छात्रों को जांच कर प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर देने की सुविधा दी जा रही है। ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। विद्यार्थियों का टेस्ट के लिए विशेष सुविधा दी जा रही है।

# कर्मचारी पर कंपनी मैनेजर को रंजिशन पिटवाने का लगा आरोप

**सोहना।** कंपनी कर्मचारी पर प्रॉडक्शन मैनेजर को पुरानी रंजिश में अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी व डंडों से हमला करके गंभीर रुप से घायल करने का आरोप है। घायल मैनेजर को अस्पताल में दाखिल कराया गया।

भोंडसी पुलिस ने पीड़ित मैनेजर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्वास्तिका सिस्टम कंपनी में प्रोडक्शन प्रबंधक के पद पर तैनात दीपक कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी गुरुग्राम ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसकी कंपनी में अरूण पुत्र पप्पू मूल निवासी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश व हाल निवास घामडौज में रिश्तेदार के पास रहता है। दीपक कुमार ने बताया कि अरूण पिछले कई दिनों से कंपनी के नियम को तोड़ते हुए काम के दौरान अपने मोबाइल से गाने सुनता था। जो तीन दिन से यह कार्य कर रहा था। अरूण को उसकी इन हरकतों के कारण कंपनी से बाहर कर दिया गया।

# श्रीराम मंदिर के निर्माण में हर परिवार दे सहयोग: मंजीत ठाकुर



ग्रेटर नोएडा के गांव दयानतपुर में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर जनसंपर्क अभियान के दौरान बीजेपी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ मंजीत ठाकुर।

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

## श्रीराम मंदिर के निर्माण को शुरू किया जन सम्पर्क अभियान

**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए पूरे देश में आरएसएस का जन सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। जन सम्पर्क अभियान के तहत आरएसएस और भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा ग्रेटर नोएडा के गांव दयानतपुर में एक सभा का आयोजन जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता मंजीत ठाकुर के आवास पर किया गया।

इस दौरान श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और गांव-गांव टीम गठित की गई। भाजपा नेता मंजीत ठाकुर ने आरएसएस के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पूरे देश में कोई भी परिवार श्री राम मंदिर के निर्माण की भागीदारी में पीछे ना रहे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण कराकर 125 करोड़ लोगों की आस्था को जगाया है। सभा में प्रमुख रूप से जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता मंजीत ठाकुर, भाजपा नेता सुरेश चंद शर्मा, वीरेंद्र कुमार (संपर्क प्रमुख जेवर खंड आरएसएस), शिवकुमार शर्मा (पर्यावरण अध्यक्ष आरएसएस), प्रमोद कुमार सिंह, संजय रावत मंडल उपाध्यक्ष जेवर, यतीश ठाकुर, हेम गोयल वरिष्ठ समाजसेवी, नीरज चौहान इंजीनियर नोयडा, अजय फौजी, शिवकांत मंडल महामंत्री रबूपुरा, धर्मेंद्र चौहान, ठाकुर शेरसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत एपीएसी जीन एडिटिंग बाजार में है मजबूत स्थिति में


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नोबल** पुरस्कार का इतिहास देखें, तो यह पुरस्कार 57 महिलाओं को 58 बार दिया जा चुका है। मैरी क्यूरी को यह पुरस्कार दो बार मिला है। कैमिस्ट्री के लिए 2020 का नोबल पुरस्कार पहली बार महिलाओं की एक पूरी टीम को दिया गया है। इससे पहले ऐसा केवल एक बार हुआ, जब नोबल शांति पुरस्कार 1976 में नर्दर्न आयरलैंड शांति अभियान के संस्थापकों को दिया गया।

1987 में बैक्टीरिया में क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिन्ड्रोमिक रिपीट्स (क्रिस्पर) की खोज हुई, लेकिन बैक्टीरिया के एंटीवायरस डिफेंस सिस्टम के रूप में उनका कार्य साल 2000 में स्पष्ट हुआ। बैक्टीरिया वायरस के डीएनए का हिस्सा कास एंजाइम का उपयोग कर अपने खुद के जीनोम में लेता है। परिणामस्वरूप उत्पन्न क्रिस्पर सीक्वेंस उन्हें वायरल



डा. रत्ना कुमरिया



डा शिवेंद्र बजाज

हमले को पहचानने और उससे लड़ने में समर्थ बनाते हैं।

जेनिफर दूदना और इमैन्युअल शार्पेंटियर ने 2012 में प्रदर्शित किया कि बैक्टीरियल डिफेंस सिस्टम को जीन सीक्वेंस की एडिटिंग के लिए 'कट एंड पेस्ट' टूल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह टूल सस्ता है, इसमें जीन एडिटिंग के लिए उपलब्ध अन्य टूल्स के मुकाबले कम मेहनत लगती है और यह ज्यादा सटीक परिणाम देता है। जीन सीक्वेंस पढ़ने और विश्लेषण करने के अलावा, क्रिस्पर ने वैज्ञानिकों को जीन्स में संशोधन करने और सही परिवर्तन करने में समर्थ बनाया। एडिटिंग की यह एप्लीकेशन पहली बार 2012 में प्रस्तुत की गई। डॉक्टर रत्ना कुमरिया, डायरेक्टर-बायोटेक्नॉलॉजी, एएआई ने कहा, ''जीन एडिटिंग की टेक्नॉलॉजी से मानव प्रदत्त बीमारी दूर करने, विलुप्तप्राय प्रजातियों को बचाने, जलवायु परिवर्तन का समाधान करने और बेहतर पैदावार के लिए फसलों का सुधार करने में मदद मिल सकती है। जीन एडिटिंग की विभिन्न तकनीकों में से क्रिस्पर को विस्तृत तौर पर स्वीकार किया व अपनाया गया है, क्योंकि यह बहुत सरल व प्रभावशाली तकनीक है। डा. शिवेंद्र बजाज, एक्जक्यूिटिव डायरेक्टर, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने कहा, ''इस टेक्नॉलॉजी का कृषि में सबसे सकारात्मक प्रभाव हो सकता है। इससे पैदावार, भोजन की विविधता, पोषण, बीमारी एवं कीट प्रतिरक्षा में वृद्धि हो सकती है और खाद्य पदार्थों की बर्बादी रुक सतत कृषि में मदद मिल सकती है।

# दिव्यांग यात्रियों के लिए बने शौचालय पर लटका ताला

**सोहना।** सोहना स्थित हरियाणा रोडवेज का बस स्टैंड प्रदेश में दूसरे स्थान पर आने वाला मार्डन बस स्टैंड माना जाता है। मगर इसके परिसर में स्थित दिव्यांग यात्रियों के लिए बना शौचालय पर 24 ताला लगा रहता है। इससे दिव्यांग यात्रियों को शौच के लिए इधर-उधर भटकते देखा जा सकता है। हरियाणा में मार्डन बस स्टैंड की श्रेणी में सोहना का सामान्य बस स्टैंड दूसरे नंबर पर आता है, लेकिन यहां दिव्यांग यात्रियों के लिए बने आधुनिक शौचालय पर 24 घंटा ताला लटका होने से दिव्यांगों को परेशानी होती है। ऐसे में दिव्यांग बस स्टैंड भवन के आस-पास अवांछनीय स्थानों पर या खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि कई बार तो मानसिक रुप से कमजोर दिव्यांग यात्री को उसके परिजन जब तक उसे शौच कराने के लिए खुले में लेकर जाते हैं। उससे पहले वें कपड़ों में ही शौच कर देते हैं। जिससे दिव्यांग के परिजन यहां बना आधुनिक शौचालय पर लटके ताले को कोसते हैं।

## निजी स्वार्थ के लिए खुलता है ताला



**दैनिक** यात्री राकेश का कहना है कि वह दिल्ली सर्विस करता है। वह जिला पलवल के शहर हथीन का निवासी है। वह शाम को अपने घर जाने से पहले करीब एक घंटा स्टैंड पर बैठकर बस का इंतजार करता है। शाम को यहां तैनात हरियाणा रोड़वेज के कच्चे व पक्के कर्मचारी अपने जरूरत के लिए दिव्यांग वाले शौचालय का ताला खोलते हैं या फिर अपने नजदीकी के लिए ताला खोल देते हैं। इस संबंध में जब बस स्टैंड प्रभारी गणेश यादव से जानकारी लेना चाहा तो उन्होने इस मामले में चुप्पी साध ली। जिसका उन्होंने कोई जबाव नहीं दिया। अपना पक्ष देने से इंकार कर दिया।

# समाजसेविका अशर्फी देवी का 85 साल की उम्र में निधन

**फर्रूखनगर।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् पातली निवासी 85 वर्षीय असर्फी देवी शर्मा निवासी पातली हाजीपुर का हृदय गति रुकने से शनिवार को देहांत हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गांव के ही शमशान घाट में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के राजनीतिक, समाजिक, शिक्षाविद व ग्रामीणों ने भाग लिया। भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रवीण शर्मा चेयरमैन रघुनाथ बाल विद्या मंदिर स्कूल पातली ने दी। इस मौके पर जिला परिषद् के उप-प्रमुख संजीव राव, शुभम शांति अस्पताल के चेयरमैन राव राजकुमार फौजी, बाबू लाल शर्मा, विनोद कुमार, वेदप्रकाश ठेकेदार, मुकेश राव मुबारिकपुर, कांग्रेसी नेता राजेंद्र पंडित, सतबीर धनखड़ प्रधान, बालकिशन, देविंद्र कुमार, परसराम शर्मा, महेंद्र शर्मा, मोहित, रोहित, नमन, विनेश आदि मौजूद रहे।

# अभी जिंदा हूं तो जी लेने दो, मेरी पेंशन चालू रहने दो

**कविता।** फरीदाबाद

## बुजुर्गों की पेंशन पर खेल जारी, मृत घोषित व अन्य तरीकों कर रहे परेशान

**समाज** कल्याण विभाग की कार्यशैली से बुजुर्गो को लगातार परेशान होना पड़ रहा है। कभी अधिकारी के तुगलकी फरमान से तो कभी द्वारा जिंदा लोगों को मृत घोषित करके परेशान किया जा रहा है। जो लोग जिंदा होने का सबूत दे रहे है, उनकी पेंशन सबूत देने के बाद जारी तो हो रही है, लेकिन वह भी सबूत देने के समय से, उससे पहले की पेंशन के लिए मृत घोषित जिंदा बुजुर्ग व्यक्ति लगातार विभाग के चक्कर काट रहा है। कुछ ऐसा ही हाल सेक्टर-22 निवासी शिवदयाल का है। ऐसे ही सैकड़ों बुजुर्गो की परेशानी का कारण जिला समाज कल्याण विभाग बना हुआ है।



### हैराफेरी या लापरवाही ?

**सेक्टर**-22 निवासी शिवदयाल ने बताया कि उसे पिछले 6-7 साल से वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी, लेकिन वर्ष 2020 में अप्रैल में जब वह पेंशन निकालने पहुंचा, तो पता चला कि फरवरी 2020 से उसकी पेंशन खाते में नहीं आई है। जिस पर उसने जिला समाज कल्याणा कार्यालय में पता किया, तो मालूम हुआ कि उसे विभाग ने वर्ष 2017 में मृत घोषित कर दिया है। अब विभाग की हेराफैरी का खेल था या लापरवाही का। जब उसे 2017 में मृत घोषित कर दिया गया था तो जनवरी 2020 तक उसके खाते में पेंशन कैसे आई। जब उसने जिंदा होने का सबुत जिला उपायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एमएलए, पार्षद को दिए, तो उसकी पेंशन नवंबर की उसे दिसबंर माह के अंत में मिली, लेकिन फरवरी से अक्टुबर 2020 की पेंशन अब भी अटक गई, जिस पर वह लगातार एक बार फिर से जिला उपायुक्त और जिला समाज कल्याणा विभाग के चक्कर काटने को मजबूर है। जिससे वह अपने इलाज का खर्च उठाने तक को मोहताज हो रहा है।

### लगातार परेशान बुजुर्ग

**शहर** के कुछ बुजुर्गो ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा पेंशन में लगातार नए नियम लागू कर दिए जाते है। कभी फार्म लेने के लिए एक डेट निर्धारित कर दी जाती है तो कभी चिकित्सकों के हस्ताक्षर करने के लिए बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ती है। सेक्टर-15 और बीके सिविल अस्पताल, नगर निगम तक के चक्कर लोगों को कटवाये जाते हैं। जिसके बाद पेंशन बनती है, तो उसमें भी परेशानी की वह अगले माह आऐंगी या फिर दो माह बाद। जिससे बुजुर्ग आए दिन परेशान हो रहे हैं।

# भाटी हत्याकांड : मुठभेड़ के बाद दो शार्प शूटर पुलिस ने किए गिरफ्तार

## हत्या के लिए दिया था 15 लाख रुपये और फ्लैट का लालच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 30 ने मनोज भाटी हत्याकांड में एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। इंस्पेक्टर विमल राय और उनकी टीम ने मुठभेड़ के बाद दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पूर्व सैनिक को पांच लोगों की हत्या में उम्रकैद की सजा हो चुकी है। फिलहाल वह पैरोल पर था।

क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने ओपी सिंह के मार्गदर्शन पर काम करते हुए उपरोक्त केस को सुलझाते हुए मात्र 48 घंटे में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसी कड़ी में सेक्टर 30 व इन्स्पेक्टर संदीप ने उत्तर प्रदेश के खतौली क्षेत्र के जानसठ थाने के एरिया से अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए दो कुख्यात शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। क्राइम को सूचना मिली थी कि खतौली क्षेत्र में दोनों शार्प शूटर आरोपी अपने किसी रिश्तेदार के यहां छुपे हुए हैं। क्राइम ब्रांच टीम तुरंत यूपी रवाना हो गई।

क्राइम ब्रांच के पहुंचने की दोनों शार्प शूटर को भनक लग गई और वहां से हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। लेकिन साहस व धैर्य का परिचय देते हुए टीम के सभी सदस्यों ने गांव की छतो से भागते हुए आरोपियों का पीछा शुरू किया। जो काफी मशक्कत के बाद गन्ने के खेत से भागते, छिपते आरोपियों को दबोच लिया गया। जिसके दौरान टीम के कई सदस्यों को गहरी चोटें भी लगी। गिरफ्तार आरोपी धीरेंद्र उर्फ फौजी मूल रूप से भोपा उतरप्रदेश व आर्यन उर्फ बिट्टू हरियाणा के पीपली खेड़ा गांव का रहने वाला है।

दोनों पर पहले भी हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, इत्यादि के मुकदमे दिल्ली आसपास क्षेत्र व जम्मू कश्मीर में दर्ज है। धीरेंद्र उर्फ फौजी जो वर्ष 2002 से इंडियन आर्मी में कार्यरत था। उसने 2016 में तैश में आकर एके 47 से पांच व्यक्तियों की गोलियों से भून कर एक साथ हत्या कर दी थी। जिसे आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। वह सेंट्रल जेल से पैरोल पर आया हुआ था। भाटी हत्याकांड के मुख्य आरोपी मनोज मंगरिया को भी आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है।

वह आरोपी धीरेंद्र उर्फ फौजी के साथ अंबाला सेंट्रल जेल में अपनी सजा काट रहा था। मनोज मांगरिया ने अपने मंसूबे कामयाब करने के लिए धीरेंद्र फौजी को 15 लाख रूपये व एक फ्लैट देने का लालच देकर मनोज भाटी की हत्या के लिए तैयार किया। धीरेंद्र उर्फ फौजी ने सुंदर भाटी और अंकित उर्फ बिट्टू को बुलाया था। बदरपुर बॉर्डर पर मनोज मांगरिया ने उन्हें रिसीव किया। जिसके बाद सभी ने मिलकर वारदात को अंजाम दे डाला।

# स्कूल संचालक डीसी को सौंपेंगे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में राजीव कॉलोनी स्थित कंचन विद्या मंदिर स्कूल के प्रांगण में फरीदाबाद, पलवल, होडल, मेवात, गुरुग्राम आदि जिलों की प्राइवेट स्कूल एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र सेन शर्मा ने की।

इस मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही विशेष रूप से स्कूलों को पूर्ण रूप से खोलने पर विचार विमर्श हुआ सभी स्कूल संचालकों ने एक स्वर से आवाज उठाई कि जब सभी क्षेत्रों को पूर्ण रूप से खोल दिया गया है तो स्कूलों को खोलने पर सौतेला व्यवहार क्यों? बच्चों की पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है, इस सत्र में 10 महीने बीत गए हैं, अब स्कूल खोले जाएं क्योंकि बच्चों का रिवीजन नहीं होने पर वार्षिक परीक्षाएं कैसे होंगी? इस मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 30 दिसंबर को सभी प्राइवेट स्कूल संचालक अपनी-अपनी एसोसिएशनों के बैनर तले अपने-अपने जिलों के उपायुक्त के माध्यम से स्कूलों को पूर्ण रूप से खोलने का मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्र सेन शर्मा और महामंत्री सतीश शर्मा के साथ-साथ पलवल जिले से सतवीर पटेल, जगदेव, राजवीर होडल से हरद्वारी लाल, बिसन, प्रभु दयाल कुसुम, मेवात से देशराज, रविंद्र, नरेश फरीदाबाद से प्रमुख स्कूल संचालकों में भरत शर्मा, अवतार सिंह, ओमप्रकाश धनखड़, राजेश शर्मा, जेपी अग्रवाल, प्रदीप नागर, राजकुमार गुप्ता, सफी मोहम्मद, नारायण डागर, राकेश अत्री, हरकेश, डालचंद, सुंदरलाल, टीकाराम शर्मा, विष्णु भगवान, बलराम आदि मौजूद रहे।

# हत्या के बाद फरार हुआ आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच डीएलएफ टीम के प्रभारी ने अपनी सूझबूझ से सराहनीय कार्य करते हुए फरीदाबाद पाली एरिया में हत्या कर लखनऊ के लिए बस में बैठ कर भाग रहे एक आरोपी को लखनऊ पुलिस की मदद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के मुताबिक धर्म कांटा मोहब्ताबाद के नजदीक रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार, 26 दिसंबर को रात करीब 8:30 बजे किसी ने उसके पति रणजीत उम्र 30 साल की पहाड़ी एरिया में ले जाकर हत्या कर दी है। जिस पर पुलिस ने थाना डबुआ में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के तुरंत रात करीब 9:00 बजे क्राइम ब्रांच डीएलएफ को मामले को जल्द सुलझाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

प्रभारी ने अपनी सूझबूझ से आरोपी के दोस्त और रिश्तेदारों से पूछताछ की तो शक मोहब्ताबाद के रहने वाले तनवीर पर गया। जब तनवीर के घर क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ के लिए गई तो पता चला कि तनवीर लखनऊ के लिए बस में बैठकर निकल चुका है। डीएलएफ प्रभारी ने यूपी बस डिपो से संपर्क साध कर बस की लोकेशन के बारे में पता किया कि बस आगरा से लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चल रही है। जिस पर लखनऊ के एसएचओ का नंबर हासिल कर टीम ने लखनऊ पारा एसएचओ से संपर्क किया। लखनऊ पारा एसएचओ को वारदात के बारे में बताया गया और उन से आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम ने आग्रह किया। एसएचओ लखनऊ पारा ने नाकाबंदी कर बस को रुकवा कर वीडियो कॉलिंग कर आरोपी को पहचानने के लिए क्राइम ब्रांच डीएल प्रभारी से संपर्क किया। प्रभारी क्राइम ब्रांच डीएलएफ के पहचानने पर आरोपी तनवीर को एसएचओ लखनऊ पारा ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए रात को निकल चुकी थी।

# 80 लाख से बनी चौपालों का किया उद्घाटन

## सभी क्षेत्रों में बिना भेदभाव के विकास करवा रही भाजपा सरकारः राजेश नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मिर्जापुर** गांव के सरपंच की कोशिश और सरकार की बिना भेदभाव नीति के कारण आज एक गांव में एक साथ तीन तीन चौपालों का उद्घाटन हो रहा है। ऐसा कभी कभार ही देखने को मिलता है। यह बात तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने गांव मिर्जापुर में 80 लाख की लागत से बनी तीन चौपालों का उद्घाटन करते हुए कही।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि लोगों की जनसंख्या के अनुपात में जमीनें तेजी से घट रही हैं। ऐसे में मिर्जापुर गांव ने एक मिसाल पेश की है कि उन्होंने एक गांव में तीन तीन चौपालों का निर्माण करवाने का बीड़ा उठाया। यहां के सरपंच भी बड़े मेहनती हैं। वह इन चौपालों की मंजूरी के लिए हमारे साथ चंडीगढ़ में पांच दिन तक डेरा डाले रहे। ऐसे लोगों को जीवन में ऊंचा स्थान मिलता है। विधायक नागर ने सरपंच महीपाल आर्य की प्रशंसा करते हुए उनके नाम पर ताली बजवाई। नागर ने कहा कि बात 80 लाख रुपये की नहीं बल्कि विजन की है। तीन नई चौपालें बन जाने के बाद गांव के लोगों के सामाजिक कार्यों को करने में कोई दिक्कत नहीं रहेगी। वहीं हमारे बड़े बुजुर्ग और बच्चे एक साथ बैठकर देश समाज की चर्चा कर सकेंगे। जिससे समाज को मजबूती मिलेगी।

## ध्यान, योग और यज्ञ शिविर का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** हरियाणा योग परिषद एवं आयुष विभाग द्वारा पतंजलि योग समिति फरीदाबाद के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय ध्यान, योग शिविर एवं गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन जिला कार्यालय सेक्टर-4 फरीदाबाद में किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम जिला प्रभारी अंकुर सिंह एवं महिला प्रभारी प्रेमलता चिकारा एवं योगाचार्य जयपाल शास्त्री के सानिध्य व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ सर्जन हेमंत अत्री को गीता पुस्तक भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर सर्वप्रथम यज्ञ, योग व ध्यान कराया गया।

# कोरोनाः 2 मौतें, 48 पॉजिटिव से आंकड़ा 45,328

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ जिले में कोरोना के रिकवरी रेट में बढ़ोत्तरी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ लगातार कोविड-19 के मामले सामने आ रहे है। रविवार को जिले में 48 कोरोना पॉजिटिव मामले नए आने से कोविड-19 का आंकड़ा 45328 पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ जिले में पिछले 24 घंटे में 2 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 401 पर पहुंच गया। राहत की बात यह रही कि जिले में 92 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.1 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ 1220 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### यहां से पॉजिटिव



**48 पॉजिटिव** में डबुआ कालोनी (1), पर्वतीया कालोनी (2), सेक्टर-19 (2), सेक्टर-16 (7), तिलक कालोनी (1), शास्त्री कालोनी (1), सेक्टर-49 (1), सेक्टर-88 (1), सेक्टर-46 (3), रोशन नगर (1), अजरौंदा (1), एनएच-5 (3), फतेहपुर बिल्लौच (2), सेक्टर-35 (3), सेक्टर-34 (1), सेक्टर-15 (2), सेक्टर-30 (1), सेक्टर-28 (1), गोपी कालोनी (1), सेक्टर-17 (7), सेक्टर-80 (2), मांगर (1) और अन्य एरियों से 3 मरीज शामिल है।

### यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 417975 |
| अब तक पॉजिटिव | : 45328 |
| अब तक नेगेटिव | : 371427 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1220 |
| गंभीर हालत में | : 22 |
| वेंटीलेटर पर | : 4 |
| अब तक मौत | : 401 |
| अब तक ठीक | : 44481 |

# मन की बात का किसानों ने किया थाली बजाकर विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को गांवों में किसानों ने थालियां बजाकर विरोध किया। विरोध का यह आह्वान तीन कृषि कानूनों व बिजली संशोधन बिल को वापस लेने की मांग को लेकर देशभर में आंदोलन चला रहे संयुक्त किसान मोर्चा ने किया था।

किसान मोर्चा के आह्वान पर रविवार को खेड़ी कलां गांव में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में थालियां बजाकर विरोध करने के बाद एक किसान सभा का आयोजन किया। सभा में सैकड़ों की संख्या में किसानो ने भाग लिया। सभा में किसान संघर्ष समिति नहर पार के संयोजक सतपाल नरवत, अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष नवल सिंह, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, किसान संघर्ष समिति के सदस्य रतन लाल राणा,धर्मपाल चहल, पूर्व सरपंच जिले सिंह ,फूलसिंह व सतन सिंह,धर्म बाबू, पंडित प्रताप सिंह, ऋषि पाल जांगड़ा आदि विशेष तौर पर उपस्थित थे। सभा में सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में केन्द्र सरकार द्वारा कृषि कानूनों व बिजली संशोधन बिल को वापस न लेने की हठधर्मिता की घोर निन्दा की ओर आंदोलन का तन-मन-धन से सहयोग एवं समर्थन करने का फैसला लिया गया।

सभा में आंदोलन के दौरान शहीद हुए 40 किसानों की शहादत पर प्रधानमंत्री सहित सभी केंद्रीय व राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा शोक तक व्यक्त न करने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। सभा में तीनों कृषि कानूनों व बिजली संशोधन बिल को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया गया और इनके वापस लेने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही गई।

किसान नेता सतपाल नरवत व नवल सिंह के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने मन की बात तो कर रहे हैं, लेकिन किसानों के मन की बात सुनने का समय उनके पास नही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार किसानों से बात करने का दिखावा कर रही है और दुसरी तरफ प्रधानमंत्री कृषि कानूनों को किसानों के फायदे में बता रहे हैं।

इसलिए तीनों कृषि कानूनों व बिजली संशोधन बिल को समाप्त करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत का कोई औचित्य ही नहीं बचता है। उन्होंने 25 दिसंबर को 9 करोड़ किसानों के खातों में पीएम सम्मान निधि योजना के तहत 18 हजार करोड़ डालने पर कहा कि यह पीएम के निजी खाते नही दिया गया है। यह सब सरकार का पैसा है।

उन्होंने कहा कि अगर स्वामीनाथन आयोग के सी2 फार्मूले के अनुसार एमएसपी ने मिलने और डीजल के दाम बढने से किसानों को लाखों का नुक्सान उठाना पड़ रहा है। इसके लिए सरकार ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मांगों को मानकर आंदोलन समाप्त करवाने की बजाय आंदोलन को बदनाम करने के लिए शर्मनाक तरीके से देशभर में अभियान चला कर जले पर नमक छिड़कने का काम कर रही है।

सभा में हरपाल सिंह,हुकम सिंह,बंसू, प्रकाश चन्द्र,जगदीश, मंगली राम, धर्मपाल, महेंद्र सिंह, ब्रह्मजीत, सतन सिंह पूर्व सरपंच, रामरतन, रोबिन, किशन सिंह, जिले, रणजीत सिंह, वेद पाल, बुद्धि, लज्जा राम, धर्मी, घूरेलाल, मोहन लाल, हौराम, हरिकिशन, नानक चंद, रामदेव डागर, कप्तान, बिजेंद्र आदि मौजूद थे।

## पुरानी हुई नहीं रिटायर्ड और नई की लग रही सिफारिश

**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा विभाग में हो अधिकारी की रिटायर्डमेंट के बाद लगातार हो रहे भ्रष्टाचार की परत न खुल जाए, इससे बचने के लिए वहां तैनात कर्मचारियों ने अभी से अपनी नौकरी बचाने का प्रयास शुरू कर दिया है। अधिकारी पलवल में बैठी एक महिला अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी बनाने के प्रयास में लगे हुए है, इसका खुलासा जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय से हुआ।

जानकारी के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र कौर वर्मा का जनवरी 2021 में रिटायर्ड होगी। वहीं दूसरी तरफ उनके रिटायर्डमेंट से पहले ही 28 प्राईवेट स्कूलों की फाइलों को शिक्षा निदेशालय से फर्जी साईन के कारण जांच के लिए वापस भेज दिया गया था। अब इन 28 स्कूलों की फाईलों पर यहां तैनात डिलिंग हेंड के अलावा कई कर्मचारियों पर जांच में शिकंजा कसा जा सकता है। जिसे देखते हुए अपनी नौकरी बचाने के लिए और फाईलों की जांच न हो।

# संक्षिप्त समाचार

## थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए लगा रक्तदान शिविर



**फरीदाबाद।** साई वाटिका रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 63 व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के संयुक्त प्रयास से एक रक्तदान शिविर का आयोजन साई वाटिका सेक्टर-63 फरीदाबाद में किया गया। साई वाटिका के प्रागण में लगने वाला यह पहला रक्तदान शिविर था। जिसमें साई वाटिका रेसिडेंट वेलफेयर एसोशेसन के प्रधान आरएन मिश्रा, अरविन्द श्रीवास्तव, रजनी कांत, महावीर प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार यादव, अनुप कुमार, शत्रुधन सिन्हा, निरंजन कुमार, रजनी कांत, मन्नू भाई व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा, महासचिव रविंद्र डुडेजा, जेके भाटिया एवं साई वाटिका रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की समस्त कार्येकर्णी का विशेष सहयोग रहा। बहुत सारे रक्तदाता वो थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया था सब का यही कहना था रक्तदान कर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उनके रक्त से अगर थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो की जान को बचाया जा सकता है तो वो हमेशा इस नेक काम के लिए तैयार रहेंगे। शिविर में रोटरी ब्लड बैंक फरीदाबाद की टीम ने डॉ प्रहलाद व कैंप इंचार्ज गौरव गांधी के नेतृत्व में रक्त एकत्र किया। चालीस रक्तदाता रक्तदान करने आये। आरएन मिश्रा ने आश्वासन दिया की वो अपने यहां हर 6 माह बाद रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहगे। साथ ही अरविन्द मिश्रा ने आश्वस्त किया कि थैलासीमिया की जानकारी के लिए वो प्रयासरत रहेंगे। ताकि कम से कम साई वाटिका रेसिडेंट वेलफेयर एसोशेसन सेक्टर 63 फरीदाबाद एक भी बच्चा थैलासीमिया ग्रस्त पैदा न हो। सभी रक्तदाताओ को रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल द्वारा उपहार दिए गए। जिसके लिए हरीश रतरा व रविंद्र डुडेजा ने मुकेश अग्रवाल जी का धन्यवाद किया।

## लावारिस मिले बच्चे को परिजनों को सौंपा



**फरीदाबाद।** मिसिंग पर्सन सेल सेक्टर 30 की टीम ने लावारिस हालत में मिले 8 वर्षीय बच्चे को उसके परिजनों को सौंपने का बेहतरीन कार्य किया है। गौरतलब है कि गत 25 दिसंबर रात करीब 8 बजे पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम को ओल्ड चौक के पास लावारिस हालत में एक 8 वर्षीय बच्चा रोते हुए मिला। पुलिस टीम ने बच्चे से रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह अपने मामा के घर पर रहता है और खेलने के लिए घर से बाहर आया था और रास्ता भूल गया अब वह अपने घर जाना चाहता है। नाम पूछने पर बच्चे ने अपना नाम हिमांशु बताया जब पुलिस टीम ने उससे उसका पता पूछा तो उसने उत्तर प्रदेश बताया। बच्चे का पता नहीं मिलने पर पुलिस टीम ने बच्चे को मिसिंग पर्सन सेल सेक्टर 30 को सौंपा। मिसिंग पर्सन सेल ने बच्चे का कोविड-19 टेस्ट कराया और नेगेटिव आने के उपरांत बच्चे को सीडब्ल्यूसी के माध्यम से आश्रम सेक्टर-29 में छोड़ा गया। मिसिंग पर्सन टीम ने बच्चे की दोबारा काउंसलिंग की तो बच्चे ने बताया कि वह खेड़ी पुल के नजदीक रहता है। बच्चे को गाड़ी में बैठा कर पुलिस टीम ने खेड़ी पुल के आसपास इलाके में पूछताछ की तो पता चला कि बच्चा वजीरपुर का रहने वाला है। जो मिसिंग पर्सन टीम ने आज बच्चे को उसके मामा निवासी वजीरपुर के हवाले किया है। बच्चे के मामा ने मिसिंग पर्सन की टीम का धन्यवाद किया

## बीमार को घर से निकाला वृद्धाश्रम ने अपनाया



**फरीदाबाद।** बेसहारा बुजुर्गो को आश्रय देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक में बेसहारा बुजुर्गो के आने का सिलसिला जारी है। रविवार को आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पेनॅल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता (डीएलएसए) और एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद गौतम ने फोन पर सूचना देकर बताया कि बीके अस्पताल के पास एक बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में परेशान बैठी हुई है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम जिसमें सत्यपाल चौहान, सूरज आर्य और कोमल बजाज के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को उठाकर आश्रम लेकर आए। किशन लाल बजाज ने बताया कि महिला का नाम स्वर्ण पत्नी सूरज और आयु लगभग 65 वर्ष है। उन्होंने बताया कि 8 महीनें पहले भी महिला उनके आश्रम आई थी। उस समय इनके परिजन इन्हें अपने साथ लेकर चले गए थे। लेकिन अब दोबारा इन्हें घर से निकाला दिया जबकि बुजुर्ग बीमारी की हालत में है और चलने फिरने में भी लाचार है। किशन लाल बजाज ने वृद्ध महिला को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझे। जब तक चाहे वह यहां रह सकती है।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण वर्गो का हुआ समापन



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ज़िला फ़रीदाबाद की बडखल व एनआईटी विधानसभा के सभी 6 मंडलों में मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण वर्गों का समापन रविवार को हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में स्वागत सत्र के साथ सुबह 10.30 बजे शुरुआत हुई। ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रवीण चौधरी, जिला महामंत्री आरएन सिंह, जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र नेहरा, जिला आईटी प्रमुख पारस भारद्वाज ने अलग अलग विषयों के साथ उद्घाटन व प्रथम सत्र लिया। अखिल भारतीय मंडल प्रशिक्षण योजना के तहत फ़रीदाबाद के इन 6 मंडलों के प्रशिक्षण में सभी मंडलों के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, बूथ प्रमुखों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हर मंडल के प्रशिक्षण में 100 से ज़्यादा कार्यकर्ता प्रशिक्षण के लिए पहुंचे। यह प्रशिक्षण शिविर 26 व 27 दिसम्बर यानी 2 दिन चला। दो दिन चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग के 8 सत्र हुये जिनमें हर मंडल में अलग अलग प्रवक्ताओं द्वारा अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण वर्ग जिले के 20 के 20 मंडलों में होने हैं जो कि जनवरी माह तक सभी मंडलों में संपन्न होंगें। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी का इतिहास, पार्टी व समाज के लिए हमारा कर्तव्य, 6 सालों में हुए पार्टी द्वारा किये गए कार्य व सोशल मीडिया से सम्बंधित जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकर्ताओं ने वर्गों में अपना बौद्धिक स्तर और मजबूत किया एवं दो दिनों तक 9 से 5 बजे तक बहुत ही निष्ठा से एवं लग्न से प्रशिक्षण पूरा किया है जिसके लिए सभी कार्यकर्त्ता,प्रशिक्षक एवं आयोजक बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर संदीप जोशी, नीरा तोमर, अजय गौड़, मूलचन्द शर्मा, सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश रक्षवाल, मूलचन्द मित्तल, सोहनपाल सिंह, विनोद गुप्ता, पुनीता झा, सुखबीर मलेरना, राजबाला सरधाना, पारस भारद्वाज, अमित मिश्रा एवं प्रिया सहगल ने अलग-अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।


## मां सारिका सम्मान अवार्ड के साथ की मूर्ति की स्थापना

**फरीदाबाद।** केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा व फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता द्वारा कश्मीर में मां पार्वती के रूप में की पूजे जाने वाली मां सारिका की मूर्ति को नमन कर मूर्ति की स्थापना की गई। कश्मीरी सेवक समाज सेक्टर-17 द्वारा आयोजित मां सारिका सम्मान अवार्ड तथा मां सारिका की मूर्ति स्थापना पर बतौर मुख्य अथिति के रूप शिरकत करते हुए इस मौके पर परिवहन एवं खन्नन मंत्री मूलचंद शर्मा के करकमलों द्वारा 8 लोगो को विभिन्न सेवाओं के लिए मां सारिका अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

## मोदी का प्रयास

### जनता से बेहतर संवाद

**किसान** आंदोलन समाप्त कराने के लिए सरकार की ओर से समावेशी संवाद की आवश्यकता है। किसान प्रदर्शनकारी लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि नए कृषि कानून कृषि क्षेत्र में ढांचागत परिवर्तन के कारण किसानों को कार्पोरेट की दया पर छोड़ देंगे और खुले बाजार से उनको नुकसान अधिक होगा। दिल्ली के निकट जारी किसान प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ करोड़ से अधिक किसानों को 18,000 करोड़ रुपये उनके खातों में भेजे। इस अवसर पर उन्होंने नौ राज्यों के किसानों से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय-एएमयू के शताब्दी समारोह को संबोधित किया था तथा बंगाल में विश्व भारती विश्वविद्यालय के आयोजन में अपनी बातें रखीं थीं। इनसे स्पष्ट है कि वे अपने धुर विरोधियों तक राजनीतिक पहुंच का महत्व समझते हैं। दोनों संस्थानों में उन्होंने भारतीय संस्कृति तथा गरिमापूर्ण अतीत में बहुलवाद व समावेशन की भावना पर जोर दिया। मोदी द्वारा उठाए गए कदम सही हैं, पर आलोचकों को इनमें प्रतिबद्धता व इरादों की कमी नजर आती है। मोदी द्वारा जनता से बेहतर संवाद के प्रयासों में चुनावी तर्क भी सामने आते हैं। उदाहरण के लिए, उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल अकेला ऐसा राज्य है जहां प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत किसानों को प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण में बाधा डाली गई है। उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल में कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन क्यों हो रहे हैं। इस प्रकार उन्होंने संकेत किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केन्द्र के खिलाफ अपना विरोधी दृष्टिकोण मजबूत करने के लिए आंदोलनों को हवा



दे रही हैं। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री का संबोधन पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव के दृष्टिकोण से भी था। एएमयू में उन्होंने संस्थान की विरासत व स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए वर्तमान समय में छात्रों द्वारा किए जाने वाले विरोध को शांत करने का प्रयास किया। नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के गुजरात से संबंध पर जोर दे कर वे आलोचकों की नजर में टैगोर के वैश्विक दृष्टिकोण को अनदेखा कर रहे थे। यह परोक्ष रूप से एक और नोबेल पुरस्का विजेता अमर्त्य सेन द्वारा विश्व भारती की जमीन पर अवैध कब्जे की ओर संकेत है। इस प्रकार प्रधानमंत्री जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास करते हैं। निश्चित रूप से वे अपने प्रमुख मतदाता आधार को अनदेखा नहीं कर सकते हैं और स्वयं को लोकसभा चुनाव में मिले प्रचंड जनादेश से प्राप्त छवि से वे लोगों की भावनायें शांत करना चाहते हैं। इस दिशा में उनको बहुसंख्यकवाद से वैचारिक रूप से प्रभावित लोगों से मतभेद दूर करने के प्रयास करने चाहिए ताकि राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। भारतीय जनता पार्टी को हालांकि अपने दृष्टिकोण से चुनावी लाभ मिले हैं, पर इससे अनेक अल्पसंख्यकों की भावनायें आहत हुई है। इसके परिणाम नागरिकता कानून के विरोध तथा दिल्ली में कुछ समय पहले हुए दंगे के रूप में सामने आए हैं। हालांकि, महामारी के समय कुछ राज्य सरकारों व मंत्रियों के आपत्ति के बाद राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर-एनआरसी का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भाजपा राज्य सरकारों द्वारा धर्मान्तरण विरोधी कानूनों से भी कुछ अल्पसंख्यकों की भावनायें आहत हैं। सरकार को नए कृषि कानूनों पर किसानों की आपत्तियों पर नरमी से विचार करना चाहिए। ऐसा नहीं है कि किसान खुले बाजार के विरोधी हैं, पर उनको आशंका है कि प्रतियोगिता में उचित मूल्य न मिलने के कारण उनकी कमाई और घट सकती है। इसे देखते हुए सरकार उनको सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी दे सकती है क्योंकि खेती में लागत बढ़ने के कारण वह घाटे का सौदा बन गई है। सरकार नई व्यवस्था में किसानों को कुछ और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण पर विचार कर सकती है। अनेक राज्यों में प्रमुख नेताओं की छवि गिरी है और आने वाले समय में स्पष्ट होगा कि क्या देश में महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का कद बढ़ा है।

# आयातित नेताओं से प्रभावित वैचारिकता

**दिशा में पहला बड़ा कदम था 1980 में जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन, एक कदम जिसने भाजपा की सीमा रेखाओं को संघ परिवार के दायरे से परे विस्तारित करने का काम किया।**



स्वपन दासगुप्ता
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



इतिहास का एक पृष्ठ कभी-कभी समसामयिक मुद्दों को समझने में मददगार होता है। जनवरी 1977 में, इंदिरा गांधी द्वारा 18 महीने तक चले भयावह आपातकाल के कुछ दिनों बाद प्रतीक्षित जब आम चुनाव करवाने की घोषणा की गई थी, उनके कैबिनेट मंत्री जगजीवन राम ने अपने त्यागपत्र की घोषणा कर हलचल मचा दी। दो मुख्यमंत्रियों, एचएन बहुगुणा, नंदिनी सत्पथी, व अन्यों के साथ उन्होंने इंदिरा गांधी के नेतृत्व का त्याग कर दिया। उनके विद्रोह का प्रभाव विस्फोटक था। एक खिन्न विपक्ष, जिनमें से अधिकतर जेलों में लंबा समय बिताने के बाद आए थे, ने कल्पना की थी कि चुनाव तो औपचारिकता मात्र होंगे और कांग्रेस सत्ता में वापस आएगी। आखिरकार, कांग्रेस और भाकपा के अतिरिक्त कोई भी पार्टी आपातकाल के दौरान खुलकर क्रियाशील होने में समर्थ नहीं थी। जगजीवन राम के विद्रोह ने जनता का माहौल रातोरात बदल दिया। अचानक लोगों में उस अवधि में हुए अत्याचारों के विरुद्ध खुलकर बोलने का साहस पैदा हो गया जब सरकार और सत्ताधारी दल में इंदिरा और उनके पुत्र संजय गांधी को छोड़कर किसी के प्रति जवाबदेही नहीं रह गई थी। विद्रोह ऐसा कारक साबित हुआ जिसने ऐसी ताकतों के बंधन खोल दिए जिन्होंने दो महीने बाद चुनावों में हुई कांग्रेस की पराजय में योगदान दिया था। हालांकि, झगड़ालू पश्च-विजय मोलभाव के दौरान मैंने पहली बार जगजीवन राम के विरुद्ध फुसफुसाहटें सुनीं थीं। क्यों, यह पूछा गया था, क्या ऐसे व्यक्ति को जिसने आपातकाल के खिलाफ कभी मुंह नहीं खोला, सिर्फ तब को छोड़कर जब ऐसा करना सुरक्षित था, को कहावती मलाई के साथ चल देना चाहिए? क्या उन लोगों को प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए जिन्होंने संकल्पबद्ध होकर सतत रूप से 1969 के बाद से इंदिरा गांधी का विरोध किया था? फिर भी, अन्यों ने जोर दिया कि कांग्रेसी संस्कृति एक नई सरकार पर थोपी जा रही थी जो नई शुरुआत का वादा करके सत्ता में आई थी। 43 साल पूर्व की घटनाओं पर नज़र डाले, तो कुछ निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। जगजीवन राम ने अपने त्यागपत्र के साथ कांग्रेस को तोड़ा नहीं था। पार्टी में बहुसंख्य लोग इंदिरा गांधी के प्रति वफादार बने रहे। आखिरकार, वह इंदिरा कांग्रेस थी। जिस आधारभूत संगठन पर जनता पार्टी का निर्माण हुआ था वह पूर्ववर्ती जनसंघ, चरण सिंह के भारतीय लोकदल का और समाजवादी आंदोलन अवशिष्ट का था। जगजीवन राम ने धरातल पर कांग्रेस विरोधी भावना का लाभ उठाया। इस सवाल का जवाब देना कठिन है जनता पार्टी फिर भी जगजीवन राम की उत्प्रेरक भूमिका के बगैर जीत सकती थी या नहीं। इतिहास का परीक्षण प्रतितथ्यात्मक विमर्श की सामर्थ्य पर नहीं किया जा सकता। हम इतिहास के नाज़ुक पल में जगजीवन राम की भूमिका को समझने का प्रयास कर सकते हैं। शेष तो अनुमान ही लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और माकपा के नेताओं एवं साधारण कार्यकर्ताओं के भाजपा की ओर लगातार होने वाले प्रवाह के प्रति अनुभागीय प्रतिक्रिया के आलोक में यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है। उन लोगों के समूह को नए भर्ती होने वालों द्वारा दरकिनार किए जाने का खतरा महसूस हो रहा है जो उन दिनों भाजपा के साथ यात्रा कर चुके थे, जब जमानत जब्त होना आम बात हुआ करती थी। जब से सुभेंदु अधिकारी ममता बनर्जी की कैबिनेट व तृणमूल से बाहर निकलकर भाजपा में शामिल हुए हैं तब से ही बेचैनी के माहौल को मीडिया ने महसूस किया है। यद्यपि अधिकारी को भाजपा में कोई औपचारिक पद नहीं दिया गया है, उम्मीद की जाती है कि वो ममता के खिलाफ भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान में बड़ी भूमिका अदा करेंगे। यह भी उम्मीद की जा रही है कि विभिन्न दलों से आने वाले कई नए रंगरूटों को भाजपा उम्मीदवारों के तौर पर विधानसभा चुनावों में टिकट दिए जाएंगे। बहुत से पुराने वफादारों के दावे अनदेखे कर दिए जाएंगे क्योंकि जीतने की संभाव्यता को ज्यादा महत्व दिया जाता है। अधिकारी द्वारा किए गए दलबदल का अनुसरण और लोगों द्वारा भी किए जाने की उम्मीद है, भाजपा महत्वपूर्ण मुद्दे उठाती है। 1977 में जगजीवन राम के विपरीत, अधिकारी ने ममता के खिलाफ भीतर पनप रहे विद्रोह को भड़काने का काम नहीं किया। उस विद्रोह को सबसे पहले 2019 में अभिव्यक्ति मिली थी जब, अत्यधिक संगठनात्मक कमजोरी के बावजूद, भाजपा ने 42 में से 18 विधानसभा सीटों पर तृणमूल को हरा दिया था। अधिकारी द्वारा तृणमूल के खिलाफ माहौल गर्म कर देने की बात कसौटी पर खरी नहीं उतरती है। जैसा कि याद ताजा कराने के तौर पर कहा जाता है, जो जगन्नाथ के चलते रथ पर हाथ लगा देते हैं उन्हें भी आशीर्वाद मिलता है। फिर भी, अधिकारी के दलबदल का व्यापक जगत में यह संदेश प्रेषित करने में अत्यधिक महत्व है कि तृणमूल कांग्रेस का किला ढह रहा है। यह कुछ ऐसी धारणा है जो 1966-67 में मतदाताओं को प्रेषित की गई थी जब अजोय मुखर्जी व उनके समर्थकों ने कांग्रेस का साथ छोड़कर बांग्ला कांग्रेस का गठन किया था। 1967 के चुनावों में, अजोय मुखर्जी तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रफुल्ल चंद्र सेन के खिलाफ खड़े हुए थे और उन्हें पराजित किया था। भाजपा में अधिकारी के शामिल होने से भगवा दल को दो मूर्त लाभ हो हो रहे हैं। कभी बलशाली रही माकपा से लड़कर पराजित करने का रिकार्ड रखने वाले तृणमूल के बड़े नेता चुनावी राजनीति का अपना अमूल्य अनुभव लेकर आए हैं, जो भाजपा की राज्य इकाई के पास नहीं था। इसके अतिरिक्त, उन जिलों के स्तर से भाजपा को समर्थन मिलने लगा है जहां भाजपा की मौजूदगी बहुत अल्प थी। मतों की लड़ाई में, ये योगदान नकारे नहीं जा सकते। बड़ा सवाल है कि पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्य किस तरह भाजपा की वैचारिक शुद्धता को प्रभावित करेंगे। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर विस्तार से जोर देने की आवश्यकता है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि एक पार्टी को परिधियों से केंद्र तक पहुंचने के लिए, राजनीतिक समूहन की वेदी पर वैचारिक शुद्धता का बलिदान करना पड़ता है। इस दिशा में पहला बड़ा कदम था 1980 में जनसंघ के स्थान पर भाजपा का गठन, एक कदम जिसने भाजपा की सीमा रेखाओं को संघ परिवार के दायरे से परे विस्तारित करने का काम किया। यह विस्तार ही था जो कर्नाटक, तेलंगाना, असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों में देखा गया। अब पश्चिम बंगाल में यही अनुभव हो रहा है। सत्ता निःसंदेह बड़ा आकर्षण होती है। यह तब तक समझ में आता है जब तक सार्थक तथा समग्र बदलाव की संभावना नजर न आने लगे।

**बड़ा सवाल यह है कि पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्य किस तरह भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक शुद्धता को प्रभावित करेंगे। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर विस्तार से जोर देने की आवश्यकता है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि एक पार्टी को परिधियों से केंद्र तक पहुंचने के लिए, राजनीतिक समूहन की वेदी पर वैचारिक शुद्धता का बलिदान करना पड़ता है।**

# निजता के अधिकार से छेड़छाड़

**कंपनियों के प्रबंधन कई बार संगठन क्षमता जांचने के बहाने जासूसों के माध्यम से कर्मचारियों की निजता से छेड़छाड़ करते हैं।**

निर्मल अब्राहम
(लेखक प्रबंधन कंसल्टेंट हैं)



बंगालुरू में त्योहार के मौसम में मैंने एक दिन एक महिला को देखा जो एक पूरे डिपार्टमेंट स्टोर पर जैसे नजर रख रही थी। वह बैनरों व पुराने कूपनों को पढ़ रही थी, सेल्स क्लर्कों से जानकारी प्राप्त कर रही थी तथा कपड़ों की रैक देखने में सहायता मांग रही थी। इसे ग्राहक का सामान्य व्यवहार समझा जा सकता है। हर बार किसी काउंटर पर जाने के बाद वह अपने फोन पर कुछ टाइप करती थी। उसके द्वारा दिखाए जा रहे जोश से मुझे आशंका हुई कि वह 'मिस्ट्री शापर' है। वह ऐसी माताओं की तरह व्यवहार कर रही थी जो अपने बच्चों पर नजर रखते हैं। कंपनियां ऐसे बाहरी विशेषज्ञों को काम पर रखती हैं जो सर्वोच्च प्रबंधन कर्मचारी की अनुपस्थिति में संगठन का कामकाज जांचते हैं। यह एक स्थापित वैश्विक व्यवहार है और ये विशेषज्ञ अक्सर ग्राहक बन कर आते हैं। वास्तव में वे भुगतान प्राप्त जासूस होते हैं जो स्टोरों में बार्गेन बेसमेंट से बिलिंग काउंटर तक गतिविधियों की जांच करते हैं। वे हर चीज की रेटिंग देते हैं, जैसे कि ग्राहक को मुस्करा कर जवाब दिया गया या नहीं तथा प्रबंधन को कमियों की जानकारी देते हैं।

लेकिन इस प्रकार का संदिग्ध हस्तक्षेप कर्मचारियों की निजता से छेड़छाड़ कर सकता है। दुनिया भर की अनेक कंपनियां इस स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं। वास्तव में उन्होंने कर्मचारियों में पैदा होने वाली बेचैनी के कारण गोपनीय आडिट का विचार छोड़ दिया है। कोई नहीं चाहेगा कि उस पर लगातार नजर रखी जाए। मजेदार बात है कि विभिन्न एप, गैजेट व आनलाइन सेवायें हमारे जिंदगी पर लगातार नजर रखती हैं और हम उनका रोज प्रयोग करते हैं। इनमें वर्चुअल असिस्टेंट, कान्फ्रेंसिंग टूल, सर्च इंजन, स्ट्रीमिंग सेवायें या सोशल मीडिया शामिल हैं। कुछ समय पहले




5,00,000 जूम खातों के लागिंग विवरण डार्क वेब पर एक पेंस के दर पर बेचे गए थे। हालांकि, इससे अनेक प्रयोगकर्ताओं में भय पैदा हुआ, पर जल्द ही यह खबर भुला दी गई।

2019 में नेट पर स्वतंत्रता संबंधी एक रिपोर्ट से पता चला था कि 10 में से 9 नेट प्रयोगकर्ताओं की आनलाइन जासूसी की जाती है। कृत्रिम बुद्धि-एआई व पैटर्न एनालिटिक्स में प्रगति के साथ इन आंकड़ों में और वृद्धि की आशंका है। दुनिया भर में नेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ने के साथ ही व्यापक निगरानी को व्यावहारिक रूप से असंभव माना जाने लगा था। लेकिन एडवर्ड स्नोडेन द्वारा 2013 में असलियत उजागर होने के बाद अनेक नेटीजनों को धक्का लगा। लेकिन स्नोडेन के खुलासे के बाद इंटरनेट बहुत बदल गया है। पहले राजनीतिक दृष्टिकोण की निगरानी और विश्लेषण किया जाता था। इसमें व्यक्तिगत पसंद व खरीदने का तरीका भी शामिल है। इसके बाद निर्णय लेने के तरीके बदलने का प्रयास शुरू हुआ तथा विभिन्न मामलों में हिंसा की धमकी तक की नौबत आई। इसे देखते हुए 2010 के बाद वैश्विक प्रदर्शनों व हिंसक प्रदर्शनों की संख्या में आई भारी वृद्धि आश्चर्यजनक नहीं है। व्यापक निगरानी खतरनाक है क्योंकि इससे लाखों लोगों तक असाधारण पहुंच मिलती है। इनका प्रयोग सोशल मीडिया जैसे डिजिटल टूल व स्ट्रीमिंग सेवाओं के माध्यम से व्यापक प्रचार के लिए हो सकता है। यह स्थिति उसी तरह होगी जैसे जोसेफ गोयबल्स ने 1930 के दशक में जर्मनी में सार्वजनिक स्पेस को नाजी प्रचार व पोस्टरों से पाट दिया था। वर्तमान समय में सोशल मीडिया विज़ुअल, वर्बल या आडिटरी रूपों में सावधानी से तैयार विचारों का प्रसारण कर रहा है। इससे हम एक इकोचैंबर में बंद हो गए हैं जो सामूहिक सोच को बढ़ावा देता है।

अमेरिका मे कंजरवेटिवों व लिबरल समूहों के बीच लंबा टकराव मीडिया द्वारा तैयार 'विभाजन अवधारणा' का उदाहरण है। इसके कारण 'युनाइटेड' स्टेट्स का 'डिवाइडेड' में बदलने का खतरा पैदा हो गया था। राजनीतिक थिंक टैंक इसका हमेशा लाभ उठाते हैं। दरबारी पूंजीवाद की तरह इसका नुकसान भी आम आदमी को होता है। सोशल मीडिया व इंटरनेट पर प्रभुत्व सभी भौतिक सीमाओं को पार कर दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना जैसा बन गया है।

यह सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था भी बन रहा है। उदाहरण के लिए गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट अब एक ट्रिलियन डालर की कंपनी है जो स्वीडेन के सकल घरेलू उत्पाद से दूनी है। 2.7 बिलियन प्रयोगकर्ताओं व 800 बिलियन डालर की बाजार पूंजी वाली फेसबुक भी एक विशिष्ट कंपनी है।

इस टेक् जायंट की कुल 'जनसंख्या' भारत व चीन को मिला कर है तथा इसकी 'अर्थव्यवस्था' न्यूजीलैंड, डेनमार्क व फिनलैंड की कुल अर्थव्यवस्था के बराबर है। दुनिया के इतिहास में किसी नेता की तुलना में ये विशाल कंपनियां आसानी से लोगों के विचारों व दृष्टिकोणों को प्रभावित कर वैश्विक स्तर पर परिवर्तन ला सकती हैं। यही हमारी चिन्ता का विषय है।

## आप की बात

### 2021 में भी लड़ना है कोरोना से

**साल** 2020 शुरुआत से ही वैश्विक स्वास्थ्य के लिए त्रासदीपूर्ण रहा है। यह पूरा साल लोगों ने कोरोना वायरस से जंग लड़ते हुए गुजारा है। भले ही कुछ दिनों में नए साल का आगमन होने वाला है लेकिन कोरोना का खतरा अगले साल भी बरकरार रहने के आसार हैं। जिसके मद्देनजर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021 में वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों की एक सूची जारी की है, जिनसे दुनिया को 2021 में निपटना पड़ेगा। ड़ब्लूएचओ के अनुसार, वैश्विक महामारी कोरोना ने पिछले 20 सालों में हासिल की गई वैश्विक हेल्थ प्रणाली की रफ्तार कम करते हुए उसे पीछे की ओर खींच लिया है और इसीलिए 2021 में दुनिया को अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। अगले वर्ष, कोविड़-19 के खिलाफ लड़ने के साथ-साथ, दुनिया भर के देशों को विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए भी अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होगी। 2021 में आम जनता तक कोरोना वैक्सीन और इलाज की पहुंच को सुगम बनाना सबसे जरूरी हैं वरना कोरोना से पीड़ित लोगों के आकड़े रोजाना बढ़ते जाएगे। दुनिया भर को अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को आधुनिक रूप से विकसित करना होगा।

– **निधि जैन**, लोनी, ग़ाज़ियाबाद

### वर्ष की अंतिम मन की बात

**प्रधानमंत्री** मोदी ने इस वर्ष के आखिरी मन की बात में देश में हुए बड़े बदलाव का जिक्र किया।साथ ही आने वाले नए वर्ष के लिए, नए संकल्प और ऊर्जा से ओत प्रोत होने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा आत्मनिर्भर बन रहे है, चाहे कश्मीर में केशर की खेती हो या फिर युवाओं का समुन्द्र में स्वच्छता अभियान।सब देश को नई प्रगति की और बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने पिछले दिनों गीता जयंती की बात करते हुए कहे कि गीता जैसे महान ग्रंथ का हमारे बीच होने का कारण जिज्ञासा है।इसके साथ ही उन्होंने ने तमिलनाडु के 92 वर्षीय बुजुर्ग का उदहारण देते हुए कहा कि इतनी उम्र होने के बावजूद वे कंप्यूटर पर किताब लिखने का कार्य कर रहे है। भारत के युवाओं में जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प ने भी समृद्धि और सफलता की राह को परस्पर प्रदान किया है।प्रधानमंत्री ने आम जन के पत्रों का भी जिक्र किया, साथ ही 2020 के विभिन्न परिस्थितियों से सबक लेने की भी बात कही।एक वर्ष के अंदर ही भारत में बहुत बदलाव हुआ। नए वर्ष की शुभकामना के साथ, देशवासियों को देश हित में काम करने की प्रेरणा दी।

– **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय


### अर्थव्यवस्था में सुधार

**अभी** हम देख रहे हैं कि जहां एक तरफ कोरोनावायरस का प्रकोप जारी है। वहीं दूसरी ओर कई देश अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने का पुरजोर प्रयास कर रहे हैं।लॉकडाउन के समय कई देशों ने राहत पैकेज लाकर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का साहसिक निर्णय लिया था। जिससे कि उनकी अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार देखने को मिला। परंतु वह सुधार इतना नहीं था कि जो उनकी पिछली अर्थ को सामान्य स्तर पर ला सके। उसके बाद धीरे-धीरे जब कोरोनावायरस अपने अंतिम चरण पर आना शुरू हुआ तो नहीं देशों की अर्थव्यवस्था पटरी में लौट गई। अब धीरे-धीरे हर देश अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगा हुआ है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक यह कहा गया है कि भारत आने वाले 5 सालों में ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। साथ ही साथ आने वाले 10 सालों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था। यह सब करना इतना आसान नहीं है। परंतु हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जनता** ने वोकल फार लोकल अभियान का समर्थन किया है और विनिर्माताओं को देश में विश्वस्तरीय उत्पादों का निर्माण सुनिश्चित करना चाहिए।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भाजपा** सबसे बड़ा दल है जिसने जनता का जनादेश प्राप्त किया है जो अवसरवादी गुपकार गठबंधन को नहीं मिला है।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री



**जम्मू-कश्मीर** की जनता ने भारी बहुमत से बता दिया है कि उन्हें 5 अगस्त 2019 को लिया गया निर्णय स्वीकार्य नहीं है।


– **उमर अब्दुल्ला**
जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 दिसंबर, 2020



# धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई समस्या न होः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में स्थापित किए गए धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि उन्हें कोई समस्या हो, तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी किसानों को सहूलियत प्रदान करने के दृष्टिगत रणनीति तैयार करें। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों में अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर धान क्रय की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य मुख्यालय से प्रदेश के सभी जनपदों को भेजे गए नोडल अधिकारी इस बात की समीक्षा करें कि सभी जनपदों में जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, अपर जिलाधिकारियों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, उप जिलाधिकारियों,उप पुलिस अधीक्षकों, नायब तहसीलदारों, निरीक्षकों द्वारा किसान संगठनों से संवाद स्थापित किया गया है अथवा नहीं। इसकी रिपोर्ट मंगलवार तक शासन को उपलब्ध कराई जाए। जिन जनपदों में कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं, उन जनपदों में जिलाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद किसान का धान हर हाल में खरीदा जाए। धान क्रय केन्द्रों पर बोरों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की जाए। धान क्रय केन्द्र पर किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कराने की दिशा में निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता से किसानों के साथ खड़ी है। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**● सभी नोडल अधिकारी किसानों को सहूलियत प्रदान करने के दृष्टिगत रणनीति तैयार करें, क्रय केन्द्रों में अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश**

## जेलों में बने काउ कोट पर पीएम ने थपथपायी योगी की पीठ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पौने चार साल के कार्यकाल में जेलों की सूरत और सीरत बदल दी है। उसी का नतीजा है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कौशाम्बी की जेल में ठंड से गायों को बचाने के लिए पुराने कंबलों से बनाए जा रहे काउ कोट की चर्चा मन की बात कार्यक्रम में की, जिस पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को सुनना दिव्य अनुभूति प्रदान करता है। आज आपके द्वारा गो माता को ठंड से बचाने के लिए कौशांबी जेल के कैदियों द्वारा तैयार किए जा रहे कोवकोट की चर्चा से अनेक लोग प्रेरित होंगे।

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि कुछ इसी प्रकार के नेक प्रयास, उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी में भी किए जा रहे हैं। वहां जेल में बंद कैदी, गायों को ठंड से बचाने के लिएए पुराने और फटे कंबलों से कवर बना रहे हैं। इन कंबलों को कौशाम्बी समेत दूसरे जिलों की जेलों से एकत्र किया जाता है। आइए, दूसरों की देखभाल के लिए सेवा भाव से भरे इस प्रकार के प्रयासों को प्रोत्साहित करें। यह वास्तव में एक ऐसा सत्कार्य है, जो समाज की संवेदनाओं को सशक्त करता है।

डीजी जेल आनंद कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में जेलों में कई नवाचार किए गए हैं। कौशाम्बी जेल का पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उल्लेख किया। हम सभी के लिए यह गर्व का क्षण है। वाराणसी, सीतापुर और आगरा सहित कई जेलों में गोशालाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा उरई, बाराबंकी, लखीमपुर और कानपुर देहात में चल रहे गोशालाओं में बंदियों को गो सेवा से जोड़ने के लिए योजना बनाई जा रही है। जिसे जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा।

कौशांबी जेल के अधीक्षक बीएस मुकुंद ने बताया कि काऊ कोट के निर्माण के लिए उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा मिली थी। सीएम योगी ने निराश्रित गायों के लिए आह्वान किया था। उसी सोच के आधार पर फटे पुराने कंबलों को सिलकर बुनकर कैदियों ने तैयार किया है। काऊ कोट की मजबूती और सुंदरता के लिए बाहर से प्लास्टिक खरीदकर उसमें लगवाई जाती है, जिसमें करीब 110 से 115 रुपए का खर्च आता है।

वर्तमान में प्रदेश की 15 जेलों केंद्रीय कारागार बरेली, केंद्रीय कारागार नैनी, जिला कारागार बाराबंकी, केंद्रीय कारागार फतेहगढ़, आदर्श कारागार लखनऊ, जिला कारागार बरेली, जिला कारागार उन्नाव, केंद्रीय कारागार आगरा, केंद्रीय कारागार वाराणसी, जिला कारागार सुल्तानपुर, जिला कारागार सीतापुर, जिला कारागार आगरा, जिला कारागार कासगंज, जिला कारागार चित्रकूट और जिला कारागार आजमगढ़ में गौशालाएं संचालित हैं। इनमें कुल 835 गोवंश हैं। इन गोशालाओं में दुग्ध उत्पादन और इनके गोबर से कृषि कार्य के लिए कंपोस्ट खाद निर्माण किया जाता है। ये सभी गोशालाएं बंदियों की सेवा और उनके द्वारा संचालित सोसाइटी के अधीन कार्य कर रही हैं। इनसे उत्पादित दूध कारागार में बंदियों के उपयोग में लिया जा रहा है।

**● सीएम ने पीएम को दिया धन्यवाद, कहा इस चर्चा से लोगों को मिलेगी प्रेरणा**

सालभर का लेखा जोखा

## ट्विटर पर नसीहत, शिकायत, सुझाव देने में बीता बसपा प्रमुख का साल



**लखनऊ।** राजनीतिक लिहाज से बसपा सुप्रीमो मायावती के लिए साल 2020 कुछ खास नहीं रहा। बसपा सुप्रीमो का पूरा साल ट्विटर पर नसीहत, शिकायत, सुझाव देने में बीता। साल 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हुए उपचुनाव में बसपा को मुंह की खानी पड़ी। हर बार पार्टी के अंदर ओवरहालिंग और समीकरण बनाने के प्रयोग भी कोई चमत्कार नहीं कर सके।

राजनीतिक दृष्टि से वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद से बसपा का कॅरियर डांवाडोल रहा है। पार्टी से बड़े नेताओं के जाने का जो सिलसिला चला, पार्टी अभी तक उसका खामियाजा भुगत रही है। यह बात दीगर है कि पार्टी सुप्रीमो और नेता इसको सार्वजनिक तौर पर भले ही स्वीकार न करें पर इस टीस से अच्छी तरह वाकिफहैं। उपचुनाव में मिली हार के बाद पार्टी का प्रदेश में चेहरा भी बदल दिया गया। यहां तक कि कोआर्डिनेटर तक बदल दिए गए। साल में अधिकांश समय दिल्ली में रहकर पार्टी की समीक्षा कर रहीं बसपा सुप्रीमो मायावती को अब किसी चमत्कार की जरूरत है। फिलहाल, एक समय में सोशल मीडिया से परहेज करने वाली मायावती पूरे साल अपनी बात ट्विटर के जरिये ही सबके सामने रखा है।

# उद्योगों की स्थापना के साथ बड़ी संख्या में मिला लोगों को रोजगारः केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देकर अनेक उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं और बहुत ही सार्थक व उत्साहजनक उपलब्धियां हासिल की गई हैं । भारी संख्या में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना कराकर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा रहा है ।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट 2018 में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के उद्यमियों द्वारा 284 एमओयू हस्ताक्षरित करते हुए उद्योगों की स्थापना के लिए 15182.54 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश की इच्छा व्यक्त की गई है जिसमें से 164 उद्यमियों द्वारा प्रदेश में पूंजी निवेश प्रारंभ कर दिया गया है इनमें से 123 व्यवसायिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है । 11 व्यवसायिक उत्पादन हेतु तैयार हो चुकी है और 30 में निर्माण कार्य चल रहा है।

प्रथम ग्राउंड बेकिंग समारोह के पश्चात 14 एमओयू में से 13 इकाइयों ने व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया है एजिसमें लगभग 3524.57 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ है। इसमें लगभग 28 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं 88 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हो रहा है। द्वितीय ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में ज्योति ग्राउंड दीवारों में खाद्य प्रसंस्करण की 42 परियोजनाओं में से 27 में व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया है। जिनमे 3064.55 करोड़ का पूंजी निवेश हुआ है और कुल पूंजी निवेश 3565.03 करोड़ रुपए प्रस्तावित है, इससे लगभग 25 हजार प्रत्यक्ष एवं 76 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। एमओयू के तृतीय चरण में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की 225 इकाइयां है जिनसे 11209.16 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश प्रस्तावित है, इनमें से 83 ने व्यवसायिक उत्पादन प्रारंभ कर दिया है। 8 व्यावसायिक उत्पादन हेतु तैयार हैं और 22 मे निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 89 हजार प्रत्यक्ष एवं 280 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो रहा है । प्रदेश सरकार के प्रयासों से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत 45 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना प्रस्तावों के माध्यम से प्रदेश में लगभग 1054.77 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है, जिनमें एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा तथा प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को अधिकतम अवस्थापना सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

## कई बूथों पर मनाई गई अटल जयंती, सुनी गई मन की बात

**लखनऊ।** बीजेपी लखनऊ महानगर द्वारा 27 दिसंबर को बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना गया। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सरकार में मंत्री स्वाती सिंह एवं महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला ने सरोजनीनगर विधानसभा में 141 नम्बर बूथ के अध्यक्ष वैभव सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मंडल प्रभारी श्वेता सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा के साथ जरूरतमंदो को कंबल वितरित कर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। बटलर पैलेस कालोनी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में कानून मंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं एमएलसी विजय बहादुर पाठक, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं मध्य विधानसभा के अंतर्गत गोमती रिवर फ्रंट पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक, सुभाष यदुवंशी, प्रदेश मंत्री संजय राय मौजूद रहे। संयोजक लखनऊ महानगर के महामंत्री दीप प्रकाश सिंह और खुर्शीद आलम ने बताया इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम को लेकर आम जनमानस में भी उत्साह दिखाई दिया।

# देश, समाज व संस्कृति के प्रति दायित्वों की प्रेरणा देता है मन की बात कार्यक्रमः भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अटल बिहारी** बाजपेयी को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए बीजेपी ने तीन दिवसीय श्रद्धाजंलि पर्व में स्वच्छता सहित विभिन्न सेवा कार्यो के माध्यम से पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। 25 से 27 दिसम्बर तक बूथस्तरीय कार्यक्रमों के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जन-जन के सरोकार की बात से की गई। मन की बात को बूथ पर सुनने के लिए के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मण्डल, सेक्टर तथा बूथ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही वरिष्ठ नेता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने लखनऊ के बूथ संख्या 450 सरसवां अर्जुनगंज में पार्टी के जिला, मण्डल, सेक्टर, बूथ के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मन की बात को सुना। इससे पूर्व स्वतंत्र देव सिंह ने अटल को श्रद्धाजंलि अर्पित करने के साथ ही गरीबों को कम्बल भी वितरित किये। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात हम सभी को देश, समाज तथा संस्कृति के प्रति दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा देती है। जहां प्रधानमंत्री देश के प्रत्येक नागरिक की उपलब्धि को मन की बात के माध्यम से जन-जन से जोड़ते हैं वहीं देशवासी प्रधानमंत्री के अवाहन से जन-गण का मन मिलाकर देश को सजाने, संवारने के साथ ही उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए जुट जाते हैं। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में आमजनमानस ने भी सहभागिता की।

# औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में बिछेगा प्राकृतिक गैस का नेटवर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी में** तेजी से विकसित होते हुए उद्योगों तथा मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश के दृष्टिगत् राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण एवं उद्योगों को सुरक्षित ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में पाइप्ड नेचुरल गैस पीएनजी की आपूर्ति के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।


औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में प्राकृतिक गैस के नेटवर्क के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए अधिकृत गैस कम्पनियों को इन प्राधिकरणों द्वारा अनुमति व सुविधा प्रदान करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को सुरक्षित ईंधन की आपूर्ति एवं पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी तथा यातायात पर भी दबाव कम होगा। एसीएस व आईडीसी आलोक कुमार ने बताया कि पाइप्ड नेचुरल गैस के नेटवर्क के विकास के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सथरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण, लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण को गैस कम्पनियों को सुविधा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि पीएनजी सुरक्षित होने के साथ ही सस्ती भी पड़ती है क्योंकि भण्डारण और परिवहन के व्यय की बचत होती है। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उक्त औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को जारी शासनादेश में नगर विकास विभाग द्वारा खुदाई एवं पुनर्स्थापन नीति के अन्तर्गत् पेट्रोलियम नेचुरल गैस रेग्यूलेटरी बोर्ड द्वारा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास के लिए अधिकृत गैस कम्पनियों को अनुमति एवं सुविधाएं प्रदान करने का आदेश दिया गया है। खुदाई एवं पुनर्स्थापन नीति के अन्तर्गत् गैस आपूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन डालने में ऐसी तकनीकों का उपयोग करने की अनुमति दी गई है जिससे यातायात एवं सामान्य कार्यकलापों में बाधा न पड़े। गैस पाइपलाइन बिछाने अथवा पिट या चैम्बर की स्थापना की अनुमति से पूर्व कम्पनी को बैंक गारण्टी जमा करनी होगी। कम्पनी द्वारा की गई खुदाई एवं पुनर्स्थापना का कार्य संतोषजनक होने पर अनापत्ति-प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा तथा इसके एक माह के भीतर बैंक गारण्टी वापस कर दी जाएगी। आलोक कुमार ने बताया कि इसी प्रकार परिवहन के लिए वाहनों में प्रदूषण रहित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रमुख राजमार्गों को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर में परिवर्तित करने के कार्यक्रम के तहत यूपीसीडा को निर्देश दिए गए हैं कि प्राधिकरण अपने क्षेत्र में कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसी को आवश्यक सुविधाएं स्थापित करने में सहयोग प्रदान करे। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बिल्हौर में 4875 वर्गमी भूमि चिन्हित की गई है। नगर विकास विभाग द्वारा प्रदेश के 15 प्रमुख नगरों में 1525 सीएनजी बसें संचालित करने का निर्णय किया गया है जबकि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन के लिए लगभग 37 गैस कम्पनियों को अधिकृत किया गया है।

**● ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भूमि की गई चिन्हित**

**● सीएनजी आपूर्ति के लिए यूपीसीडा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसी को देगा सहयोग**

# सत्ता के अहंकार में भाजपा कर रही है किसानों का अपमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्ता के अहंकार में भाजपा किसानों व देश के हर नागरिक की थाली का भी अपमान कर रही है। कृषि कानूनों के खिलाफकिसानों के आंदोलन का एक महीना पूरा हो गया है। भाजपा अपने प्रिय पूंजीपति मित्रों का समर्थन करते हुए ऐसे रास्ते पर चल पड़ी है जो किसान, मजदूर एवं निम्न मध्यम वर्ग के खिलाफ जाता हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि कैसी विडम्बना है कि एक ओर तो भाजपा सरकार की ओर से आंदोलनकारी किसानों के बारे में तमाम अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं जबकि उनसे वार्ता की भी पेशकश की जा रही है। यह अपने अधिकारों के लिए सड़क पर बैठे किसानों का अपमान है। किसान सम्मान की नाममात्र धनराशि देने की आड़ में काले कृषि कानून लागू कर उनका हजारो-लाखों का नुकसान करना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश-प्रदेश में जबसे भाजपा सरकारें बनी हैं किसानों के लिए संकट के हालात बन गए हैं। किसानों को फसल का उचित दाम नहीं मिला। फसल बीमा योजना भी बीमा कम्पनियों की कारगुजारियों का शिकार बन गई है। वस्तुतः यह किसान आंदोलन भाजपा सरकार की विफलता का जीवंत स्मारक है। समाजवादी पार्टी अन्नदाता के साथ खड़ी है।

## महिलाओं को केन्द्र में रख कर ही परिवार व समाज का विकास सम्भव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के अध्यक्ष पद्मश्री प्रो बृजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि ऋग्वेद के 10वें मण्डल में कन्या की विदाई के समय मंगलकामनाओं व उसके अधिकारों का विस्तृत उल्लेख मिलता है। उन्होंने ज्योतिष का प्रमाण देते कहा कि कुण्डली में सप्तम स्थान स्त्री का होता हैए जिसे केन्द्र स्थान माना गया है। अतः महिलाओं को केन्द्र में रखकर ही परिवार व समाज का विकास किया जा सकता है। प्रो शुक्ल रविवार को मिशन शक्ति के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित वेबिनार को सम्बोधित कर रहे थे।

अपने सम्बोधन में प्रो शुक्ल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सिर्फ पुरूषों को ही वरीयता दी जाती थी, उन क्षेत्रों में आज नारियॉ अपनी शक्ति का परचम लहरा रहीं हैं। उन्होंने कहा ऋग्वेद का ऋषि कहता है कि मैं ज्ञानवान हूँ तुम ज्ञानवती होए मैं सामवेद तो तुम ऋग्वेद हूँ। समन्यवक मिशन शक्ति की सदस्य प्रो शीला मिश्रा ने मिशन शक्ति की आवश्यकता व उद्देश्य के बारे में बताते हुये कहा कि वैदिक संस्कृति में यद्यपि स्त्रियों की स्थिति अत्यन्त सुदृढ़ थी तथापि पाश्चात संस्कृति के आकर्षण के द्वारा आज सिर्फ नारी को उपभोग की वस्तु समझा जाता है। इस मिशन के द्वारा इस स्थिति का निराकण कर समाज की मानसिकता को सुधारा जा सकता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी ने कहा कि रामचरित्र मानस में उल्लेख मिलता है कि महिला दोनों कुलों को प्रकाशित करने वाली होती है। उन्होंने कहा वैदिक व पौराणिक काल में स्त्रियों को समान रूप से सम्मान व अधिकार प्राप्त था। उन्होंने ऐतिहासिक उद्धहरण देते हुये बताया कि नारियों का तत्कालीन राज्य तथा सैन्य संचालन में प्रमुख योगदान रहा है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के अभिवावकों द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ ली तथा विभाग के शोध छात्र.छात्राओं ने भी सुरक्षा शपथ ली।

## धूमधाम से मनाया गया जयंत चौधरी का 42वां जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंत चौधरी का 42वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी का इजहार किया। युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुये प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि आज जन्मदिन के मौके पर हम सभी को चौ चरण सिंह के बताये मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लेना होगा तभी देश के किसानों और नौजवानों की दशा सुधरेगी। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एवं युवा रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, डॉ. सुरेश यादव, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सक्सेना ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# खेल से हमारे जीवन में आता है अनुशासनः राज्यपाल

**● राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 का समापन, सम्मानित हुए विजयी खिलाड़ी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन में 20 दिसम्बर से चल रही राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 के समापन अवसर पर आज विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इन हाउस राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 में क्रिकेट, वालीबॉल, वालीबॉल शूटिंग, बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, ट्राफी दौड़, जूडो, जूडो रेस, म्यूजिकल चेयर, मटका दौड़, रस्सा कसी, बैलून गेम, क्रिकेट बाल थ्रो, लेमन एण्ड स्पून रेस तथा बच्चों की जलेबी रेस का आयोजन हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में कुल 323 प्रतिभागियों ने सहभाग किया। यह खेल प्रतियोगिता गत वर्ष से राज्यपाल की प्रेरणा से आयोजित हो रही है। पुरस्कार वितरण के बाद अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस प्रतियोगिता में छोटे बच्चों से लेकर राजभवन की महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी अपनी खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल एवं व्यायाम से हमारा तन एवं मन स्वस्थ रहता है। खेल से हमारे जीवन में अनुशासन तथा मिलकर कार्य करने की भावना का संचार होता है। प्रदेश के खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने राजभवन में हुई खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमेशा होती रहनी चाहिए।

# गौ सेवा के नाम पर सरकारी धन का हो रहा दुरुपयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को डाली बाग बहुखंडी स्थित उनके आवास पर नजर बंद कर दिया गया है। भारी पुलिस बल के बीच रविवार को बहुखंडी स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गौ सेवा के नाम पर ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा के नाम पर सरकारी धन का जबरदस्त तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाय और किसान की सुरक्षा के लिए हम पदयात्रा कर रहे हैं जिससे सरकार रोक कर अपनी तानाशाही दिखा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गायों और किसानों की बड़ी ही दुर्दशा है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गौ माता से भावनात्मक लगाव है। अजय कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दमन की राजनीति हो रही है यही कारण है कि मुझे घर से बाहर जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अस्थि कलश को चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में ले जाकर विसर्जित करना चाह रहा हूं लेकिन सरकार करने नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री ही पशुधन घोटाले में सम्मिलित हैं। प्रदेश में गाय पालकों व किसानों के साथ जबरदस्त तरीके से अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गाय ठंड में ठिठुर रही है उसका कोई देखने वाला नहीं है। लल्लू ने कहा कि जब कांग्रेस इसके लिए आवाज उठाती है तो उसको दबाने का प्रयास किया जाता है।


# प्रधानमंत्री मोदी का जोर पूर्वोत्तर में विकास पर हैः अमित शाह

**भाषा।** इम्फाल

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने रविवार को कहा कि पूर्वोत्तर भारत पीएम के दिल में है और वह क्षेत्र में बहुत विकास लेकर आए हैं। शाह ने यहां हप्त कांगजेइबुंग में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने क्षेत्र को एक नई पहचान दी है जो विकास के नए युग का एहसास कर रहा है। पहले मणिपुर को विद्रोह, बंद और नाकेबंदी के लिए जाना जाता था, अब अधिकतर उग्रवादी संगठन मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं और जो मुख्य धारा में शामिल नहीं हुए हैं, वे भाजपा सरकार के प्रयासों से इसमें शामिल होंगे। शाह ने सत्ता में रहने के दौरान मणिपुर की समस्याओं का हल नहीं करने के लिए कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में राज्य बीते तीन साल से उन्नति के पथ पर बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों को इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के रूप में सबसे बड़ा तोहफा दिया है जो उन्हें बिना मांगे मिला है। शाह ने कहा, मोदीजी को एहसास हुआ कि मणिपुर के पास इनर लाइन परमिट नहीं है जबकि उसके आस-पास के अन्य राज्यों में यह है जो मूल निवासियों के साथ अन्याय है और उन्होंने रास्ता तलाशा। 11 दिसंबर 2019 को जब मणिपुर को यह (आईएलपी) मिला तो यह हमारे लिए बड़े संतोषै की बात थी। आईएलपी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज होता है जो संबंधित राज्य सरकार भारतीय नागरिक को सीमित अवधि तक किसी संरक्षित इलाके की यात्रा के लिए जारी करती है। शाह पूर्वोतर की तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में रविवार दोपहर गुवाहाटी से यहां पहुंचे। सात परियोजानओं की आधारशिला रखी जिनमें चूड़ाचांदपुर में मेडिकल कॉलेज शामिल है। उन्होंने थोबल बांध का उद्धाघटन किया और बिष्णुपुर-थोबल-कसोम कुल्लेन सड़क आम लोगों को समर्पित किया।

### शाह ने असम के कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन रविवार को यहां नीलाचल पहाड़ी पर स्थित शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह मणिपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वह कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। शाह मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल और स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्व सरमा के साथ सुबह 10 बजे मंदिर पहुंचे। गृह मंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में केवल तीन पुजारियों के साथ प्रवेश किया, जबकि सोनोवाल और सरमा ने द्वार के पास प्रतीक्षा की। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शाह ने मंदिर की परिक्रमा भी की। शुक्रवार की रात यहां पहुंचे शाह ने शनिवार को एक आधिकारिक कार्यक्रम में चार विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। निष्कासित कांग्रेस विधायकों अजंता नियोग और राजदीप गोआला से मुलाकात की, जिसके बाद दोनों ने पुष्टि की कि वे भाजपा में शामिल होंगे।



गुवाहाटी में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह मां कामाख्या मन्दिर में दर्शन के लिए जाते हुए।

# औरंगाबादः बुजुर्गों को अस्पतालों में अकेला छोड़कर जा रहे परिजन

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के अधिकारियों ने बताया कि उपचार के लिए बुजुर्ग व्यक्तियों को यहां लाने के बाद परिजनों द्वारा उन्हें यहीं पर अकेला छोड़कर जाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में औरंगाबाद का जीएमसीएच सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में से एक है और क्षेत्र के आठ जिलों के लोग यहां उपचार के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के बुजुर्ग लोगों को उनके परिजन अस्पताल में ही छोड़कर चले जाते हैं और ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. सुरेश हारबड़े ने कहा, कोरोना वायरस के कारण लगाए गए लॉकडाउन के शुरुआती दौर में यहां ऐसे बुजुर्गों की संख्या बढ़ गई जिन्हें उनके परिजन अकेला छोड़ गए। उन्होंने कहा, हमने औरंगाबाद नगर निगम के साथ मिलकर अभियान चलाया और ऐसे कई बुजुर्गों को स्थानीय आश्रय गृहों में भेजा। हालांकि उनमें से कई वहां से भी चले गए। डॉ. हारबड़े ने बताया कि परिवार द्वारा छोड़े गए बुजुर्ग अस्पताल परिसर, फुटपाथ तथा अस्पताल के इर्द-गिर्द ऐसे स्थानों पर रहने लगते हैं जहां उन्हें भोजन आसानी से मिल सके। अधिकारी ने बताया कि मरीजों के साथ कोई देखरेख करने वाला न भी हो तो भी उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जाता है। उन्होंने कहा, हमारे कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता ऐसे लोगों का ध्यान रखते हैं। जब हम उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश करते हैं तो कई बार उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती है।

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंदिर पर हमले के संभावित प्रयास को विफल किया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक मंदिर पर हमले के संभावित प्रयास को विफल करते हुए सुरक्षाबलों ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे छह ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुंछ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार अंग्राल ने बताया कि यह सफलता तब मिली जब शनिवार को रात करीब आठ बजे मेंढर सेक्टर में बसूनी के निकट वाहन तलाशी के दौरान स्थानीय पुलिस के विशष अभियान समूह (एसओजी) ने 49 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के साथ मिलकर दो भाइयों--मुस्तफा इकबाल और मुर्तजा इकबाल को हिरासत में लिया। दोनों गलहुटा गांव के रहने वाले हैं। अधिकारी ने कहा, बसूनी में 49 राष्ट्रीय राइफल्स के बटालियन मुख्यालय में उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में पाया गया कि मुस्तफा को एक पाकिस्तानी नंबर से कॉल आया था। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने कबूला कि उसे अरी गांव में एक मंदिर पर ग्रेनेड फेंकने का काम सौंपा गया है। उसके मोबाइल में एक वीडियो मिला है जिसमें बताया गया है कि ग्रेनेड का इस्तेमाल कैसे करना है। अंग्राल ने बताया कि बाद में तलाशी के दौरान उसके घर से छह ग्रेनेड और अब तक अज्ञात रहे संगठन जेएंडके गजनवी फोर्स के कुछ पोस्टर बरामद किए गए।

# नया साल लेकर आ रहा ग्रहण के चार गजब नजारे, पूर्ण चंद्रग्रहण से होगी शुरुआत

**भाषा।** इंदौर (मप्र)

**आने वाले** साल 2021 में सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा की चाल दुनियाभर के खगोल प्रेमियों को एक पूर्ण चंद्रग्रहण और एक पूर्ण सूर्यग्रहण समेत ग्रहण के चार रोमांचक दृश्य दिखाएगी। हालांकि, भारत में इनमें से केवल दो खगोलीय घटनाएं निहारी जा सकेंगी। उज्जैन की प्रतिष्ठित शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने रविवार को बताया कि अगले साल की इन खगोलीय घटनाओं का सिलसिला 26 मई को लगने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण से शुरू होगा। उन्होंने कहा,ै नववर्ष का यह पहला ग्रहण सिक्किम को छोड़कर भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में दिखाई देगा जहां चंद्रोदय देश के दूसरे इलाकों के मुकाबले जल्दी होता है। इस खगोलीय घटना के वक्त चंद्रमा पृथ्वी की छाया से 101.6 प्रतिशत ढक जाएगाै।

पूर्ण चंद्रग्रहण तब लगता है, जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है और अपने उपग्रह चंद्रमा को अपनी छाया से ढक लेती है। चंद्रमा इस स्थिति में पृथ्वी की ओट में पूरी तरह छिप जाता है और उसपर सूर्य की रोशनी नहीं पड़ पाती है। इस खगोलीय घटना के वक्त पृथ्वीवासियों को चंद्रमा रक्तिम आभा लिए दिखाई देता है। लिहाजा इसेै ब्लड मूनै भी कहा जाता है। गुप्त ने भारतीय संदर्भ में की गई कालगणना के हवाले से बताया कि 10 जून को लगने वाला वलयाकार सूर्यग्रहण देश में दिखाई नहीं देगा। इस खगोलीय घटना के वक्त सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा आ जाएगा। इस कारण पृथ्वीवासियों को सूर्य ैरिंग ऑफ फायरै (आग का चमकदार छल्ला) के रूप में 94.3 प्रतिशत ढका नजर आएगा। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को लगने वाले आंशिक चंद्रग्रहण को अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ भागों में बेहद कम समय के लिए निहारा जा सकेगा। इस खगोलीय घटना के चरम पर चंद्रमा का 97.9 प्रतिशत हिस्सा पृथ्वी की छाया से ढका दिखाई देगा। तकरीबन दो सदी पुरानी वेधशाला के अधीक्षक ने बताया कि चार दिसंबर को लगने वाले पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा कुछ इस तरह आ जाएगा कि सौरमंडल का मुखिया सूर्य 103.6 प्रतिशत ढका नजर आएगा। हालांकि, वर्ष 2021 के इस अंतिम ग्रहण को भारत में नहीं निहारा जा सकेगा। समाप्ति की ओर बढ़ रहे वर्ष 2020 में दो सूर्यग्रहण और चार चंद्रग्रहण समेत ग्रहण के छह रोमांचक दृश्य देखे गए।

## क्विक न्यूज

### हेमंत सोरेन फरवरी में हार्वर्ड विवि में इंडिया कांफ्रेंस में भाषण देंगे

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने फरवरी में वार्षिक इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। इसमें सोरेन कोविड-19 से निपटने के लिए किए गए राज्य के कार्यों तथा झारखंड में आदिवासी अधिकारो एवं कल्याणकारी नीतियों के बारे में भाषण देंगे।झारखंड के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 20 फरवरी 2021 को व्याख्यान देने के लिए हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और आयोजकों का आभार व्यक्त किया है। ट्वीट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री आदिवासी अधिकारों, सतत विकास, कल्याणकारी नीतियों और कोरोना संक्रमण काल में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर वक्तव्य देंगे। इंडिया कॉन्फ्रेंस भारत पर केंद्रित एवं छात्रो द्वारा आयोजित किया जाने वाला उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा सम्मेलन है।

### मुंबई में मंदिर में आग लगने से दो लोगों की मौत, एक घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के उपनगरीय क्षेत्र कांदिवली स्थित एक मंदिर में रविवार तड़के आग लग गई जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की घटना कांदिवली (पश्चिम) के बंदर पखाडी रोड स्थित साईबाबा मंदिर मे हुई। मंदिर में शॉट सर्किट की वजह से तड़के करीब सवा चार बजे आग लग गई। सूचना मिलने पर, दमकल की कुछ गाड़ियां मौके पर पहुंची और सुबह चार बजकर 40 मिनट तक आग को बुझा दिया गया। यह मामूली (स्तर) की आग थी। आग से तीन व्यक्ति झुलस गए। उन्हे एक अस्पताल ले जाया गया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। एक अन्य को सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है लेकिन उसकी हालत नाजुक है।

### दिग्गज बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** विख्यात बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा को रक्तचाप कम होने की वजह से बेचैनी की शिकायत के बाद दक्षिणी कोलकाता के एक अस्पताल मे भर्ती किया गया। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मिश्रा वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियो से ग्रसित है। अधिकारी ने बताया कि 79 वर्षीय गायिका का रक्तचाप कम होने के बाद उन्हें शनिवार रात को अस्पताल में भर्ती किया गया। अधिकारी ने बताया कि उनकी हालत अब स्थिर है और आज उनकी कोविड-19 जांच होगी। बालकृष्ण दास अवॉर्ड से सम्मानित गायिका को जुलाई में मस्तिष्काघात हुआ था।

### झारखंड में कोरोना वायरस संक्रमण के 192 नए मामले

**रांची।** झारखंड मे पिछले चौबीस घंटो मे कोरोना वायरस संक्रमण से दो और व्यक्तियो की मौत होने से राज्य मे मृतकों की संख्या बढ़कर।,018 हो गई। राज्य मे संक्रमण के 192 नए मामले सामने आए जिन्हे मिलाकर यहां संक्रमितो की कुल संख्या रविवार को बढ़कर।,14,146 हो गई। राज्य के।,14,146 संक्रमितो मे से।,11,530 अब तक ठीक होकर अपने घरो को लौट चुके है। 1,598 अन्य संक्रमितो का इलाज विभिन्न अस्पतालो मे जारी है। पिछले चौबीस घंटो में राज्य में जिन दो कोरोना संक्रमितो की मौत हुई उनमे से एक रांची का और एक लातेहार के रहने वाला था।

### अंडमान में कोविड-19 का नया मामला सामने नहीं आया


**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह मे पिछले 24 घंटो मे कोविड-19 का एक भी नया मामला सामने नही आया। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश मे कोविड-19 मामलो की कुल संख्या 4,912 है। उन्होने बताया कि पिछले 24 घंटो मे आठ और लोग इस बीमारी से उबर गए है, जिससे इस द्वीपसमूह मे ठीक होने वाले लोगो की कुल संख्या बढ़कर 4,789 हो गई। अधिकारी ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश मे अब 61 मरीजो का इलाज चल रहा, जबकि अब तक 62 लोगो की मौत हो चुकी है।

### दुर्घटना में पांच मजदूरों की मौत, 16 घायल

**बेंगलुरू।** चित्रदुर्ग मे रविवार को एक एसयूवी और राज्य परिवहन निगम की बस के बीच टक्कर मे एसयूवी सवार एक महिला सहित पांच मजदूरो की मौत हो गई तथा 16 अन्य लोग घायल हो गए। एसयूवी मे सवार 22 लोगो में एक मजदूर सुरक्षित बच गया और उसे कोई चोट नही आई है। घायल लोगो को अस्पताल मे भर्ती करा दिया गया है।

### पूर्व पुलिसकर्मी सहित जैश-ए-मोहम्मद के चार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले मे रविवार को आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के चार सदस्यो को गिरफ्तार कर लिया गया। उनमे से एक पूर्व पुलिसकर्मी भी शामिल है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलो ने जिले के हयातपोरा इलाके मे घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया।



कोलकाता में गंगा नदी में स्टीमर पर पेंटिंग कार्यशाला में चित्रकारी करते बंगाली कलाकार।

# कश्मीर में शीतलहर तेज हुई, गुलमर्ग में पारा गिरकर शून्य से 7.2 डिग्री नीचे पहुंचा

**श्रीनगर।** कश्मीर में रविवार को शीतलहर और तेज हो गई तथा समूची घाटी में न्यूनतम तापमान शून्य से कई डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 12 दिसंबर को हुई बर्फबारी के बाद से कश्मीर में मौसम शुष्क और सर्द बना हुआ है, जबकि रात का तापमान शून्य से नीचे रहा है। इस बीच, मौसम विभाग का अनुमान है कि घाटी में अगले तीन दिनों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जो पिछली रात शून्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे था। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में पारा शून्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया, जबकि उसके पिछली रात तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा था।

अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग में तापमान शून्य से 7.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि उसके पिछली रात तापमान शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा था। घाटी में गुलमर्ग सबसे ठंडा स्थान रहा। अधिकारियों ने कहा कि काजीगुंड का न्यूनतम तापमान शून्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा जबकि कुपवाड़ा का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे और कोकेरनाग का न्यूनतम तापमान शून्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

वर्तमान में कश्मीर चिल्लई कलां की चपेट में है। इस दौरान 40 दिनों तक भीषण सर्दी होती है। अधिकारियों ने कहा कि इस अवधि के दौरान सबसे अधिक बर्फबारी होती है। 21 दिसंबर से शुरू हुआ चिल्लई-कलां 31 जनवरी को समाप्त होगा। मौसम विभाग ने कहा कि अगले कुछ दिनों तक घाटी में हल्की बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है।

## अभिनेता सलमान खान 55 साल के हुए, 2020 को बताया बेहद खराब साल

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान ने 2020 को बेहद खराब साल बताते हुए रविवार को अपना जन्मदिन बेहद सादे तरीके से मनाने का निर्णय लिया। अभिनेता अपने 55वें जन्मदिन पर परिवार और दोस्तों के साथ पनवेल के फार्महाउस पर हैं। यहां उन्होंने मीडिया के चुनिंदा कर्मियों के साथ बातचीत की और केक काटा। खान ने संवाददाताओं से कहा, इस साल कोई उत्सव नहीं है। सिर्फ मैं और मेरा परिवार ही यहां है। इस साल मेरा मन जन्मदिन का उत्सव मनाने का नहीं है क्योंकि यह सभी के लिए खराब साल रहा है और फिल्म जगत के कई लोगों का निधन हो गया। इसलिए यह उत्सव का समय नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता ने अपने प्रशंसकों से अपील की है कि वे महामारी के बीच कोविड-19 नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि सभी खुश रहें, स्वस्थ और सुरक्षित रहे तथा मास्क पहनें। अपना हाथ धोते रहें और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते रहें ताकि सभी सुरक्षित रह सकें। अभिनेता ने कहा है कि वह आशा करते हैं कि 2021 सभी के लिए अच्छा वर्ष रहे। हिंदी फिल्म जगत की कई हस्तियां उनके जन्मदिन के अवसर पर जुटीं थीं, जिसमें उनके पिता और दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान, बहन अल्विरा अग्निहोत्री, अभिनेता सुनील ग्रोवर, सूरज पंचोली, जहीर इकबाल, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा समेत अन्य लोग शामिल थे। शनिवार को सलमान खान ने अपने प्रशंसकों से अपील की थी कि महामारी के मद्देनजर वे उनके घर के बाहर उपनगर बांद्रा में जमा न हों।

## अमेरिका-लंदन से लौटे मर्चेंट नेवी के कैप्टन कोरोना से संक्रमित पाए गए

**बरेली (उप्र)।** अमेरिका-लंदन की यात्रा से लौटे मर्चेंट नेवी के एक कैप्टन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय यात्री वार्ड में पृथक कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, कोविड-19 के नए प्रकार (स्ट्रेन) का पता लगाने के लिए उनका नमूना दिल्ली की सीएसआईआर लैब भेजा गया है। बरेली में विदेश से लौटे जिन 18 लोगों के नमूनों की जांच की गई थी, उनमें से सिर्फ मर्चेंट नेवी के कैप्टन संक्रमित पाए गए हैं। बरेली के सिविल लाइंस निवासी 23 वर्षीय नेवी कैप्टन का जहाज नवंबर में अमेरिका से लौटते हुए करीब तीन घंटे तक लंदन में रुका था। भारत में लौटने के बाद एंटीजन जांच में कैप्टन निगेटिव पाए गए थे और दिशा-निर्देशों के मुताबिक उन्हें सात दिन तक दिल्ली में पृथक-वास में रखा गया।

उसके बाद 29 नवंबर को वह बरेली आ गए और यहां कुछ दिन परिवार के साथ रहने के बाद वह एक शादी समारोह में शामिल होने लखनऊ गए थे। पिछले 10 दिन से वह फिर बरेली में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। शासन के विदेश से लौटने वालों की जांच के निर्देश के बाद उनके नमूने की जांच की गई। शनिवार देर रात आई रिपोर्ट में वह संक्रमित पाए गए। उन्हें कोविड-19 के अंतरराष्ट्रीय यात्री वार्ड में पृथक-वास में रखा गया है।

बरेली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया, मर्चेंट नेवी के कैप्टन का नमूना ब्रिटेन समेत कई पश्चिमी देशों में मिले कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन बी -117 की जांच के लिए दिल्ली की सीएसआईआर लैब में भेजा गया है। उनकी पत्नी की रिपोर्ट नेगेटिव मिली है। जिला निगरानी प्रभारी डॉ रंजन गौतम ने बताया, विदेश से वापस आने वालों का पता लगाकर बरेली में मौजूद जिन 18 लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, उनमें मर्चेंट नेवी के कैप्टन के अलावा बाकी 17 लोग निगेटिव मिले।

## कर्नाटक में ग्राम पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के लिए मतदान संपन्न

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में ग्राम पंचायत चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए रविवार को हो रहा मतदान समाप्त हो गया है। वोटों की गिनती 30 दिसंबर को होनी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में दोपहर तीन बजे तक 60 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। मतदान सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण रहा। राज्य के 109 तालुकाओं की 2,709 पंचायतों के लिए मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 20,728 बूथों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे तक चला। अधिकारियों के अनुसार, 39,378 सीटों के लिए।,05,431 उम्मीदवार मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि कुल 3,697 उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। राज्य में 22 दिसंबर को पहले चरण में 117 तालुकाओं में 3,019 पंचायतों के लिए मतदान हुआ था। राज्य के 226 तालुकाओं के 5,728 गांवों की 72,616 सीटों के लिए मतदान हुआ।कोविड-19 महामारी को देखते हुए मास्क पहनने और सामाजिक दूरी के नियम को अनिवार्य किया गया। प्रत्एक बूथ पर मतदाताओं की संख्या।,500 से घटाकर।,000 तक सीमित कर दी गई है। चुनाव के सुरक्षित संचालन के लिए लगभग 80,000 पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।




पटना में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेशनल कार्यकारी मीटिंग में वर्ल्ड बुक रिकार्ड प्रमाणपत्र लेते हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 दिसंबर, 2020




# किसानों को गुमराह करने की कोशिश सफल नहीं होगी: सिंह

**भाषा।** शिमला

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि नए कृषि कानूनों पर किसानों को गुमराह करने के प्रयास सफल नहीं होंगे। हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर नीत भाजपा सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नए कृषि कानून किसानों की आय बढ़ाएंगे, लेकिन कांग्रेस उन्हें (किसानों को) गुमराह कर रही है।

सिंह ने डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब कभी सुधार लागू किए जाते हैं, तब इसके सकारात्मक परिणाम दिखने में कुछ साल लगते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लाए गए 1991 के आर्थिक सुधार हों या फिर वापजेई सरकार के दौरान लाए गए अन्य सुधार हों, उनके सकारात्मक परिणाम दिखने में चार-पांच साल लग गए। रक्षा मंत्री ने कहा, इसी तरह, नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कृषि सुधारों के सकारात्मक परिणामों को देखने के लिए यदि हम चार-पांच साल इंतजार नहीं कर सकते हैं, तो हम कम से कम दो साल तो इंतजार कर ही सकते हैं। सितंबर में लागू किए गए नए कृषि



कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर हजारों की संख्या में किसान करीब एक महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसानों का दावा है कि नए कानून मंडी प्रणाली को नष्ट कर देंगे और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र को खत्म कर देंगे। सिंह ने कहा कि हाल ही में राष्ट्र को समर्पित की गई अटल सुरंग न सिर्फ लाहौल-स्पीति जिले के लोगों को काफी फायदा पहुंचाएगी बल्कि इसके सामरिक महत्व भी हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि भी बताया क्योंकि राज्य के गांवों से तकरीबन हर परिवार से एक व्यक्ति सेना में सेवारत है या पूर्व सैनिक हैं। भाजपा के प्रदेश महासचिव त्रिलोक जमवाल ने इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का एक संदेश भी पढ़ा। दरअसल, नड्डा कोविड-19 से ग्रसित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल 13,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनमें 10,000 करोड़ रुपए मूल्य की परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है। कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से नई दिल्ली से संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राज्य में भाजपा सरकार के तीन साल पूरे होने पर राज्य सरकार और प्रदेश के लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि विकास की गति तेज करने के लिए राज्य को करीब 500 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त रिण मुहैया किया गया है। प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने समाज के हर तबके का विकास और कल्याण सुनिश्चित किया है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने हिमाचल प्रदेश के देश का सर्वाधिक विकसित राज्य बनने की उम्मीद जताई। वहीं, एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार का संदेश इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव कुसुम सादराते ने पढ़कर सुनाया। कुमार भी कोविड-19 से ग्रसित हैं। रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की तीन साल की उपलब्धियों पर सुशासन और विश्वास के, तीन साल विकास के शीर्षक से एक कॉफी टेबल पुस्तक भी जारी की।

## किसानों के मुद्दे को लेकर 10 राजनीतिक कैदियों ने कोलकाता में अनशन शुरू किया

**भाषा।** कोलकाता

**तीन** नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलनरत किसानों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के मद्देनजर कोलकाता की जेल में बंद 10 राजनीतिक कैदियों ने रविवार को भूख हड़ताल शुरू की है। दमदम केंद्रीय जेल से जारी बयान में प्रदर्शनकारियों ने नए कानूनों को किसान विरोधी करार दिया और आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने कोविड-19 महामारी की परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए इन कानूनों को पारित किया है। बयान में केंद्र सरकार के उस दावे की भी आलोचना की गई, जिसमें नए कृषि कानूनों को किसानों के हित में बताया गया है। राज्य कारागार विभाग के सूत्रों ने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर किसानों के समर्थन में सोमवार से मुर्शिदाबाद जिले की बरहामपुर जेल में बंद आठ अन्य राजनीतिक कैदी भी भूख हड़ताल की शुरुआत करेंगे। उल्लेखनीय है कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के अलावा कई अन्य राज्यों के हजारों किसान तीन नए कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।



कोलकाता में रविवार को राजभवन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात करते बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली।

## सौरव गांगुली ने राज्यपाल धनखड़ से की मुलाकात

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने रविवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार भेंट थी और इसका राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। उल्लेखनीय है कि अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गांगुली के राजनीति से जुड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। गांगुली शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर राजभवन पहुंचे लेकिन उन्होंने मुलाकात के कारणों को लेकर किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। गांगुली और धनखड़ के बीच यह मुलाकात शाम पांच बजकर 40 मिनट तक चली। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि गांगुली के राज्यपाल से मुलाकात का संबंध राज्य की राजनीतिक गतिविधियों से नहीं है।

## समुदाय की सेवा और हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 10 भारतीय-अमेरिकी सम्मानित

**भाषा।** नई दिल्ली/ह्यूस्टन

**अमेरिका** के ह्यूस्टन में दस भारतीय-अमेरिकी युवकों को अपने समुदाय की सेवा करने और हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया है। गैर सरकारी संगठन हिंदूज ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन (एचजीएच) के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुस्कार जीतने वालों को शुभकामानएं दी हैं तथा इस सम्मान को भारतीय प्रवासियों, खास तौर पर, युवाओं के लिए अपनी जड़ों से जुड़ाव को और मजबूत करने का अवसर बताया है। मोदी ने एचजीएच को लिखे पत्र में कहा, विजेता निश्चित रूप से हमारी शानदार पहचान की समृद्धि को, खास तौर पर, युवा पीढ़ियों में बढ़ावा देने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, भारतवंशी दुनिया के विभिन्न देशों में बसे हैं और भारत की गौरवशाली संस्कृति तथा परंपरा के दूत हैं। प्रेम, सौहार्द, करुणा और सनातन धर्म के दर्शन के साथ-साथ वे मानवता के प्रकाश पुंज हैं। इसके सार्वभौमिक आकर्षण ने दुनिया के लोगों को आकर्षित और प्रभावित किया है। हमारी समृद्ध विरासत हजारों साल से चली आ रही है और भौगोलिक सीमाओं के बंधन को पीछे छोड़ चुकी है। पुरस्कार के लिए विजेताओं का चयन हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न संगठनों ने किया। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने विजेताओं को पुरस्कार से नवाजा और नेतृत्व तथा समुदाय में भागीदारी के लिए युवाओं की प्रशंसा की। पुरस्कार पाने वालों में अनीश नायक (सेवा इंटरनेशनल), अनुशा सत्यनारायण (इटरनल गांधी म्यूजियम ऑफ ह्यूस्टन), नित्या रमणकुलांगर (श्री मीनाक्षी मंदिर सोसाइटी), संदीप



प्रभाकर (ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन ऑफ डिविनिटी), कृति पटेल (बीएपीएस), विपश्चित नंदा (आर्य समाज), अभिमन्यु अग्रवाल (हिंदू हैरिटेज यूथ कैंप) और रजीत शाह (वल्लभ विद्या मंदिर) शामिल हैं। दो विशेष पुरस्कार सनातन हिंदू धर्म की नमिता पल्लोद और यंग हिंदूज़ ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन की कोमल लूथरा को दिया गया है। सेवानिवृत्त 73 वर्षीय वैज्ञानिक डॉ मदन लूथरा को महामारी के दौरान निस्वार्थ भाव से की गई सेवा के लिए 2020 अखिल चोपड़ा अनसंग हीरोज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने और उनकी टीम ने महामारी के दौरान आपात स्थितियों का सामना कर रहे समुदाय के सदस्यों की मदद की थी। क्षेत्र में उनका सबसे बड़ा योगदान सेवा की स्वयंसेवक कविता तिवारी के साथ मिलकर कोविड-19 के मरीजों के लिए प्लाज्मा दान पंजीकरण की सुविधा शुरू करना है। महाभारत में श्री कृष्ण का किरदार निभाने वाले अभिनेता नीतीश भारद्वाज ने विश्व भर में भारत का नाम रोशन करने के लिए युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं ने दुनिया भर में यह साबित किया है कि जहां भी वे जाते हैं वहां वे घुल मिल जाते हैं। वे न केवल भारत की समृद्धि में अन्य देशों की संस्कृति को लाते हैं, बल्कि उस देश के सकारात्मक गुणों को अपनाते हैं जहां वे रहते हैं। एनआरआई भारत के शांति राजदूत हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन ह्यूस्टन की वल्लभ प्रीति सेवा समाज ने किया था।

## सरकार ने चीनी निवेश को पीछे धकेला, चीनी सैनिकों को नहीं: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने शायद चीनी निवेश को पीछे धकेला होगा, लेकिन वह भारतीय भू-भाग में घुसपैठ करने वाले चीनी सैनिकों को पीछे धकेल पाने में सक्षम नहीं रही है।

शिवसेना के (मराठी) मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोकटोक में राउत ने यह दावा किया है। वहीं, भाजपा ने शिवसेना के राज्यसभा सदस्य के इस दावे को हास्यास्पद बताया है। महाराष्ट्र भाजपा के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ए ने कहा, मोदी सरकार को निशाना बनाने का उनका यह एकसूत्री एजेंडा है। राउत के स्तंभ में कहा गया है, हम चीनी सैनिकों को पीछे धकेलने में अक्षम रहे, लेकिन हमने चीनी निवेश को पीछे धकेल दिया। शिवसेना सांसद ने कहा, निवेश बंद करने के बजाय, हमें चीनी सैनिकों को लद्दाख से पीछे धकेलना चाहिए था। उपाध्ए ने कहा कि उन्होंने राउत के स्तंभ को अभी नहीं पढ़ा है। हालांकि, उन्होंने कहा, खैर लोग इस तरह के दावे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राउत ने यह भी लिखा है कि राज्यों और केंद्र के बीच संबंधों में खटास आई है। उन्होंने कहा, यदि केंद्र में सत्ता में बैठे लोग यह महसूस नहीं करते हैं कि वे राजनीतिक हथकंडों के जरिए लोगों का अहित कर रहे हैं, तो राज्य उसी तरह से अलग होने लगेंगे जैसे सोवियत संघ का विघटन हुआ था। राउत ने कहा, सच्चाई यह है कि जिन राज्यों में भाजपा सत्ता में नहीं हैं, वे भी देश का ही हिस्सा हैं लेकिन उन्हें भुलाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सरकार ने हर नागरिक के लिए प्रति मास कोरोना



वायरस राहत पैकेज के तौर पर 85,000 रुपए मुहैया किए हैं। लेकिन भारत में इस तरह का राहत पैकेज नहीं लाया गया। राउत ने कहा, केंद्र के पास पैसा नहीं है लेकिन चुनाव जीतने के लिए, सरकारें गिराने के लिए और नई सरकार बनाने के लिए पैसा है।

देश के ऊपर कर्ज का बोझ राष्ट्रीय राजस्व प्राप्ति से कहीं अधिक है। यदि हमारे प्रधानमंत्री ऐसी स्थिति में भी चैन की नींद सोते हैं, तो वे सराहना के पात्र हैं। उन्होंने कहा, महामारी के चलते लोगों की जान चली गई, लेकिन संसद ने अपनी आत्मा गंवा दी। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है और इसके बजाय अयोध्या में राम मंदिर (निर्माण) जैसे भावनात्मक मुद्दे उठा रही है। राउत ने कहा कि भारत के संसदीय लोकतंत्र का भविष्य इस साल खतरे में पड़ गया। जाने माने लोगों ने प्रधानमंत्री को बताया कि 1,000 करोड़ रुपए की लागत से नया संसद भवन बनाने के बजाय यह धन स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के लिए लोगों से चंदा लिया जा रहा। यदि नए संसद परिसर के लिए भी इसी तरह लोगों से चंदा मांगा जाता, तो इस तरह के भवन के लिए एक लाख रुपया भी नहीं एकत्र होता क्योंकि इस तरह के भवन लोगों के लिए अनुपयोगी हो गए हैं।

## नरसिंह राव को उचित सम्मान नहीं मिला: नायडू

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व** प्रधानमंत्री दिवंगत पी. वी. नरसिंह राव को श्रद्धांजलि देते हुए उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को कहा कि उनके द्वारा किए गए साहसिक आर्थिक सुधार से देश के विकास को गति देने में मदद मिली।

राव को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बातते हुए नायडू ने कहा कि वह एक महान विद्वान, लेखक और कई भाषाओं के जानकार थे। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि नायडू ने कहा कि बहरहाल, उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला। पत्रकार ए. कृष्ण राव की तेलुगु पुस्तक विप्लव तपस्वी: पीवी का हैदराबाद में विमोचन करते हुए नायडू ने कहा कि राव जब प्रधानमंत्री बने तब देश गंभीर आर्थिक संकट और राजनीतिक



अनिश्चितता से जूझ रहा था।

बयान के मुताबिक, नायडू ने कहा कि बहरहाल, राव ने कई राजनीतिक पंडितों के अनुमान के इतर देश को अपने कार्यकाल में कई चुनौतियों से निपटने में मदद की। राव जून 1991 से मई 1996 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। राव का जन्म 28 जून 1921 को हुआ था और उनका निधन 23 दिसंबर 2004 को हुआ था। नायडू ने कहा कि राव कुशल प्रशासक थे। बयान में नायडू के हवाले से बताया गया है, हालांकि कुछ लोग उनकी कुछ नीतियों से सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन उनके द्वारा शुरू किए गए कुछ व्यापक पहल देश हित में थे। विश्व व्यापार संगठन में भारत का प्रवेश उन्हीं के कारण हो पाया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नरसिंह राव ने लाइसेंस राज को खत्म किया, बैंकिंग सुधार किए, बिजली का निजीकरण किया, दूरसंचार का आधुनिकीकरण किया और निर्यात को प्रोत्साहित करने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कदम उठाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने कृषि क्षेत्र में भी सुधार की शुरुआत की और खाद्यान्नों के परिवहन पर प्रतिबंधों को हटाया।

## मध्यप्रदेश में मंगलवार से फिर से शीतलहर आने का पूर्वानुमान: आईएमडी

**भोपाल।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि मध्यप्रदेश विशेषकर राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 29 दिसंबर से इस महीने में दूसरी बार शीतलहर आने का पूर्वानुमान है। आईएमडी भोपाल कार्यालय के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक पी के साहा ने बताया कि राज्य के अधिकांश हिस्से में पिछले सप्ताह ठंड का प्रकोप देखा गया था , हालांकि पिछले कुछ दिनों में ठंड थोड़ी थम गई थी और न्यूनतम तापमान में कुछ हद तक बढ़ोतरी हुई थी। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में विशेष रूप से पश्चिमी भागों में मंगलवार से इस महीने दूसरी बार शीतलहर चलने की संभावना है। ये स्थितियां उसके बाद अगले तीन से चार दिनों तक जारी रह सकती हैं।

## तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक बड़े भाई की भूमिका में है: केपी मुनुसामी

**भाषा।** चेन्नई

**सत्तारूढ़** अन्नाद्रमुक ने अपनी सहयोगी भाजपा को रविवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी के अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने पर भगवा दल को सरकार में शामिल नहीं किया जा सकता। पार्टी ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु की द्रविड़ भूमि में कोई पहचान नहीं बना सकती। अन्नाद्रमुक ने यहां अपनी पहली चुनावी रैली में संकेत दिया कि भाजपा को चुनाव में मुख्यमंत्री पद के लिए के पलानीस्वामी की उम्मीदवारी का समर्थन करने और सरकार में उसकी (भाजपा) गैर-भागीदारी जैसी शर्तों को मानना चाहिए और यदि नहीं तो वह 2021 के अपने चुनावी विकल्पों पर पुनर्विचार करे।

अन्नाद्रमुक की शीर्ष नेता जे जयललिता और द्रमुक नेता एम करूणानिधि के निधन का जिक्र करते हुए वरिष्ठ नेता और अन्नाद्रमुक के उप समन्वयक के पी मुनुसामी ने कहा कि ऐसे नेताओं की अनुपस्थिति में कई पार्टियां तमिलनाडु में राजनीतिक प्रवेश करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राष्ट्रीय दल, अवसरवादी, विश्वासघाती और भीड़ द्रविड़ संगठनों पर दोषारोपण कर रही है कि उन्होंने राज्य के 50 साल के शासन में तमिलनाडु को बर्बाद कर दिया। मुनुसामी ने हैरानी जताई कि अन्नाद्रमुक सरकार के खिलाफ अक्षमता का आरोप कैसे लगाया जा सकता है और वह भी तब जब केंद्र ने तमिलनाडु को कई क्षेत्रों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इतने पुरस्कार दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, राज्य में समग्र अवसंरचना और सुविधाएं हैं, चाहे वह शिक्षा हो या स्वास्थ्य सुविधाएं हों। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ हासिल करने वाली ऐसी सभी ताकतों को समझना चाहिए कि तमिलनाडु उन्हें समर्थन नहीं देगा



क्योंकि द्रविड़ विचारधारा राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र का आधार है।

मुनुसामी ने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी, उपमुख्यमंत्री और पन्नीरसेल्वम तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में की। पन्नीरसेल्वम के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ नेता मुनुसामी ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि भाजपा तमिलनाडु में अकेले सफल नहीं हो सकती है और अन्नाद्रमुक पर बहुत अधिक निर्भर है। उन्होंने संकेत दिया कि भाजपा को यह स्वीकार करना चाहिए कि अन्नाद्रमुक वरिष्ठ सहयोगी है और उसे पलानीस्वामी की उम्मीदवारी का समर्थन करना चाहिए या वह 2021 के चुनावों के लिए अपने चुनावी विकल्पों पर पुनर्विचार कर सकती है। हालांकि मुनुसामी ने सीधे तौर पर भाजपा का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट था कि यह संदेश केंद्र सरकार का नेतृत्व करने वाली राष्ट्रीय पार्टी के लिए था। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय पार्टी हो या राज्य पार्टी... सरकार का नेतृत्व अन्नाद्रमुक करेगी। गठबंधन सरकार की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि कोई भी राजनीतिक दल एक गठबंधन सरकार के विचार के साथ गठबंधन की व्यवस्था के लिए आगे आता है, तो कृपया वह इसके बारे में सोच लें।

## पेज 1 का शेष

### कोविड-19...

की दर बढ़कर 95.82 फीसद हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि छह महीने बाद दैनिक मामले 19,000 के नीचे चले गगए हैं और पिछले 24 घंटे में 18,732 नए मामले सामने आए हैं। इसने कहा कि एक जुलाई को संक्रमण के 18,653 नए मामले सामने आए थे और 76.52 प्रतिशत नए मामले 10 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदशों से हैं। मंत्रालय ने कहा कि केरल में सर्वाधिक 3,527 नए मामले सामने आए हैं जबकि महाराष्ट्र में 2,854 नए मरीजों का पता चला है। भारत में रविवार को कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 1,01,87,850 हो गए।

### संकट से...

की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है और यह सदियों से कश्मीर से जुड़ा हुआ है जो मुख्य रूप से पुलवामा, बडगाम और किश्तवाड़ जैसी जगहों पर उगाया जाता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कश्मीरी केसर को जीआई टैग की पहचान मिलने के बाद दुबई के एक सुपर मार्केट में इसे लांच किया गया। उन्होंने कहा कि अब इसका निर्यात बढ़ने लगेगा। यह आत्मनिर्भर भारत बनाने के हमारे प्रयासों को और मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के जरिए देशवासियों से कूड़ा-कचरा न फैलाने का संकल्प लेने का भी आग्रह किया और एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से देश को मुक्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने 2014 और 2018 के बीच तेंदुओं की संख्या् में साठ प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी पर प्रसन्न ता व्यरक्तह की और इसे देश के लिए 'बड़ी' उपलब्धि करार दिया। उन्होंने हरियाणा के गुरुग्राम में रहने वाले प्रदीप सांगवान और कर्नाटक के युवा दंपती अनुदीप तथा मिनूषा द्वारा स्वच्छता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए देशवासियों से उनकी तरह सफाई अभियान चलाने का अनुरोध किया। मोदी ने कहा कि कोरोना महामारी की वजह से इस साल एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के बारे में अधिक चर्चा नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि हमें देश को एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से मुक्त करना ही है। ये भी 2021 के संकल्पों में से एक है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंह जी के दो साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेहसिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनको आज ही के दिन दीवार पर जिंदा चुनवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि जब जनता कर्फ्यू जैसा अभिनव प्रयोग पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बना, जब ताली-थाली बजाकर देश ने हमारे कोरोना वारियर्स का सम्मान किया था, एकजुटता दिखाई थी, उसे भी, कई लोगों ने याद किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के प्रकोप के दौरान दुनिया को अनगिनत मुसीबतों से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि लेकिन हमने इस संकट से एक सबक भी सीखा है और अपनी क्षमताओं का भरपूर विकास किया है। मोदी ने कहा कि देशभर में कोरोना लॉकडाउन के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को सिखाने के नए-नए तरीके इजाद किये और रचनात्माक तरीके से पाठ्य सामग्री तैयार की।

### नीतीश के...

सिंह पर पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ ही भगवा दल से समझदारी से निपटने की जिम्मेदारी है। अरुणाचल प्रदेश में जद(यू) के सात विधायकों में से छह का भाजपा में शामिल होना और पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनाव जद(यू) के नए अध्यक्ष के समक्ष तात्कालिक चुनौती हैं। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई, जहां अगले वर्ष अप्रैल-मई में चुनाव होने वाले हैं। सिंह का जन्म छह जुलाई 1958 को नालंदा जिले के मुस्तफापुर में हुआ था। उन्होंने इसी जिले के हुसैनपुर में शिक्षा प्राप्त की। सिंह ने पटना कॉलेज से इतिहास में स्नातक और परास्नातक जेएनयू से किया। आरसीपी सिंह ने 21 मई 1982 को गिरिजा सिंह से विवाह किया और उनकी दो बेटियां हैं। उनकी बेटी लिपि सिंह वर्ष 2016 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं।

### जम्मू-कश्मीर...

पूरी होने के बाद कोर्ट मार्शल हो सकता है। इससे पहले इस मामले में सेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया था जब सोशल मीडिया पर खबर आई कि सेना के जवानों ने एक मुठभेड़ में तीन युवकों को आतंकवादी बताकर मार गिराया है। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की जांच सितंबर में पूरी हो गई थी। इसमें प्रारंभिक तौर पर पाया था कि 18 जुलाई की मुठभेड़ के दौरान इन जवानों ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफ्सपा) के तहत मिली 'शक्तियों' के नियमों का उल्लंघन किया है। इसके बाद सेना ने अनुशासनात्मक कार्वाई शुरू की थी। इस घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि सेना के दो जवानों को अफ्सपा के तहत निहित शक्तियों के उल्लंघन के लिए कोर्ट मार्शल का सामना करना पड़ सकता है।

### कांग्रेस को...

जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का नाम स्पश्ट किया जाएगा। असंतुष्टों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ इस महीने की शुरुआत में सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई बैठक में राहुल गांधी को दोबारा पार्टी प्रमुख बनाने की आवाज फिर से उठी थी। हालांकि राहुल गांधी ने कहा कि आंतरिक चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। असंतुष्ट नेता इस बात पर अड़े हैं कि वे प्रॉक्सी उम्मीदवार को स्वीकार नहीं करेंगे और सीडब्ल्यूसी सहित सभी स्तरों पर मतदान होना चाहिए। कांग्रेस के संविधान के अनुसार, सीडब्ल्यूसी के 25 सदस्यों में से 12 को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के प्रतिनिधियों द्वारा चुना जाना है और बाकी की नियुक्ति पार्टी अध्यक्ष द्वारा की जाती है। लगभग दो दषकों से सीडब्ल्यूसी में कोई चुनाव नहीं हुआ है।

### मन की...

किसान संगठन सरकार से बातचीत करने के लिए तैयार हो गए थे। संयुक्त किसान मोर्चा ने तय किया था कि बातचीत फिर शुरू की जाएगी। किसानों ने सरकार से मीटिंग के लिए 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे का वक्त दिया है।

### मोटर वाहन...

संबंध में मंत्रालय ने आज राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को एक परामर्श जारी किया। इससे पहले विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से यह सलाह दी गई थी कि फिटनेस की वैधता, परमिट (सभी प्रकार), लाइसेंस, पंजीकरण या किसी अन्य संबंधित दस्तावेजों को 31 दिसंबर, 2020 तक वैध माना जा सकता है। ताजा परामर्श के मुताबिक इन दस्तावेजों की वैधता को 31 मार्च 2021 तक वैध माना जा सकता है। इस तरह वे सभी दस्तावेज जिनकी वैधता एक फरवरी 2020 को या इसके बाद खत्म हो गई है, उन्हें 31 मार्च 2021 तक वैध माना जाएगा।

### आज से...

चलाने के लिए मंजूरी मिल गई है। इसकके बाद सबसे पहले जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन के बीच चलने वाली मैजेंटा लाइन मेट्रो पर इस सेवा की शुरुआत की जा रही है। दिल्ली मेट्रो के मुताबिक सीबीटीसी सिस्टम एक वाई-फाई की तरह काम करता है। यह मेट्रो को सिग्नल देता है जिससे वह चलती है। मेट्रो ट्रेन में लगे रिसीवर सिग्नल मिलने पर मेट्रो को आगे बढ़ाते हैं। विदेश की कई मेट्रो में इस सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है। यह सिस्टम इतना सुरक्षित है कि अगर कभी दो ट्रेनें एक ही पटरी पर आमने सामने आ जाती है, तो एक निश्चित दूरी पर वह अपने आप ही रुक जाएगी।

### कड़ाके की...

डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। दिसंबर के अंत तक यहां पारा तीन डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने की उम्मीद है। दिल्ली में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दो साल से तापमान लगभग 2.5 डिग्री सेल्सियस के सबसे निचले स्तर तक गिरा है। वर्श 2015 से 2017 के बीच दिसंबर में पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे कभी नहीं गिरा। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष प्रशांत महासागर के ऊपर मजबूत ला नीना की स्थिति ही ठंड बढ़ने का प्रमुख कारण है। विभाग का कहना है कि सप्ताहंत तक एक पष्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पहुंच रहा है। इस कारण सोमवार तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में बड़े पैमाने पर और हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब व हरियाणा में कहीं-कहीं वर्शा होने की संभावना है। इसके बाद मंगलवार से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में निचले स्तर पर सर्द और शुष्क हवा बहेगी, जो ठंड बढ़ने का बड़ा कारण बनेगी। मैदानी इलाकों में 29 से 31 दिसंबर के बीच घने कोहरे का पूर्वानुमान भी जताया गया है।

# दूसरे दिन भी टीम इंडिया का कमाल

## ● रहाणे-जडेजा की शतकीय साझेदारी ●भारत ने पहली पारी में पांच विकेट पर 277 रन बनाए

**भाषा।** मेलबर्न



कप्तान अजिंक्य रहाणे के मुश्किल परिस्थितियों में लगाए गए आकर्षक सैकड़े और रविंद्र जडेजा के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 277 रन बनाए। नियमित कप्तान विराट कोहली के पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट जाने के कारण विषम परिस्थितियों में कप्तानी का जिम्मा संभालने वाले रहाणे ने एक कुशल सेनापति की तरह आगे बढ़कर नेतृत्व किया। वह अभी 104 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। उन्हें जडेजा (नाबाद 40) के रूप में अच्छा साथी मिला जिसके साथ उन्होंने छठे विकेट के लिए अभी तक 104 रन जोड़े हैं। भारत ने मैच के पहले दिन आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 195 रन पर आउट कर दिया था। इस तरह से भारतीय टीम को अब 82 रन की बढ़त मिल चुकी है। भारत इसमें अधिक से अधिक इजाफा करना चाहेगा तथा यह बढ़त पिच की प्रकृति और टीम के मजबूत आक्रमण को देखते हुए निर्णायक साबित हो सकती है। भारत एडीलेड में पहला मैच आठ विकेट से गंवाने के कारण श्रृंखला में 0-। से पीछे चल रहा है। रहाणे ने शुरू में सतर्क रवैया अपनाया लेकिन वह जल्द ही वह अपने असली रंग में आ गए और उन्होंने गेंदबाजों का दबदबा नहीं बनने दिया। जोश हेजलवुड पर उन्होंने पहला विश्वसनीय शॉट लगाया और इसके बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। उनके ड्राइव और लेट कट देखने लायक थे। हेजलवुड पर खूबसूरत कवर ड्राइव से उन्होंने अपना 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। वह आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर शतक जड़ने वाले पांचवें भारतीय कप्तान बने। जब अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (45), अनुभवी चेतेश्वर पुजारा (17), हनुमा विहारी (21) और ऋषभ पंत (29) क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने के बावजूद लंबी पारी नहीं खेल पाए तब रहाणे ने पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ बल्लेबाजी करके आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को बैकफुट पर भेजकर भारत को जोरदार वापसी दिलाई। जडेजा की तारीफ करनी होगी जिन्होंने अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा नमूना पेश किया और तब अपने कप्तान का अच्छा साथ दिया जबकि टीम को एक बड़ी साझेदारी की सख्त जरूरत थी। जडेजा ने स्वयं पर अंकुश लगाए रखा और विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी जो कि तब बेहद जरूरी था। रहाणे ने अब तक 200 गेंदों का सामना करके 12 चौके लगाए हैं जबकि जडेजा की 104 गेंद की पारी में एक चौका शामिल है। भारत ने पहले दो सत्रों में दो-दो विकेट गंवाए थे लेकिन तीसरे सत्र में उसने आस्ट्रेलिया को कोई सफलता नहीं मिलने दी और इसमें उसके लचर क्षेत्ररक्षण का भी योगदान रहा। आस्ट्रेलिया ने 80 ओवर पूरे होने के बाद नई गेंद ली। रहाणे तब 73 रन पर खेल रहे थे।

मिशेल स्टार्क (61 रन देकर दो) को नई गेंद से पहले ओवर में ही रहाणे का विकेट मिल जाता लेकिन स्टीव स्मिथ ने कैच छोड़ दिया। भारतीय कप्तान को शतक पूरा करने के बाद भी स्टार्क की शार्ट पिच गेंद पर फिर से जीवनदान मिला। इस बार ट्रेविस हेड कैच नहीं लपक पाए जिसके बाद बारिश के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त कर दिया गया। भारत ने सुबह एक विकेट पर 36 रन से आगे खेलना शुरू किया और सतर्क शुरुआत की लेकिन पैट कमिन्स (71 रन देकर दो) ने कल के अविजित बल्लेबाजों गिल और पुजारा को 11 गेंद के अंदर पवेलियन भेज दिया।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी**: 195,भारत पहली पारी : मयंक पगबाधा बो स्टार्क 0, गिल का पेन बो कमिंस 45,पुजारा का पेन बो कमिंस 17,रहाणे खेल रहे है 104, विहारी का स्मिथ बो लियोन 21, पंत का पेन बो स्टार्क 29,जडेजा खेल रहे है 40,**अतिरिक्त** : (बाई : 12, लेग बाई: 06, नोबॉल: 02, वाइड: 01) 21, कुल योग : 91.3 ओवर में पांच विकेट पर 277 रन, **विकेट पतन** :1-0, 2-61, 3-64, 4-116, 5-173, **गेंदबाजी** : स्टार्क 18.3 - 3 - 61 - 2 , कमिंस 22 - 7 - 71 - 2, हेजलवुड 21 - 6 - 44 - 0 , लियोन 18 - 2 - 52 -1, ग्रीन 12 -1 - 31 - 0

## रहाणे ने टीम को संभालने का शानदार काम किया: पोंटिंग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में करारी शिकस्त झेलने के बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन रविवार को कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को फिर से संभालने के मामले में शानदार काम किया है। पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, एडीलेड (पहले टेस्ट) की निराशा के बाद उन्होंने टीम को फिर से संभालने के मामले में बेहतरीन काम किया है। उन्होंने कल क्षेत्ररक्षण के समय टीम का शानदार नेतृत्व किया और फिर आप देख सकते है कि वह एक जिम्मेदार कप्तान की तरह खेल (बल्लेबाजी) रहे है।

## रहाणे से मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना सीख रहा हूं: शुभमन

**मेलबर्न।** भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि कप्तान अजिंक्य रहाणे की शानदार शतकीय पारी से उन्होंने खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने डटकर बल्लेबाजी करने के बारे में सीखा। शुभमन ने मैच के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह धैर्य वाली पारी है और अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि जब आप इतने शानदार आक्रमण के खिलाफ खेल रहे होते है, तो कभी-कभी आप ऐसे स्तिथि में आ जाते है जब रन नही बनते है। जिस तरह से अजिंक्य भाई खेले, वह बाहर से देखने में लाजवाब पारी थी।

## स्टार्क ने मौके गंवाने पर अफसोस जताया, रहाणे की तारीफ की

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे को आउट करने के मौके गंवाने पर अफसोस जताने के साथ दबाव मे खेली गई उनकी शतकीय पारी की तारीफ की। स्टार्क ने मैच के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, उन्होंने (रहाणे) शानदार पारी खेली। वह दबाव को झेलते हुए टीम को उस समय आगे लेकर गए जब वे हमारे स्कोर से भी पीछे थे।

## कोहली ने कहा, रहाणे ने लाजवाब पारी खेली

**नई दिल्ली।** पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट चुके भारतीय कप्तान विराट कोहली ने उनकी जगह टीम का नेतृत्व कर रहे अजिंक्य रहाणे की जमकर प्रशंसा करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में लगाए गए उनके शतक को श्रेष्ठ करार दिया। कोहली ने दिन के खेल समाप्त होने के बाद ट्वीट किया, हमारे लिए एक और शानदार दिन।

## वार्नर का तीसरा टेस्ट में खेलना संदिग्ध : लैंगर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने रविवार को कहा कि टीम के दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अब भी अपनी चोटिल ग्रोइन से पूरी तरह से नही उबरे है जिससे भारत के खिलाफ सात जनवरी से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मे भी उनकी भागीदारी संदिग्ध है।

# न्यूजीलैंड का मजबूत स्कोर, पाक को शुरू में लगा झटका



**माउंट मोनगानुई।** कप्तान केन विलियमसन के 23वें टेस्ट शतक और बीजे वाटलिंग की आकर्षक अर्धशतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां पहली पारी में मजबूत स्कोर बनाने के बाद पाकिस्तान को शुरू में ही एक झटका दिया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 431 रन बनाए जिसके जवाब में पाकिस्तान ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 20 ओवरों में एक विकेट पर 30 रन बनाए हैं। वह अभी न्यूजीलैंड से 401 रन पीछे है। बेहतरीन फार्म में चल रहे विलियमसन ने 129 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने रोस टेलर (70) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रन और हेनरी निकोल्स (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 133 रन की शतकीय साझेदारियां की। वाटलिंग ने बाद में 73 रन की उपयोगी पारी खेली तथा काइल जेमीसन (32) के साथ सातवें विकेट के लिए 66 रन की भागीदारी की जिससे न्यूजीलैंड 400 रन की संख्या पार करने में सफल रहा। पाकिस्तान की तरफ से तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 109 रन देकर चार और लेग स्पिनर यासिर शाह ने 113 रन देकर तीन विकेट लिए।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Aarti Ravinder Kumar** who is purchasing the **Entire Second Floor, Entire Third Floor with terrace, of property no. 453 & 454, leela ram market bholi nagar out of Khasra No. 429, situated in the abadi of Lal dora in village masjid moth, New Delhi-110049** from **Mrs. Kamlesh Kaur Arora** W/o Late Mr. Joginder Singh Arora who is owner vide Relinquishment Deed dated 30.09.2013 registered vide doc No. 5140, book no. 1, vol no. 436, pages 120-123, dated 30.09.2013, SR-V A Hauz Khas, New Delhi and same to be finance & mortgage by **Aditya Birla Housing Finance Limited**. That, the **Surviving Member Certificate of Late Mr. Joginder Singh** S/o Mr. Chain Singh is not available so to comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within a week at below address.

**Lucem Legal LLP**
**269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316**

# भारतीय ग्रैंडमास्टर हरिकृष्णा ने कार्लसन को ड्रा पर रोका

**भाषा।** चेन्नई

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने चैम्पियंस शतरंज टूर एअरथिंग्स मास्टर्स ऑनलाइन शतरंज चैम्पियनशिप के शुरूआती चरण के अपने चौथे मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रा पर रोक दिया। हरिकृष्णा और मौजूदा विश्व चैम्पियन कार्लसन ने शनिवार को टूर्नामेंट के शुरूआती दिन अपने चारों मुकाबले ड्रा खेले। हरिकृष्णा नार्वे के इस खिलाड़ी के खिलाफ 24 चालों के बाद ड्रा के लिए सहमत हुए। भारत के नंबर दो खिलाड़ी और पूर्व विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने मैक्सिम विचेर-लाग्रेवे, दानिल दुबोव और स्पेन के डेविड एंटोन गुइज्जारो से ड्रा खेला। वह तालिका में दो अंक के साथ आठवें पायदान पर है। हरिकृष्णा पांचवें दौर में डेनमार्क के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरि के खिलाफ खेलने के बाद अलेक्जेंडर ग्रिस्चुक, हिकारू नाकामुरा, इयान नेपोमनियाचत्ची, लेव अरोनियन, वेसले सो और तैमूर रादजाबोव का सामना करेंगे।

# धोनी आईसीसी की दशक की टीम के कप्तान

## ● कोहली को टेस्ट टीम की कमान

**भाषा।** दुबई





भारत के दिग्गज पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की दशक की एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों का कप्तान घोषित किया गया जबकि विराट कोहली को टेस्ट टीम का कप्तान चुना गया।सीमित ओवरों की टीमों में भारतीय क्रिकेटरों का दबदबा दिखा। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में तीन जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में चार भारतीय क्रिकेटरों को जगह मिली। टेस्ट टीम में इंग्लैंड के सर्वाधिक चार खिलाड़ियों को जगह मिली। इसी साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धोनी दशक की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाले तीन भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। टीम में रोहित शर्मा और भारत के मौजूदा नियमित कप्तान कोहली को भी जगह मिली है। टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में धोनी के अलावा रोहित, कोहली और जसप्रीत बुमराह को शामिल किया गया है। टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के अलावा कोहली दुनिया के एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्हें तीनों प्रारूपों की दशक की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली है। सोमवार को दशक के आनलाइन पुरस्कार समारोह से पहले आईसीसी ने दशक की टीमों की घोषणा की। दशक के पुरस्कारों में आईसीसी के दशक के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर के अलावा दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर को चुना जाएगा। कोहली चार पुरस्कारों की दौड़ में शामिल हैं जिसमें आईसीसी का दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के अलावा दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शामिल है। दशक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी जगह मिली है। इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक, बेन स्टोक्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन भी टीम में शामिल हैं। आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व टेस्ट टीम में स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन, श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन दशक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में शामिल हैं। दशक की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में भारत के सर्वाधिक खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलिया (वार्नर और मिशेल स्टार्क) और दक्षिण अफ्रीका (एबी डिविलियर्स और इमरान ताहिर) के दो-दो खिलाड़ी को टीम में जगह मिली है।

# एल्गर शतक से चूके

**सेंचुरियन।** श्रीलंका के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (95) और ऐडन मारकराम (68) के बीच 141 रन की साझेदारी से रविवार को यहां पहले टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक चार विकेट पर 317 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक फॉफ डु प्लेसिस ने भी अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था। वह 55 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे जबकि तेम्बा बावुमा 41 रन बनाकर खेल रहे थे। एल्गर ने 130 गेंद में 16 चौके से 95 रन बनाए लेकिन शतक से महज पांच रन से चूक गए।

## बेदी ने धमकी दी

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज स्पिनर बिशन सिंह बेदी ने फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के स्टैंड से अपना नाम तत्काल प्रभाव से नहीं हटाए जाने की स्थिति मेंडीडीसीए के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने की धमकी दी है। बेदी ने पत्र लिखकर इसके पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय अरुण जेटली की प्रतिमा कोटला में लगवाने के लिए क्रिकेट संघ की कड़ी आलोचना की थी।

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-1, DELHI**
4TH FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,
PARLIAMENT STREET, NEW DELHI- 110001

**O.A. NO. 246/2019**

**Bank of India** ...................................... Applicant
Versus
**Ms. Prema Kapoor & Ors.** ...................... Defendants

To,
1. (i) Ms. Prema Kapoor D/o Mr. Krishan Kumar Kapoor Flat No. E-11/B,2nd Floor, Kiran Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059. **(Defendant No. 01)**
**Also at**
(ii) Ms. Prema Kapoor D/o Mr. Krishan Kumar Kapoor C/o. United Health Group 4thFloor, Tower-D, 3CS Oxygen SEZ, Sector-144, Noida (U.P.) 201306

Wheres the above named applicant has instituted a case for recovery of **Rs. 22,64,379,02/-** (Rupees Twenty Two Lacs Sexty Four Thousand Three Hundred Seventy Nine & Two Paisa Only) against you and whereas it has been shown to the satisfaction of the Tribunal that it is not possible to serve you in ordinary way. Therefore, this notice is given by advertisement directing you to make appearance before Ld. Registrar on **05.04.2021** at **10.30 A.M.** (for further details kindly visit DRT **website www.etribunal.gov.in, Phone Number: 011-23748473**)

Take notice that in case of your failure to appear on the above mentioned day before this Tribunal, the case will be heard and decided in your absence.

**Due to ongoing Pandemic Situation, all the matters will be taken up through Video Conferencing and for that purpose:-**

(i) All the advocates/Litigants shall download the **"Cisco Webex"** application/Software;
(ii) **"Meeting ID"** and **"Password"** for the next date of hearing qua cases to be taken by 'Registrar/Recovery Officer-I/and Recovery Officer-II shall be available one day prior to the next date at DRT Official Portal i.e. **"drt.gov.in"** under the Public Notice Head.
(iii) In any exigency qua that, the Advocates/ Litigants can contact the concerned official at Ph. No. 011-23748473.

**Given under my hand and seal of the Tribunal on this 21st December of 2020**

Respondent may contact under mention Ph. No. for further enquiry
**Mr. Amit K. Dar,** Ld. Registrar
DRT-1, New Delhi,
Phone No.: 011-23748473
Email : drt1delhi-dfs@nic.in

**By Order of this Tribunal**
For Registrar

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-1, DELHI**
4TH FLOOR, JEEVAN TARA BUILDING,
PARLIAMENT STREET, NEW DELHI- 110001

**O.A. NO. 248/2019**

**Bank of India** ...................................... Applicant
Versus
**Mrs. Rachna Singh & Ors.** ...................... Defendants

To,
1. (i) Mrs. Rachna Singh w/o Sh. Rajender Singh Flat No. 22/132, Block- 23, Lodhi Colony, New Delhi-110003. **(Defendant No. 01)**
**Also at**
(ii) Mrs. Rachna Singh w/o Sh. Rajender Singh, House No. 56, Block-E, B.K. Dutt Colony, New Delhi- 110003.
**Also at**
(iii) Mrs. Rachna Singh w/o Sh. Rajender Singh, Village- Massan, Kholi Patti Sawli, Videkhal Ghadwal, Tehri Garhwal Uttranchal-246177.

Wheres the above named applicant has instituted a case for recovery of **Rs. 28,34,641.25/-** (Rupees Twenty Eight Lacs Thirty Four Thousand Six Hundred Forty One & Twenty Five Paisa Only) against you and whereas it has been shown to the satisfaction of the Tribunal that it is not possible to serve you in ordinary way. Therefore, this notice is given by advertisement directing you to make appearance before Ld. Registrar on **05.04.2021** at **10.30 A.M.** (for further details kindly visit DRT **website www.etribunal.gov.in, Phone Number: 011-23748473**)

Take notice that in case of your failure to appear on the above mentioned day before this Tribunal, the case will be heard and decided in your absence.

**Due to ongoing Pandemic Situation, all the matters will be taken up through Video Conferencing and for that purpose:-**

(i) All the advocates/Litigants shall download the **"Cisco Webex"** application/Software;
(ii) **"Meeting ID"** and **"Password"** for the next date of hearing qua cases to be taken by 'Registrar/Recovery Officer-I/ and Recovery Officer-II shall be available one day prior to the next date at DRT Official Portal i.e. **"drt.gov.in"** under the Public Notice Head.
(iii) In any exigency qua that, the Advocates/ Litigants can contact the concerned official at Ph. No. 011-23748473.

**Given under my hand and seal of the Tribunal on this 21st December of 2020**

Respondent may contact under mention Ph. No. for further enquiry
**Mr. Amit K. Dar,** Ld. Registrar
DRT-1, New Delhi,
Phone No.: 011-23748473
Email : drt1delhi-dfs@nic.in

**By Order of this Tribunal**
For Registrar


# शेयर निवेशकों के लिए हर रंग-रूप समेटे रहा वर्ष 2020, बाजार की चाल से निवेशक रहे हैरान- परेशान

**भाषा।** नई दिल्ली

निवेशकों को इस साल शेयर बाजार का हर रंग-रूप देखने को मिला। कोविड-19 महामारी के प्रभाव से जहां शेयर बाजार रिकार्ड निचले स्तर पर पहुंच गए वहीं सरकार के अभूतपूर्व राजकोषीय और मौद्रिक प्रोत्साहन उपायों से ए नित नए रिकार्ड भी बनाने लगे। बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देख निवेशक भी भैचक्के नजर आए। हालांकि, अब निवेशकों की चिंता 2021 में बाजार की चाल को लेकर है। इस साल आई तेजी और आगे बढ़ेगी अथवा बाजार में कोई बड़ा करेक्शन आएगा। पूरे साल बाजार में व्यापक उतार-चढ़ाव देखन को मिला। एक तरफ जहां बाजार ऐतिहासिक रूप से निम्न स्तर तक गया, वहीं दूसरी तरफ इसमें जोरदार तेजी आई। कभी-कभी एक ही दिन में जोरदार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार की चाल ने कारोबार में महारथ रखने वाले निवेशकों से लेकर छोटे व नए निवेशकों को भी हैरत में डाल दिया। किसी ने भी नहीं सोचा था कि सेंसेक्स और निफ्टी जो मार्च अंत में रसातल में पहुंच गए थे उनमें जल्द ही जोरदार तेजी आएगी तथा साल के अंत तक ए रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच जाएंगे। कुल मिलाकर, 2020 ऐसे उतार-चढ़ाव वाला साल रहा जो कल्पना से परे था। साल की शुरूआत ही बाजार के लिहाज से अच्छी नहीं रही। तीन जनवरी को ईरान के शीर्ष कमांडर कासीम सोलेमानी की इराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में मौत से पश्चिम एशिया में तनाव फैल गया जिसका शेयर बाजारों पर भी असर पड़ा।

## वैश्विक प्रवृत्ति से तय होगी बाजार की चाल, शेयर बाजारों में रह सकता है उतार-चढ़ाव: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह किसी महत्वपूर्ण घरेलू गतिविधियों के अभाव में शेयर बाजार की चाल वैश्विक प्रवृत्ति, कोरोना वायरस के नए प्रकार को लेकर खबरों तथा टीकाकरण के मामले में प्रगति पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों ने अपने विश्लेषण में यह कहा है। वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान को देखते हुए शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह पर्याप्त नकदी, टीके को लेकर सकारात्मक खबर और ब्रेक्जिट समझौते से बाजार में सकारात्मक गति बने रहने की उम्मीद है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ऐतिहासक व्यापार समझौते पर पहंचने में कामयाब रहे। हालांकि यूरोप के कई भागों में कोरोना वायरस के नए प्रकार स्ट्रेन को लेकर बढ़ता जोखिम बाजार में तेजी पर लगाम लगा सकता है। इसके अलावा, माह के अंत में वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों के निपटान से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक समझौता हुआ। दोनों पक्ष ब्रेक्जिट मुक्त व्यापार समझौते के बाद 31 दिसंबर की समयसीमा से कुछ ही दिन पहले मुक्त व्यापार समझौते को लेकर मसलों के निपटाने में सक्षम रहे।



# शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में 60,198 करोड़ की वृद्धि

**भाषा।** नई दिल्ली



देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 60,198.67 करोड़ का वृद्धि हुई। इसमें सर्वाधिक लाभ इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल), हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि. (एचयूएल), इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 19,849.41 करोड़ रुपए उछलकर 5,26,627.07 करोड़ रुपए पहुंच गया। टीसीएस का एमकैप 17,204.68 करोड़ रुपए बढ़कर 10,91,362.33 करोड़ रुपए जबकि एचयूएल की बाजार हैसियत 16,035.72 करोड़ रुपए बढ़कर 5,63,881.75 करोड़ रुपए पहुंच गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 3,518.83 करोड़ रुपए बढ़कर 2,82,079.59 करोड़ रुपए जबकि कोटक महिंद्रा बैंक 2,544.02 करोड़ रुपए की तेजी के साथ 3,88,414.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

## ढांचागत क्षेत्र की 442 परियोजनाओं की लागत में 4.34 लाख करोड़ की बढ़त

**नई दिल्ली।** ढांचागत क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए मूल्य या उससे अधिक की 442 परियोजनाओं की लागत में 4.34 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में यह कहा गया है। मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या उससे अधिक ढांचागत परियोजनाओं पर नजर रखता है।

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के लिए अपनाने होंगे नवोन्मेषी उपाय

**भाषा।** नई दिल्ली

देश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन इस क्षेत्र में 2022 तक।,75,000 मेगावाट उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए नए साल में 35,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सृजित करने की जरूरत होगी। इसके लिए सरकार को 1.75 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश प्राप्त करने के लिए बोली स्तर पर और अधिक नवोन्मेषी रुख अपनाने पर गौर करना होगा। फिलहाल भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कुल स्थापित क्षमता 90,000 मेगावाट है। इसमें 39,000 मेगावाट पवन और 37,000 मेगावाट सौर उत्पादन क्षमता शामिल हैं। इसके अलावा करीब 50,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता पर काम चल रहा है तथा 30,000 मेगावाट क्षमता नई बोली को लेकर पाइपलाइन में हैं। सोलर पावर डेवलपर्स एसोसिएशन के महानिदेशक शेखर दत्त ने पीटीआई- भाषा से कहा, कुल।,75,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए 35,000 मेगावाट (बोली के अंतर्गत या बोली मंगाई जाने की प्रक्रिया में) की जरूरत है और इसके लिए 1.75 लाख करोड़ रुपए के कोष की जरूरत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का क्रियान्वयन और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए निविदा प्रक्रिया में अनूठेपन की 2021 में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर महीने में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 92 लाख टन रहा

**नई दिल्ली।** भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर महीने में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 92.45 लाख टन रहा। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के आंकड़े के अनुसार पिछले साल 2019 के इसी माह में कच्चे इस्पात का उत्पादन 89.33 लाख टन रहा था। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन को रिपोर्ट देने वाले 64 देशों में कच्चे इस्पात का उत्पादन नवंबर 2020 में 15.826 करोड़ टन रहा। यह नवंबर 2019 के 14.842 करोड़ टन के मुकाबले 6.6 प्रतिशत अधिक है। वर्ल्डस्टील ने कहा, कोविड-19 महामारी के कारण मौजूदा कठिनाइयों को देखते हुए इस माह के आंकड़े को अगले महीने के उत्पादन अनुमान के साथ संशोधन किए जाने की संभावना है।

**DHFL** Changing Rules Changing Lives
**दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड**
**राष्ट्रीय कार्यालय :** एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051. | **शाखा कार्यालय :** धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरी निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400602.

**माँग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधिन अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधिन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखीत कर्जदार(रों) (उक्त कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है। चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों)को एक बार पुनः डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान , उक्त कर्जदार(रों)द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज / प्रलेख, यदी काई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से भुगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों)द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रुप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई है।

| कर्जदार (रो)/ गारंटर (रो) का नाम/लोन कोड | माँग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एल.सी. नं. एफबीडी32770 फरीदाबाद शाखा - सेक्टर-19) मधु गुप्ता (कर्जदार) रमेच सी शाह (सह-कर्जदार 1) | 27-11-2020 /₹ 1180102/- (₹ ग्यारह लाख अस्सी हजार एक सौ दो) एनपीए (01-11-2019) | एच फ्लैट नं. 17, पहली मंजिल, प्लॉट नं. ब्लॉक जी, पॉकेट-2, सेक्टर-15, गाँव रोहिणी दिल्ली : 110085. |

यदी उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पुर्णरुपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई व्यक्ती, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

तिथी : 28/12/2020
स्थान : दिल्ली

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 दिसंबर, 2020



# यूरोपीय संघ में कोविड 19 का टीकाकरण प्रारंभ

## वायरस के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक दिन

**एपी। रोम**

**यूरोपीय संघ** (ईयू) के देशों ने इस भूखंड के करीब 45 करोड़ लोगों में सबसे अधिक जोखिम संभावितों को कोविड-19 टीका देने के लिए रविवार को समन्वित प्रयास शुरू किया जो इस सदी के सबसे भयावह जनस्वास्थ संकट के खिलाफ लड़ाई में इस महाद्वीप के लिए उम्मीद का एक पल है। संघ के 27 देशों में मेडिकल कर्मियों, नर्सिंग होम के कर्मियों और बड़े नेताओं को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगाया गया और लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि यह टीकाकरण सुरक्षित है तथा यह इस महामारी से उबरने की बहुत बड़ी संभावना का द्वार खोलता है।रोमानिया में सबसे पहले टीका लेने वाली मैटई बाल्स इंस्टीट्यूट (बुखारेस्ट) की नर्स मिहाला एंजेल ने कहा, बिल्कुल दर्द नहीं हुआ। अपनी आंख खोलिए और टीका लीजिए। रोम में स्पालानजानी संक्रामक रोग अस्पताल में बैठे पांच डॉक्टरों और नर्सो में एक डॉक्टर मारिया रोसारिया कपोबियांची ने कहा, यह संदेश आशा, विश्वास और सबके साथ साझा करने के निमंत्रण का है। चिंतित होने का कोई कारण नहीं है। डॉक्टर मारिया रोसारिया कपोबियांची इस अस्पताल के विषाणु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष हैं। वह उस दल की भी अगुवा है जिसने फरवरी की शुरुआत में इस विषाणु कों पृथक किया था।इतालवी विषाणु विशेषज्ञ डोमेनिको अरकुरी ने बताया कि यह बड़ा अहम है कि इस अस्पताल में टीके की खुराक दी गई जहां वुहान से आया दंपति जनवरी में संक्रमित पाया गया था और वह इटली में पहला मामला था। बाद में उत्तरी लॉम्बार्डी यूरोप में इस महामारी का केंद्र बन गया। यूरोप में इस वायरस से सबसे अधिक करीब 72,000 मौत इटली में हुई। जर्मनी के बायोएनटेक और अमेरिकी कंपनी फाइजर के टीके शुक्रवार को बेल्जियम की फैक्ट्री से सुपर कोल्ड कंटेनर से यूरोपीय संघ के अस्पतालों में आने लगे थे। जिन लोगों को टीके लगाए जा रहे हैं, उन्हें दूसरी खुराक के लिए तीन सप्ताह में फिर आना होगा। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने टीकाकरण अभियान का एक वीडियो जारी किया और सदी के सबसे भयावह जनस्वास्थ्य संकट से संघ के करीब 45 करोड़ लोगों को बचाने की लड़ाई में एकता का दिल को छू लेने वाला पल बताया। टीकाकरण अभियान से लोगों को खासकर जर्मनी में राहत मिलने की आस है क्योंकि उनका मन उचटने लगा था। ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका ने इसी टीके से कई सप्ताह पहले टीकाकरण शुरू किया। वैसे यूरोपीय संघ के कुछ देशों जैसे जर्मनी, हंगरी और स्लोवाकिया में कल ही टीकाकरण शुरू हो गया था। एक जर्मन नर्सिंग होम, जहां शनिवार को 101 साल की एक महिला समेत दर्जनों लोगों को टीका लगाया गया, के संचालक ने कहा, जब हम शिद्दत से किसी चीज का इंतजार करते हैं, तो एक दिन भी बहुत लंबा लगता है। टीकाकरण की शुरूआत एक ऐसे भूक्षेत्र के लिए आशा के पल का प्रतीक है जो दुनिया में इस वायरस से सबसे पहले और सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में एक था। इटली और स्पेन तथा चेक गणराज्य जैसे अन्य देशों में इस साल के प्रारंभ में स्थिति ऐसी हो गई थी कि समूचा स्वास्थ्य तंत्र चरमरा गया लग रहा था। यूरीपीय संघ के 27 देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के कम से कम 1.6 करोड़ मामले सामने आए हैं और संक्रमण से 3,36,000 लोगों की जान चली गई।



अर्जेन्टीना के ब्यूइनवस एअर पोर्ट पर कोरोना वैक्सीन लोड करता कर्मचारी

## कोविड-19: जापान ने विदेशियों के प्रवेश पर लगाई पाबंदी

**एपी। तोक्यो**

**ब्रिटेन में** मिले कोरोना वायरस के नए प्रकार के मद्देनजर जापान की सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए सभी विदेशी नागरिकों के प्रवेश पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। प्रतिबंध उन विदेशियों पर लागू होगा जो जापान के रहने वाले नहीं हैं।

कोरोना वायरस के नए रूप के बारे में कहा जा रहा है कि यह और अधिक संक्रामक है।विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि यह प्रतिबंध सोमवार से लागू होगा और फिलहाल यह 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। जापान ने पिछले सप्ताह ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका से आने वाले उन लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी जो जापान के रहवासी नहीं हैं। पिछले दो दिनों में सात लोगों के वायरस के नए प्रकार से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद देश ने यह कदम उठाया है। इन सात यात्रियों में से पांच ब्रिटेन से लौटे हैं।मंत्रालय ने बताया कि जापान के नागरिकों और देश में रहने की अनुमति रखने वाले विदेशी नागरिकों के लिए 14 दिन के पृथक-वास की अवधि से छूट को अब निलंबित किया जा रहा है। जापान में शनिवार तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 2,17,312 मामले सामने आ चुके हैं तथा 3,213 लोगों की यहां मौत हो चुकी है। वहीं दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 970 नए मामले सामने आए हैं और सामाजिक दूरी के सख्त नियमों को लागू करने के संबंध में रविवार को निर्णय लिया जाएगा। कोरिया रोग नियंत्रण व रोकथाम एजेंसी ने बताया कि देश में अब तक 56,872 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा कुल 808 लोगों की मौत हो चुकी है। थाईलैंड में रविवार को संक्रमण के 110 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6,020 हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने संक्रमण की अधिकता वाले दो नए क्षेत्रों का पता लगाया है। सरकार ने लोगों का आगाह किया है कि अगर सामाजिक दूरी समेत अन्य प्रतिबंधों का पालन नहीं किया गया तो मार्च तक देशव्यापी लॉकडाउन लगाया जाएगा।

### ● कोरिया और थाईलैंड भी सख्ती करने की तैयारी मे



## ट्रंप के दस्तखत न करने से अधर में अटका लाखों लोगों का बेरोजगारी भत्ता लाभ

**एपी। वेस्ट पाम बीच (अमेरिका)**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप द्वारा साल के अंत वाले कोविड राहत एवं खर्च विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर देने से अपनी रोजर्मा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे लाखों अमेरिकी लोगों को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता लाभ शनिवार आधी रात से बंद हो गया।


माना जा रहा था कि वह इस पर हस्ताक्षर कर ही देंगे लेकिन अचानक उन्होंने इसपर आपत्तियां जतानी शुरू कर दीं। ट्रंप ने कोविड राहत में अधिक राशि की मांग करते हुए तथा इस संबंध में अन्य सवाल उठाते हुए द्विपक्षीय पैकेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। इस स्थिति में, मंगलवार रात को बारह बजकर एक मिनट से संघीय सरकार का कामकाज बंद होने का भी खतरा है।व्हाइट हाउस के रिपब्लिकन सदस्यों को यह आश्वासन देने के बाद कि ट्रंप विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे, इसे संसद के दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी थी। हालांकि ट्रंप का मिजाज बदलने के बाद यह फिर अधर में अटक गया।विधेयक में अधिकतर अमेरिकियों के लिए 600 डॉलर के भुगतान के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है, लेकिन ट्रंप ने कहा कि वह संसद से इसमें संशोधन करने और एक दंपती के लिए 600 डॉलर की अत्यंत कम राशि को बढ़ाकर 2,000 या 4,000 डॉलर करने को कहेंगे। न्होंने कहा, मैं संसद से यह भी कह रहा हूं कि वह इस विधेयक से अनावश्यक बातों को हटाए और मुझे एक उपयुक्त विधेयक भेजे। ट्रंप ने मंगलवार रात ट्वीट किए गए एक वीडियो में कहा था कि विधेयक में विदेशों को बहुत अधिक धन देने की बात की गई है, लेकिन इसमें अमेरिकियों के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था नहीं है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप से इस विधेयक पर तुरंत हस्ताक्षर करने को कहा है।

बाइडन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के आर्थिक राहत विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के कारण लाखों लोगों को अब यह नहीं पता कि उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी हो भी पाएंगी या नहीं। उन्होंने ट्रंप पर जिम्मेदारी नहीं निभाने का आरोप लगाया और कहा कि इसके परिणाम विनाशकारी हैं।

## चीन मे चाकू से किए गए हमले में सात लोगों की मौत

**बीजिंग, भाषा।** चीन के उत्तरी-पूर्वी लिओलिंग प्रांत में एक व्यक्ति द्वारा चाकू से किए गए हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई।सरकारी टीवी सीजीटीएन की खबर के अनुसार, पुलिस ने संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। काईयुआन शहर में हुई इस घटना में सात लोगों के मरने के अलावा एक पुलिसकर्मी सहित सात लोग घायल भी हुए हैं। पुलिसकर्मी आरोपी को गिरफ्तार करनेवाली टीम में शामिल था। अधिकारियों ने हमले में सात लोगों के मरने की पुष्टि की है।घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, लेकिन उनकी स्थिति के बारे में अभी पता नहीं है। अन्य देशों के मुकाबले चीन में इस तरह के हिंसक अपराधों की संख्या कम है लेकिन हाल के वर्षों में चाकू और कुल्हाड़ी से हमले बढ़े हैं।

## सिंध सरकार डेनियल पर्ल हत्या मामले में चार आरोपियों को रिहा नहीं करेगी



**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** की सिंध प्रांत की सरकार ने ब्रिटेन में जन्मे अल-कायदा आतंकवादी अहमद उमर सईद शेख और उसके तीन सहयोगियों को रिहा नहीं करने का निर्णय किया है, जिन पर अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का अपहरण करने और उसकी हत्या करने के आरोप हैं। सिंध प्रांत की सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में इन चारों को रिहा नहीं करने का फैसला किया है।सिंध उच्च न्यायालय के दो सदस्यों की पीठ ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि शेख और अन्य आरोपियों को किसी तरह की हिरासत में नहीं रखें और उनकी हिरासत को लेकर सिंध सरकार की सभी अधिसूचनाओं को अमान्य करार दिया। अदालत ने कहा कि चारों व्यक्तियों को हिरासत में रखना अवैध है।बहरहाल, अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर उच्चतम न्यायालय ने उनकी हिरासत के बारे में रोक लगाने का आदेश दिया है, तो उन्हें रिहा नहीं किया जाना चाहिए। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के 28 सितंबर के आदेश के आलोक में प्रांत की सरकार उनको रिहा नहीं करेगी।सूत्रों ने अखबार को बताया कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी नीत सिंध सरकार का मानना है कि उच्चतम न्यायालय का 28 सितंबर का आदेश अब भी बरकरार है।


बर्लिन में 101 वर्षीय गेरट्रूड कोविड 19 की वैक्सीन लगवाते हुए

## क्विक न्यूज

### कोविड-19: ओमान ने टीकाकरण अभियान शुरू किया

**दुबई।** ओमान ने कोविड-19 महामारी पर रोक लगाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है और देश के स्वास्थ्य मंत्री अहमद अल सैदी को फाइजर टीके की पहली खुराक दी गई। सरकारी मीडिया की खबर के मुताबिक पिछले सप्ताह मस्कट अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 15,600 खुराक की पहली खेप पहुंची और प्राथमिकता के आधार पर पहले बुजुर्गों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना कर रहे लोगों को रविवार से टीका लगाने की शुरुआत की गई। अगले महीने यहां फाइजर-बायोएनटेक टीके की 28,000 खुराक की दूसरी खेप पहुंचने की संभावना है। ओमान का कहना है कि उसका लक्ष्य करीब 50 लाख की आबादी में से 60 फीसदी लोगों को टीका लगाने का है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सीमित आपूर्ति की वजह से शुरुआती चरण में सिर्फ 20 फीसदी लोगों को ही टीका लग सकेगा। ओमान में अब तक1,28,000 से ज्यादा लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके है और1,400 से ज्यादा लोगो की मौत हो चुकी है।

### कैमरून में बस हादसे में 37 लोगों की मौत, 18 घायल

**याउंदे ।** अफ्रीकी देश कैमरून के पश्चिमी हिस्से मे स्थित नमाले गांव में हुए बस हादसे में 37 लोगो की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हुए है। इलाके के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अबसलाम मोनोनो ने बताया कि 70 सीटों वाली बस पश्चिमी शहर फोउम्बान से राजधानी याउंदे आ रही थी, तभी शनिवार- रविवार की दरम्यानी रात दो बजे सड़क पर आ रहे लोगो की भीड़ को बचाने के चक्कर में ट्रक से टकरा गई। उन्होने बताया, बस में सवार अधिकतर यात्री या तो नया साल मनाने अपने परिवार के साथ जा रहे थे या क्रिसमस मनाकर लौट रहे थे या कारोबारी थे जो नए साल के उपहारों को पहुंचाने जा रहे थे। हादसे के बाद गांव के लोग बस में सवार 60 से अधिक यात्रियों की मदद के लिए पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बचाव कर्मी अब भी दुर्घटनाग्रस्त बस का मलबा साफ कर रहे हैं।

### चीन में कुछ अपराधों के मामलों में उम्र सीमा घटा कर 12 साल की गई

**बीजिंग।** चीन ने कुछ गंभीर अपराधों के मामले में आपराधिक जिम्मेदारी की उम्र सीमा 14 साल से घटा कर 12 साल कर दी है। देश मे एक संशोधित कानून के तहत 12 से 14 साल के बच्चे इरादतन हत्या या मौत का कारण बनने वाले, इरादतन चोट पहुंचाने या अन्य नृशंस तरीकों से गंभीर रूप से अपंग बना देने वाले अपराधों के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराए जाएंगे। चीन की शीर्ष विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति द्वारा शनिवार को पारित किए गए संशोधन अगले साल एक मार्च से प्रभावी होंगे। अभी चीन मे आपराधिक जिम्मेदारी की उम्र 16 है। बलात्कार, लूटपाट और इरादतन हत्या जैसे गंभीर अपराधों के लिए इन्हें आपराधिक रूप से जिम्मेदार करार दिया जाता है। चीन मे 2018 की तुलना मे 2019 में किशोर अपराध बढ़ने के बाद कानून मे यह संशोधन किया गया है।

### इलिनोइस में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत, तीन घायल

**रॉकफोर्ड (अमेरिका)।** इलिनोइस स्थित एक बॉलिंग एली में शनिवार रात को एक बंदूकधारी ने गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। रॉकफोर्ड पुलिस के प्रमुख डैन ओ शिया ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि घटना के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत मे लिया गया है। हालांकि उन्होने हिरासत में लिए गए व्यक्ति के बारे में या पीड़ितों के बारे में अतिरिक्त जानकारी नही दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी भी अधिकारी ने गोली नही चलाई।

### तुर्की में 5.3 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की के पूर्वी एलाजिग प्रांत मे रविवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि इसमे जानमाल के नुकसान की कोई खबर नही है। देश के आपदा एवं आपात प्रबंधन निदेशालय ने बताया कि भूकंप सुबह नौ बजकर 37 मिनट पर आया जो आसपास के प्रांतों में भी महसूस किया गया।तुर्की के गृहमंत्री सुलेमान सोयलू ने ट्वीट किया कि फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की खबर नही है।

### फ्रांस ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू किया, पहली खुराक बुजुर्ग महिला को दी

**पेरिस।** फ्रांस ने कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में राजधानी पेरिस के उत्तर-पूर्वी इलाके स्थित एक नर्सिंग होम मे एक बुजुर्ग महिला को रविवार को पहला टीका लगाया गया। यह इलाका देश के गरीब क्षेत्रों में से एक है। पेरिस क्षेत्र के जन स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख ऑरेलियन रूसो ने ट्विटर पर कहा कि यह एक अहम पल है जिससे बहुत ज्यादा उम्मीद है। सेवरन शहर की 78 वर्षीय महिला मौरीसिते को फ्रांस का पहला टीका लगाया गया। बाद में डिजोन के चैम्पमेल्लोट होम में भी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि फ्रांस के लोगों में नए टीके को लेकर थोड़ा संदेह है। इसी वजह से सरकार सतर्क है और टीका लगवाने को अनिवार्य नही कर रही है।

## उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल राजनीतिक स्थिति का जायजा लेने पहुंच गया नेपाल

**भाषा। काठमांडू,**

**चीन की** कम्युनिस्ट पार्टी के उपमंत्री के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल नेपाल की राजनीतिक स्थिति का जायजा लेने के लिए रविवार को काठमांडू पहुंचा। संसद भंग किए जाने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के विभाजन के बाद प्रतिनिधिमंडल काठमांडू आया है। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई है।

माई रिपब्लिका अखबार ने एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं के हवाले से लिखा है कि दौरे के एजेंडे का विशिष्ट ब्यौरा उपलब्ध नहीं है, लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के अंतरराष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री गुओ एझु के नेतृत्व में चार सदस्ईय दल काठमांडू में ठहरने के दौरान उच्चस्तरीय वार्ता करेगा।एक राजनयिक सूत्र का हवाला देते हुए इसने कहा कि दौरे का उद्देश्य नेपाल की प्रतिनिधि सभा के भंग किए जाने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में अलगाव के बाद उभरने वाली राजनीतिक स्थिति का जायजा लेना है। बीजिंग समर्थक के रूप में जाने जाने वाले प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ सत्ता को लेकर जारी रस्साकशी के बीच पिछले रविवार को एक अचानक उठाए गए कदम के तहत 275 सदस्ईय संसद को भंग करने की अनुशंसा कर दी थी।प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उसी दिन सदन को भंग कर दिया और 30 अप्रैल तथा दस मई को नए चुनावों की घोषणा की, जिसका प्रचंड के नेतृत्व वाले एनसीपी के बड़े धड़े ने विरोध करना शुरू कर दिया।खबर में बताया गया है कि इस बीच काठमांडू में चीनी दूतावास और विदेश मंत्रालय गुओ के दौरे को लेकर चुप है।इस हफ्ते की शुरुआत में नेपाल में चीन की राजदूत होऊ यांकी ने प्रचंड और ओली धड़े के एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में गुओ के दौरे के बारे में जानकारी दी थी। उप मंत्री गुओ दोनों धड़ों के नेताओं के साथ बैठक करने वाले हैं।संसद भंग करने के ओली के कदम और इससे उत्पन्न राजनीतिक स्थिति से बीजिंग चिंतित प्रतीत होता है। संसद भंग करने के तुरंत बाद चीन की राजदूत ने नेपाल में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ अपनी बैठकें तेज कर दी थीं।होऊ राष्ट्रपति भंडारी, एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रचंड और माधव कुमार नेपाल, पूर्व संसद अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महारा और बरशा मान पुन सहित कई नेताओं से मुलाकात कर चुकी हैं।चीन पहले भी कई बार संकट के समय नेपाल के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप कर चुका है।

### ● संसद भंग किए जाने और सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के विभाजन के बाद प्रतिनिधिमंडल काठमांडू आया है

## नैशविले में हुए विस्फोट की जांच में जुटी एफबीआई ने संदिग्ध के घर की ली तलाशी

**एपी। नैशविले (अमेरिका)**

**नैशविले में** क्रिसमस के दिन हुए विस्फोट की जांच में जुटी एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) की टीम ने शनिवार को इस घटना में संदिग्ध व्यक्ति के घर की तलाशी ली। विस्फोट के 24 घंटे से भी अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी जांचकर्ताओं के हाथ में इस घटना के पीछे का मकसद और अंजामकर्ता के बारे में कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है।कई ऐसे सवाल हैं जो अब भी अनसुलझे हैं जैसे कि सुबह के समय एक सुनसान गली में बम लगा हुआ वाहन क्यों खड़ा किया गया और इसमें एक अलार्म भी लगा था जो लोगों को आसपास से हटने की जानकारी दे रहा था। ऐसे में घटना को अंजाम देने वाले का मकसद क्या था?केंद्रीय टेलीफोन एक्सचेंज की इमारत के पास हुए इस विस्फोट के चलते शनिवार को भी कई दक्षिणी राज्यों में मोबाइल फोन सेवाएं एवं पुलिस व अस्पताल संचार सेवाएं बाधित रहीं।एफबीआई के विशेष एजेंट जेसन पैक ने कहा कि जांच से संबंधित सूचना प्राप्त होने के बाद संघीय एवं स्थानीय जांच एजेंसियों के जांचकर्ताओं ने उपनगरीय नैशविले के एंटीयोक क्षेत्र स्थित एक घर की तलाशी ली।जांचकर्ता घर की तलाशी लेने के साथ ही संपत्ति के आसपास और पीछे के हिस्से में भी पड़ताल करने में जुटे हैं। दूसरी तरफ, एफबीआई ने कहा है कि वह कई ऐसे लोगों का पता लगा रही है, जिनका इस घटना से संबंध हो सकता है।एफबीआई के अधिकारी डगलस कोर्नस्की ने शनिवार दोपहर को प्रेसवार्ता में कहा, मामले की जांच में हमें अभी कुछ समय लगेगा। हमारे जांच अधिकारी यह पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि किसने इस विस्फोट को अंजाम दिया और क्यों? उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को केंद्रीय टेलीफोन एक्सचेंज की इमारत के पास सुनसान सड़क पर खड़े एक वाहन में विस्फोट होने से संचार सेवाएं ठप पड़ गईं, पुलिस की आपात प्रणाली ने भी काम करना बंद कर दिया तथा शहर के हवाईअड्डे से उड़ानों को भी रोकना पड़ा था। शुक्रवार को पुलिस गोलीबारी की खबरों की जांच कर रही थी तभी उन्हें एक वाहन का पता चला जिसमें से पहले से रिकॉर्ड की गई चेतावनी की आवाज आ रही थी जिसमें कहा जा रहा था कि वाहन में लगा बम 15 मिनट में फट जाएगा। मेट्रो नैशविले पुलिस प्रमुख जॉन ड्रेक ने बताया था कि इसके बाद पुलिस ने आसपास की इमारतों को खाली करवाया और बम निरोधक दस्ते को बुलाया लेकिन कुछ ही देर बाद वाहन में धमाका हो गया।इस घटना में घायल हुए तीन लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन सभी की हालत स्थिर है। यह घटना संचार कंपनी एटी ऐंड टी की इमारत के पास हुई जिसमें टेलीफोन एक्सचेंज का केंद्रीय कार्यालय है, यहीं पर नेटवर्क उपकरण भी है। यही वजह है कि विस्फोट के चलते संचार सेवाएं ठप हो गईं।

**दीपशिखा कुमार आनंद का कहना है कि सीखने की इच्छा भावी अवसरों की ओर बढ़ने का तरीका है। जो लोग खुद को अपडेट करते रहते हैं वे बिरले ही विफलता का सामना करते हैं**



# बनें अप टू डेट

महामारी से प्रभावित विश्व अर्थव्यवस्था में बढ़ती असुरक्षाओं के बीच, आत्मनिर्भरता न केवल देशों के लिए बल्कि नौकरीशुदा पेशेवरों के लिए भी एक सुधार-कम-प्रगतिशील रणनीति है। व्यापार और कर्मचारी दोनों आज बाजार में सख्त प्रतियोगिता का सामना कर रहे हैं। ऐसे उथल पुथल वाले दौर में उन्नत एवं भविष्योन्मुख योग्यताओं वाले लोग उल्लेखनीय स्तर पर अपवाद स्वरूप हैं।

सीखने की इच्छा भावी अवसरों की ओर बढ़ने का तरीका है। जो लोग खुद को अपडेट करते रहते हैं वे बिरले ही विफलता का सामना करते हैं। आज विश्व अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 की जटिलताओं का सामना करने के लिए, बुद्धिजीवी एवं योग्यता साझीदारियों पर आधारित एक मुखर प्रतिभा वाली अर्थव्यवस्था को अपनाने की आपात आवश्यकता है। ई-लर्निंग मंचों की शुरूआत ने कंपनियों एवं मानव संसाधनों को प्रमाणित प्रशिक्षकों व उद्योग विशेषज्ञों से उच्च स्तरीय योग्यताएं हासिल करना सक्षम बनाया है। वर्तमान परिदृश्य में बिजनेस लर्निंग में, खासतौर पर डिजीटल रूपांतरण में रूचि रखने वाले व्यवसायों के लिए, इन मंचों पर यूजर निर्मित कंटेंट महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

व्यापार का सक्षमता स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि उसके कर्मचारी कितने सक्षम हैं। इसीलिए नयी उभरती कंपनियों के एचआर मैनेजर हमेशा उन्नत पेशेवर योग्यताओं से लैस तथा खुद को लगातार उन्नत करने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवारों में रूचि दिखाते हैं। एक वैश्विक स्टाफिंग कंपनी, राबर्ट हाफ द्वारा किए गए ताजा अध्ययन के अनुसार, 84 फीसदी एचआर मैनेजर ऐसे कर्मचारी रखना पसंद करते हैं जिनकी योग्यताओं को प्रशिक्षण के जरिए आसानी से उपयोग में लाया जा सके। कभी कभी, नयी योग्यताएं सीखने की उम्मीदवार की इच्छा सटीक रोजगार योग्यताएं न होने के बावजूद मनचाही नौकरी हासिल करने में उनकी सहायता करती है। यहां, एच आर मैनेजर मानते हैं कि योग्यताएं विकसित करने के लिए व्यक्तित्व को तैयार रखना व्यक्ति की अतिरिक्त जिम्मेदारियां स्वीकारने की उसकी योग्यताओं से ज्यादा महत्व रखता है।

व्यवसायों के डिजीटलीकरण ने विभिन्न कामों में तकनीक की भूमिका को अनेक स्तरों पर बढ़ा दिया है। मार्केटिंग से लेकर मैन्यूफेक्चरिंग तक, लगभग प्रत्येक व्यवसायिक गतिविधि आज तकनीक द्वारा प्रबंधित होती है। इसलिए, अपने कर्मचारियों को तकनीक सक्षम बनाने के लिए कंपनियां उन्हें सीखने में सहायता कर रही हैं। इसके विपरीत, अनेक पारंपरिक व्यवसाय जो मौजूदा महामारी की मार से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं के पास और कोई बेहतर विकल्प नहीं है कि वे बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए डिजीटल स्तर पर सक्षम हों। यहीं पर उद्यमियों व मैनेजरों के लिए ई-लर्निंग कार्यक्रम उनके लिए सहज बदलाव सुनिश्चित कर रहे हैं।

इन योग्यता-केन्द्रित पाठयक्रमों में भाग लेकर, नौकरी छूटने से प्रभावित लोग दुबारा रोजगार बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। ई-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों में ठोस एवं व्यवहारिक योग्यताएं दोनों विकसित करने में उपयोगी हैं। डाटा एनालिसिस, फाइनेंशियल अकाऊंटिंग, नेटवर्किंग, निर्णयन, मोलभाव एवं नेतृत्व योग्यताएं हासिल करने जैसी व्यापार योग्यताएं, जो प्रत्येक सफल पेशेवर हासिल करना चाहता है इन्हें सशर्त ई-लर्निंग कार्यक्रमों के जरिए हासिल एवं निखारा जा सकता है। वे कर्मचारियों में ठोस एवं व्यवहारि योग्यताएं दोनों को विकसित करने में उपयोगी हैं।

अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विस्तृत एवं संवादात्मक वीडियोज व्यक्ति द्वारा कोर्स माडयूल से अधिकतम समझ हासिल करने के लिए बार बार देखे जा सकते हैं। इसके अलावा, विद्यार्थी के पास एक से अधिक आनलाइन कोच या सब्जेक्ट मैटर विशेषज्ञ को चुनने का विकल्प होता है। कंटेंट को संस्थान आवश्यकताओं पर आधारित प्रासंगिक व्यापार विषयों के मुताबिक अनुकूलित किया जा सकता है। इसके अलावा, क्षेत्र विशेष वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में अप्रत्याशित बदलावों से उद्योग को देवनागरी भाषाओं में कंटेंट मिलने से अपार-लाभ हासिल हो रहे हैं।

**अपस्किलिंग कोई महंगा और ज़ोरदार मामला नहीं है। संचार के डिजिटलीकरण के लिए धन्यवाद जिसने कंपनियों और व्यक्तियों दोनों के लिए सीखने और अपारदर्शिता को बहुत सस्ती बना दिया है**

संस्थान के लिए अपने मूल्यवान एवं अत्यावश्यक लोगों को खोना हमेशा कठिन होता है क्योंकि दूरगामी लक्ष्यों व उददेश्यों का हासिल करने के लिए उनकी उपस्थिति लाजिमी होती है। लेकिन उन्हें संलिप्त एवं प्रेरित रखने के लिए, नियोक्ता को उनकी व्यक्तिगत एवं पेशेवर प्रगति को सुनिश्चित करना होगा। योग्यता निखार अब ज्यादा महंगा और खर्चीला मामला नहीं रह गया है। संचार के डिजीटलीकरण की मेहरबानी है कि इसने सीखना और योग्यता निखारना, कंपनियों एवं व्यक्तियों, दोनों के लिए अत्यंत सस्ता बना दिया है। विभिन्न प्रारूपों एवं विभिन्न भाषाओं में ई-लर्निंग कंटेट की उपलब्धता उनके लिए अत्यंत लाभकारी है जो उन्हें बेहतर जानकार एवं संवेदनशील ग्राहक भी बनाती है। साथ ही, उद्योग हस्तियां एवं विचार नेताओं का आंकलन करना अब छोटे व्यापारों के लिए विलास की चीज नहीं रह गया है। कार्पोरेट्स की तरह, छोटे व्यवसाय भी प्रतिष्ठित हस्तियां एवं सलाहकारों के ज्ञान एवं अनुभव से अपने कर्मचारियों को सशक्त बना सकते हैं।

– **लेखक स्पीकइन के संस्थापक एवं सीईओ हैं।**

## QUOTE OF THE DAY

**कॉलेज आपके जीवन का सबसे अच्छा समय है। जब आपके माता-पिता एक अजीब शहर में जाने और हर रात नशे में रहने के लिए एक वर्ष में कई हजार डॉलर खर्च करने जा रहे हैं।**

**डेविड वुड**

## अर्थपूर्ण कालेज जीवन के लिए



**लेखिका डा . एंडरलीन डायना लेजारस फिलीमिस एसआरएमआईएसटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं**

कालेज जीवन की भव्य शुरूआत का पर्दा खुलता है, खुशी की लहर उमड़ पड़ती है जो चौतरफा नये कैम्पस, नए दोस्तों, नयी शैली की पढ़ाई और प्रशिक्षण और जीवन शैलियों को लेकर भी बेहद आनंदित है। आपके इर्दगिर्द , आपके भीतर और बाहर भी, बहुत कुछ घटित हो रहा होगा, आपमें से कुछ लोग बेपरवाह, कुछ लोग प्रकटया व्यस्त और कुछ इतिहास बना सकते हैं। अनेक विधाओं में विभाजित मिश्रित पढ़ाई आपके लिए अपनी कक्षाओं, लैबों, क्लबों, सभी प्रकार के उत्सवों, प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों को जानने की एक कला है जिनमें नेटवर्किंग, औद्योगिक यात्रा करने, कैम्प लगाने, प्रतिनिधित्व करने, जीतने और हारने, साथ ही नयी भाषाएं, योग्यताएं सीखने तथा यहां पर रहते हुए अपनी प्रतिभाओं को जानने की एक कला है, यह आपको व्यस्त रख सकती हैं, अत्यंत व्यस्त भी लेकिन उससे आपकी करियर निर्माण में सहायता होगी।

कुछ लोग आपको कम आंकते हैं और कुछ बहुत ज्यादा, लेकिन आप इसकी कभी इसकी कभी परवाह न करें।

आपको उनके विचारों का संस्करण बनने की आवश्यकता नहीं है! आपके लक्ष्य आपकी प्राथमिकता बनें!

– अच्छी यादें निर्मित करें, बेहतर खाएं, व्यायाम करें, नियमित रूप से नयी चीजें सीखें, नए पौधे लगाएं, पशु देखभाल में योगदान करें और शोध में भी भागीदारी करें और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि बतौर प्रतिभागी कभी भी शर्म न करने से बेहतर शिक्षण से पैरवी करेंगे।

यह एक बेहद दावेदार दुनिया है और आपको दूसरों से आगे बढ़ना होगा, आपको खुद को सर्वोत्तम बनाने की आवश्यकता होगी। इसलिए जानें और उत्साह के साथ प्रयोग करें, सुनिश्चित करें कि आपका रिज्यूमे विशिष्ट है जो उत्तम उपलब्ध संभावनाओं को आकर्षित कर सकता है, अपने भीतर के लेखक, कवि, नर्तक, गीतकार, शोधकर्ता को जगाएं और अपने अंदर के खिलाड़ी को भी।

आप निश्चित रूप से रोमांच का मजा लेंगे क्योंकि आप अपनी आत्मा, हृदय व मन से भरपूर हैं।

जल्द वो समय होगा जब आपकी अपनी मातृसंस्था से विदाई की घड़ी होगी और पर्दा कालेज जीवन के समापन का पर्दा गिरेगा और इसमें कोई रीप्ले नहीं होगा। इसलिए सजग रहें और अपनी परम संस्करण को गढ़ने के काम में लिप्त हो जाएं।

समूचे मन से समाज की सेवा करें और इस काम को यथासंभव ढंग से निशुल्क करें, क्योंकि लोगों की सुखद यादों में जीना जीत का एक शानदार प्रारूप है।

– लेखक एसआरएम इंस्टीट्यूट आऊ साइंस एंड टेक्नोलाजी में सहायक प्रोफेसर हैं

## स्कॉलरशिप



द ब्रिटिश कौंसिल दुनिया भर से स्टेम विषयों में महिलाओं व लड़कियों के लिए सहयोग के रूप में स्कालरशिप आवेदन आमंत्रित करती है। प्रत्येक स्कालरशिप में पूर्णकालिक ट्यूशन फीस, मानसिक स्टाइपेंड, एकानमिक क्लास का वापसी टिकट व अन्य अध्ययन संबंधी खर्च सम्मिलित है जिसमें आईईएलटीएस परीक्षा शुल्क, वीजा आवेदन, एनएचएस सरचार्ज व अध्ययन सामग्रियां आती हैं।

### भारतीय छात्राओं के लिए स्कालरशिप की संख्याः 1

**योग्यता :** स्टेम में महिलाओं हेतु स्कालरशिप में योग्यता पाने के लिए, आपका महिला (सिस-जेंडर्ड या ट्रांस) या अयुग्मक के रूप में पहचान प्राप्त हों।

आपके पास पासपोर्ट होना चाहिए तथा योग्य देशों में से एक - भारत के स्थायी निवासी होने चाहिए।

आपने युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड में किसी एक पोस्टग्रेजुएट कोर्स में अध्ययन के लिए आवेदन जमा कर दिया है।

आपने यूजी डिग्री के सभी हिस्सों को पूरा कर लिया जो आपको युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड में पीजी कोर्स में प्रवेश पाने के योग्य बनाएंगे।

युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड द्वारा कराई गयी परीक्षा माध्यम के जरिए वित्तीय सहायता का मामला प्रदर्शित करें।

आपने पूर्व में यूके में डिग्री स्तर या उच्च स्तर की पढ़ाई नहीं की है या हाल में यूके में नहीं रहे।

आपने यूके में किसी अन्य स्रोत से अपने कोर्स की पढ़ाई हेतु कोई वित्तीय सहायता या वित्तपोषण प्राप्त नहीं किया है।

अंग्रेजी भाषा शर्त को पूरा करना होगा।

आप अपनी स्कालरशिप अवार्ड की समाप्ति के बाद न्यूनतम दो साल के लिए अपने मूल देश लौट जाएं

आपको अपने आवेदन में दिखाना होगा कि आपने जिस कोर्स के लिए आवेदन किया है आप उस क्षेत्र में प्रमाणित रूचि या कार्य अनुभव के साथ सक्रिय हैं।

आपको यूके से उच्च शिक्षा पूरी करने तथा अपने मूल देश में लौटने के बाद हासिल फायदों के जरिए क्षमता निर्माणन एवं सामाजिक-आर्थिक उन्नति में भावी योगदान करने की इच्छा प्रकट करनी होगी।


आपको अपने मूल देश से स्टेम में अन्य महिलाओं व लड़कियों को शामिल करने की लगन व योजना दिखानी होगी।

आप सहमत हैं कि स्कालरशिप के लिए आवेदन करने की शर्त के रूप में आपकी व्यक्तिगत जानकारी को ब्रिटिश कौंसिल को साझा किया जाता है।

यदि आपको स्कालरशिप प्रदान की जाती है, तो आप ब्रिटिश कौंसिल के साथ सबंध बनाए रखेंगे और यूके के राजदूत के रूप में काम करेंगे तथा स्टेम अलूमनस के हिस्से के रूप में होने वाली गतिविधियों में भाग लेंगे। यूके में अपनी पढ़ाई के दौरान इन गतिविधियों में आपकी संलिप्तता नियम अनुसार पांच घंटे से ज्यादा अवधि की नहीं होगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 1 मार्च, 2021।

# कोविड-19 : चुनौतियों से जूझती शिक्षा व्यवस्था



कोविड-19 फैलने के कुछ महीनों के बाद, विश्व बैंक ने घोषित किया कि महामारी के कारण 1.6 अरब से ज्यादा बच्चे और युवा प्रभावित हुए थे इनमें दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानो में पंजीकृत लगभग 80 प्रतिशत बच्चे आते हैं जो भारत समेत 161 देशों में स्कूल नहीं जा पाए।

साल 2020 का उत्तरार्द्ध जिस प्रकार सामने आया है उसे देखते हुए यह स्वाभाविक ही लगता है कि स्थिति अब और भी गंभीर हो गयी होगी। अप्रत्याशित महामारी एवं लंबी गयी तालाबंदी की स्थिति ने शिक्षा व्यवस्था के मामले में बेशुमार चुनौतियां पेश की हैं। हमारे देश में शिक्षा व्यवस्था की हालत देखते हुए, स्थिति भारत में और भी चिंताजनक बन जाती है।

एक प्रमुख चुनौती जो सुदूर शिक्षण की शुरूआत से सामने आयी वो थी छात्र समेत माता पिता एवं शिक्षकों के स्तर पर उचित उपकरणों तथा तकनीकी जानकारी का अभाव। अधिकांश संस्थानों ने तृतीय पक्ष उपयोगिता पर भारी भरोसा किया जिसमें कि वीडियो कार्फ्रेंसिंग कालिंग का प्रावधान था। हालांकि ये उपकरण आफिस मीटिंगों के लिए उपयोगी बनकर सामने आए, मगर वे शिक्षा के मामले में समस्या का समाधान करने में विफल रहे।

तकनीक समझदारी ने उपकरणों के प्रभावी उपयोग में बाधा का काम किया और समस्याओं को और ज्यादा बढ़ाया मजबूत इंटरनेट बैंडविडथ की कमी ने। इन गतिरोधों से निपटने का एक असरकारी तरीका है ऐसे उचित एडटेक मंच को अपनाना, जिसके पास कक्षाएं संचालित करने के लिए अपना सर्वर हो और जो किसी तीसरे पक्ष के उपकरणों पर निर्भर नहीं रहता हो। इससे न सिर्फ तकनीकी जटिलताओं में कमी आएगी बल्कि कम इंटरनेट स्पीड की आवश्यकता भी होगी।

कुछ विशेषज्ञों ने चिंताएं व्यक्त की हैं कि आनलाइन विषयक रणनीतियों पर निर्भरता बढ़ने से केवल आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों के बच्चों तक पहुंच बनेगी। हालांकि, यह चिंता हमारे इर्दगिर्द त्वरित गति से तकनीकी उन्नति होने से कम उपयोगी जान पड़ती है।

हालांकि ज्यादातर शिक्षा प्रदाताओं ने वीडियो ट्यूटोरियल्स जैसे लोकप्रिय माध्यमों पर जोर दिया है, मगर समय की आवश्यकता है कि पॉडकास्ट तथा उससे मिलते जुलते तरीकों का समावेश किया जाए जिसमें डाटा उपयोग भी कम होता है। आनलाइन रणनीति उपकरण ऐसा होना चाहिए कि यह असरकारी ढंग से समाज के सभी तबकों की पहुंच में आता हो।

### माइंड इट

प्रशासनिक स्तर पर, सरकारें और संस्थान शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु जीरो-रेट नीति पेश करने के लिए टेलीकॉम खिलाड़ियों के साथ काम करने का विकल्प तलाश रहे हैं। छात्र के परिवार से संबंधित कारक शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षक की योग्यता निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। घर पर जो होता है वो छात्र की सीखने की संभावना को प्रभावित करता है।

इनमें से कुछ कारकों में – गरीबी, घरेलू हिंसा की मौजूदगी जैसे हालात एवं माता पिता का अलग होगा- शामिल होते हैं। इन स्थितियों से निपटने के लिए, शिक्षकों एवं संस्थानों को माता पिता एवं अभिभावकों से संवाद बढ़ाने की आवश्यकता है। हालांकि माता पिता- शिक्षक बैठकों की निरंतरता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, मगर शिक्षकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे असरकारी ढंग से चिंताएं साझा करते हैं और माता पिता या अभिभावकों को छात्र के जीवन समेत उसकी पढ़ाई को प्रभावित करने वाले कारकों से अवगत कराते हैं। माता पिता को अपने स्तर पर उठाई गयी चिंता पर प्रतिउत्तर देने तथा असरकारी उपचारक समाधान निकालने की आवश्यकता है।

शिक्षा मॉडयूल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है मूल्यांकन एवं परीक्षाएं आयोजित करना। आनलाइन शिक्षण के संदर्भ में बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर छात्र का मूल्यांकन करना अधिक आसान होता है और यहीं पर अधिकांश एडटेक मंचों पर भरोसा करना होता है। हालांकि क्या यह छात्र की समझदारी या दक्षता को सुनिश्चित करने का असरकारी तरीका है ?

उत्तर है नहीं। वास्तविक शिक्षण को विषयगत मूल्यांकनों के जरिए मापा जा सकता है। साथ ही, इन मूल्यांकनों को जांचने हेतु एक असरकारी उपकरण को शिक्षकों की भी जरूरत होती है। शिक्षा व्यवस्था में मौजूद इस प्रमुख बाधा से निपटने के लिए, हम एक एडटेक मंच प्रदान करते हैं जो एक व्यापक मूल्यांकन प्रणाली से युक्त है जो सभी उपरोक्त चिंताओं का समाधान करता है।

– **लेखक देव रॉय, डिजीटल अरिस्टोट के संस्थापक हैं।**